CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 23°C

लखनऊ, रविवार 13 जुलाई 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 252 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 | 17 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अवैध धर्मांतरण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: योगी

पेज 2




केएल राहुल 100 रन पर आउट होने वाले 100वें टेस्ट बल्लेबाज

खेल टाइम्स



भारत छह लड़ाकू विमान खोने की बात माने: पाकिस्तान

पेज 11



सिद्धांत व तृप्ति की फिल्म धड़क 2 का ट्रेलर रिलीज

बॉलीवुड

## निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने पर जोर: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विनिर्माण क्षेत्र को भारत की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कहा है कि सरकार निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने पर भी जोर दे रही है। श्री मोदी ने शनिवार को यहां वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से रोजगार मेले में 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद यह बात कही। इन युवाओं को सरकार के विभिन्न विभागों और संगठनों में नियुक्त किया गया है। प्रधानमंत्री ने विनिर्माण क्षेत्र को देश की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कहा कि आज भारत की एक बहुत बड़ी ताकत हमारा मैन्युफेक्चरिंग सेक्टर है। मैन्युफेक्चरिंग में बहुत बड़ी संख्या में नई जॉब्स बन रही हैं। मैन्युफेक्चरिंग सेक्टर को गति देने के लिए इस वर्ष के बजट में मिशन मैन्युफेक्चरिंग की घोषणा की गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसे देखते हुए सरकार निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने पर अच्छा खासा जोर दे रही है।

## 1.18 करोड़ के इनामी 23 नक्सलियों का सामूहिक समर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में 2012 में सुकमा कलेक्टर एलेक्स पॉल मेनन को किडनैप करने वाले नक्सली समेत 1.18 करोड़ रुपये के 23 नक्सलियों ने शनिवार को सुरक्षा बल के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वालों में नौ महिला नक्सली भी शामिल हैं। इनमें से आठ नक्सली माओवादियों की सबसे खतरनाक पीएलजीए बटालियन नंबर-1 के सदस्य थे। नक्सली लोकेश उर्फ पोडियाम भीमा भी है, जिसने साल 2012 में सुकमा कलेक्टर एलेक्स पॉल मेनन का अपहरण कर लिया था। वहीं इनमें तीन दंपति भी हैं, जो हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्य धारा में लौट आए हैं। ये सभी नक्सली अलग-अलग मुठभेड़ों में सैकड़ों जवानों की हत्या में शामिल थे।

## अरुणाचल में रेप के आरोपी की थाने के बाहर हत्या

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश की लोअर दिबांग घाटी में असम के युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पूरी घटना रोइंग कस्बे के पुलिस स्टेशन के बाहर पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, युवक पर 20 से ज्यादा लड़कियों (नाबालिग शामिल) के रेप और यौन शोषण का आरोप था। कहा गया कि वो लड़कियों के हॉस्टल में जाकर पीड़ितों के साथ गलत करता था। मामले का खुलासा कुछ पीड़ित लड़कियों की पेट दर्द की शिकायत से हुआ। उन्होंने बताया कि आरोप हॉस्टल में आकर उनके साथ गलत काम करता था। पुलिस ने बताया कि आरोपी को थाने लाया गया था। तभी सैकड़ों लोगों की भीड़ थाने ने घुस आई और युवक को खींचकर बाहर ले गई और मारपीट की। पुलिस ने बताया कि गंभीर हालत युवक को अस्पताल ले जाया गया था। डाक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक युवक एक कंस्ट्रक्शन साइट पर काम करता था।

# जस्टिस वर्मा का हटना लगभग तय

## लोकसभा में आएगा प्रस्ताव, सांसदों के कराए जा रहे साइन, 21 से होगा मानसून सत्र शुरू

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ लोकसभा में महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए 100 सांसदों के साइन जरूरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व जज जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने के लिए केंद्र सरकार ने संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए लोकसभा सांसदों के साइन जुटाए जा रहे हैं।

एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक, कई सांसदों के दस्तखत लिए जा चुके हैं। इससे संकेत मिल रहा है कि प्रस्ताव लोकसभा में लाया जा सकता है। लोकसभा में महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए कम से कम 100 सांसदों के साइन जरूरी होते हैं। वहीं, राज्यसभा में यह संख्या 50 सांसदों की होती है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू पहले ही कह चुके हैं कि जस्टिस वर्मा को हटाने का प्रस्ताव 21 जुलाई से शुरू हो रहे मानसून सत्र में लाया जाएगा। जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास के स्टोर रूम में 14 मार्च की रात आग लग गई थी। यहां से 500-500 रुपये के जले नोटों के बंडलों से भरे बोरे मिले थे। जस्टिस वर्मा फिलहाल इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज हैं। दिल्ली हाईकोर्ट से उनका ट्रांसफर कर दिया गया था। हालांकि, उन्हें किसी भी तरह का न्यायिक कार्य सौंपने पर रोक है।

# वकील ईमानदारी व मानसिक स्वास्थ्य समावेशिता को बनाए रखें: सीजेआई



■ कहा: कानूनी पेशा चुनौती के साथ-साथ नेक व महत्वपूर्ण पेशा

**हैदराबाद।** मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने कानूनी बिरादरी से ईमानदारी बनाए रखने, बुनियादी सिद्धांतों पर अडिग रहने और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का आग्रह किया है।

न्यायमूर्ति गवई ने शनिवार को यहां नालसार विधि विश्वविद्यालय के 22वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में यह बात कही। इस दौरान उन्होंने 1998 में स्थापना के बाद से नालसार की यात्रा की प्रशंसा करते हुए संस्थान को दक्षिण एशिया में विधिक विद्वत्ता का एक प्रकाश स्तंभ बताया। न्यायमूर्ति गवई ने कानूनी पेशे की चुनौतियों के बारे में कहा कि यह नेक और महत्वपूर्ण पेशा है, लेकिन कभी आसान नहीं होता। आप अक्सर खुद से सवाल करेंगे और दबावों का सामना करेंगे, लेकिन आपका विश्वास, दृढ़ता और दृढ़निश्चयी रवैया आपको आगे बढ़ने में मदद करेगा। मानसिक स्वास्थ्य के अक्सर नज़रअंदाज़ किए जाने वाले मुद्दे पर उन्होंने इसे कानूनी दुनिया में बने रहने की एक ज़रूरी रणनीति बताया।

# ड्रीमलाइनर हादसा: चंद सेकंड की बेबसी और कम ऊंचाई बनी 271 मौतों का कारण

## पायलटों ने इंजन चालू किया, मात्र 625 फीट की ऊंचाई की वजह से हुआ क्रैश: रिपोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया की अहमदाबाद विमान दुर्घटना की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि उड़ान संख्या 171 के लंदन

**खुलासा**

के लिए उड़ान भरने के कुछ क्षण बाद ऊंचाई खो रहे उस विमान के एक पायलट ने देखा कि कॉकपिट में लगे ईंधन वाले दोनों स्विच बंद है।

पायलटों ने स्विच चालू कर दिए थे, लेकिन समय इतना कम था और विमान इतना नीचे गया था कि वह फिर ऊपर उठ नहीं पाया और नीचे एक छात्रावास से टकरा गया। दुर्घटना के एक माह बाद जारी एजेंसी भारतीय वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के अनुसार कॉकपिट संभाल रहे दोनों पायलटों में एक ने उन क्षणों में कहा था कि 'तुमने कट ऑफ क्यों किया', इस पर दूसरे का जवाब था- ' मैंने नहीं किया'! इस संवाद के बाद कुछ ही पल में -शेष पृष्ठ दो पर



### जांच में सहयोग जारी रहेगा: बोइंग

**नई दिल्ली।** अमेरिका की विमान विनिर्माता कंपनी बोइंग ने शनिवार को कहा कि वह अहमदाबाद विमान दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए चल रही जांच में मदद कर रही है और यह सहयोग जारी रहेगा। विमान विनिर्माता ने एक बयान में कहा कि वैश्विक विमानन उद्योग के स्थापित नियमों के अंतर्गत उसने फिलहाल जांच का काम भारत के विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) पर छोड़ रखा है, जो इस समय मुख्य जांच एजेंसी है।

### आरोप: पायलट की गलती साबित करने की हड़बड़ी

■ पायलट्स एसोसिएशन का दावा: रिपोर्ट लीक करने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** 12 जून को अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया के एआई171 पर विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो की प्रारंभिक रिपोर्ट पर एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने कई सवाल उठाते हुए गंभीर आरोप भी लगाए हैं।

एसोसिएशन ने कहा कि जांच का लहजा और जांच की दिशा पायलट की गलती की ओर झुकाव का संकेत दे रही है। हम इस धारणा को पूरी तरह से खारिज करते हैं। हम निष्पक्ष और तथ्य-आधारित जांच पर जोर देते हैं। बयान में आरोप लगाया गया कि एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट मीडिया को लीक की गई। एसोसिएशन को इस बात की चिंता है कि प्रारंभिक एएआईबी रिपोर्ट बिना किसी जिम्मेदार अधिकारी के हस्ताक्षर या जानकारी के मीडिया के साथ साझा की गई।

# कांवड़ मार्ग पर QR कोड दिखाने के फरमान को SC में चुनौती

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकार के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकानदारों को मालिकों की जानकारी हासिल करने के लिए कथित तौर पर 'क्यूआर कोड' प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं।

इस वर्ष 'कांवड़ यात्रा 11 जुलाई से नौ अगस्त के बीच निर्धारित है। प्रो. अपूर्वानंद झा की ओर से दायर इस रिट याचिका में दलील देते हुए कहा गया है कि निर्देश शीर्ष अदालत के 2024 के एक आदेश के खिलाफ है। अदालत ने अपने आदेश में कहा था कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर विक्रेताओं को अपनी पहचान उजागर करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। ऐसा निर्देश संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 17, 19 और 21 का उल्लंघन है। उन्होंने अपनी याचिका में कुछ मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए दावा किया कि कांवड़ मार्ग पर सभी भोजनालयों को क्यूआर कोड प्रदर्शित करना अनिवार्य है, जो ग्राहकों को स्वामित्व संबंधी जानकारी हासिल करने की अनुमति देते हैं। प्रो. झा की याचिका में तर्क दिया गया है कि क्यूआर कोड संबंधी निर्देश डिजिटल माध्यमों से असंवैधानिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए जानबूझकर शीर्ष अदालत के निर्देशों का उल्लंघन करते हैं। याचिका में कहा कि जब तक यह अदालत प्रतिवादियों को इस अप्रत्यक्ष कार्यान्वयन को जारी रखने से रोकने के लिए तत्काल निर्देश जारी नहीं करती, तब तक प्रभावित विक्रेताओं, विशेष रूप से अल्पसंख्यक समुदायों के मौलिक अधिकारों को अपूरणीय क्षति पहुंचने का गंभीर और खतरा मंडराता रहेगा।



## उप्र: चित्रकूट में बाढ़, सड़कों पर तीन से पांच फीट पानी

■ हिमाचल में लैंडस्लाइड, 250 सड़कें बंद

**नई दिल्ली।** उप्र के चित्रकूट में तेज बारिश जारी है। यहां मंदाकिनी नदी उफान पर है। तेज बारिश के कारण सड़कों पर 3 से 5 फीट तक पानी भर गया है।

ड्रोन फुटेज में शहर के मुख्य इलाकों में केवल पानी ही पानी नजर आ रहा है। यहां रामघाट पर बने पुल के ऊपर से पानी बह रहा है। 30 फीट ऊंचा फुट ओवर ब्रिज डूब चुका है। घर, स्कूल, मंदिर, होटल, घाट, दुकानें, पुल सब पानी में डूबे हुए हैं। कानपुर में तेज बारिश से रेलवे ट्रैक धंस गया। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के पंडोह डैम के पास कैंची मोड़ पर लैंडस्लाइड हुआ। चंडीगढ़- मनाली नेशनल हाईवे दोनों ओर से बंद हो गया।

## राहुल की ब्रिटिश नागरिकता पर पुनर्विचार याचिका दाखिल

**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की कथित ब्रिटिश नागरिकता मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ में शुक्रवार को एक पुनर्विचार याचिका दाखिल की गई है। याची एस. विग्नेश शिशिर के अनुसार उन्होंने शुक्रवार को उक्त पुनर्विचार याचिका दाखिल की है, जिसमें लंदन, वियतनाम और उज्बेकिस्तान के वीडियो सहित अन्य साक्ष्य भी दाखिल किए हैं।

## दिल्ली में इमारत गिरी, दो लोगों की मौत, आठ घायल

■ मरने वाले दोनों पति-पत्नी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के वेलकम इलाके में एक इमारत गिरने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ अन्य घायल हो गए।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि वेलकम थाने की पुलिस को एक चार मंजिला इमारत गिरने की सूचना मिली। पुलिस के साथ दमकल कर्मी और अन्य एजेंसी के कर्मी मौके पर पहुंचे। घटना स्थल से आठ घायल लोगों को निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से सात लोगों को जेपीसी अस्पताल में जबकि एक को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस हादसे में मारे गए लोगों की पहचान मतलूब (50) और उसकी पत्नी राबिया (46) के रूप में हुई है।

# इसरो के मानव अंतरिक्ष अभियान की तैयारी तेज

चेन्नई, वार्ता

■ गगनयान की उड़ान के लिए इंजन तैयार, मिशन एबार्ट का परीक्षण सफल



**भारतीय अंतरिक्ष** अनुसंधान संगठन (इसरो) ने योग्यता परीक्षण कार्यक्रम के पूरा होने के साथ ही गगनयान मिशन के लिए सर्विस मॉड्यूल प्रोपल्शन सिस्टम (एसएमपीएस) का विकास सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

एसएम आधारित मिशन निरस्तीकरण की उड़ान ऑफ- नॉमिनल मिशन प्रोफ़ाइल के लिए एसएमपीएस के एकीकृत प्रदर्शन को मान्य करने के लिए 350 सेकंड के लिए एसएमपीएस का पूर्ण अवधि का हॉट टेस्ट 11 जुलाई को किया गया। इसरो ने शनिवार को बताया कि हॉट टेस्ट के दौरान प्रणोदन प्रणाली का समग्र प्रदर्शन पूर्व-परीक्षण पूर्वानुमानों के अनुसार सामान्य था। गगनयान का सर्विस मॉड्यूल (एसएम) एक विनियमित द्वि-प्रणोदक आधारित प्रणोदन प्रणाली है, जो आरोहण चरण के दौरान कक्षा वृत्ताकारीकरण, ऑन-ऑर्बिट नियंत्रण, डी-बूस्ट पैंतरेबाज़ी और सर्विस मॉड्यूल आधारित निरस्तीकरण के लिए कक्षीय मॉड्यूल की आवश्यकताओं को पूरा करता है। द्रव अपोजी मोटर (एलएएम) इंजन कक्षा वृत्ताकारीकरण और डी-बूस्ट चरणों के दौरान मुख्य प्रणोदक बल प्रदान करते हैं, जबकि प्रतिक्रिया नियंत्रण प्रणाली (आरसीएस) थ्रस्टर्स सटीक रवैया नियंत्रण सुनिश्चित करते हैं। सर्विस मॉड्यूल प्रोपल्शन सिस्टम के द्रव परिपथ का अनुकरण करते हुए एक सिस्टम प्रदर्शन मॉडल (एसडीएम) परीक्षण केंद्र तैयार किया गया, जिसमें प्रणोदक टैंक फीड सिस्टम, हीलियम दाब प्रणाली, उड़ान-योग्य थ्रस्टर्स और नियंत्रण घटक शामिल हैं।

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है।
इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं।
इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं।
यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- आंखे पथराना
- मुट्ठियां कसना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- मुंह से झाग निकलना
- अचानक झटका-सा लगना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- घें-घें-आँ-आँ की आवाज आना
अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S.(U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S.(U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो. : 9997411423, 9358348826
नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी से मिले माझी ओड़िशा में विकास कार्यों पर चर्चा की

**नई दिल्ली।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने शनिवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर राज्य में विकास परियोजनाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट की। मुलाक.ात के बाद माझी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी से मिलकर विभिन्न विकास कार्यों और केन्द्र-राज्य समन्वय पर महत्वपूर्ण चर्चा की। माझी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि आज मुझे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। ओडिशा के विकास के लिए उनकी प्रेरणा और अटूट सहयोग के लिए मैं आभारी हूं। इस अवसर पर ओडिशा के विभिन्न विकास कार्यों, भावी कार्य योजनाओं, केंद्र-राज्य समन्वय और राज्य के समग्र विकास को गति देने पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई।

### जम्मू-कश्मीर के विद्यालयों के समय में किया बदलाव

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने शनिवार को बेहतर मौसम व छात्रों तथा अभिभावकों से मिली प्रतिक्रियाओं का हवाला देते हुए सोमवार से स्कूलों के समय में बदलाव की घोषणा की। नई समय सारणी के अनुसार सभी जिलों में नगरपालिका सीमा में स्थित स्कूलों के लिए समय सुबह 7:30 बजे से 11:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक से 12वीं कक्षा तक सभी कक्षाओं के लिए स्कूल का समय सुबह आठ बजे से अपराह्न 12 बजे तक निर्धारित किया गया है। प्रदेश की शिक्षा मंत्री सकीना इटू ने कहा कि हाल ही में हुई बारिश और राहत को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है।

# भाजपा सरकार जानबूझ कर बिजली व्यवस्था खराब कर रही है: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि बिजली के निजीकरण पर उतारु भारतीय जनता पार्टी सरकार जानबूझ कर बिजली व्यवस्था को खराब कर रही है।

यादव ने यहां जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार जानबूझकर बिजली व्यवस्था खराब कर रही है। सरकार बिजली विभाग को निजी हाथों में बेचने की तैयारी कर रही हैं। भाजपा की दिल्ली की सरकार हो या उत्तर प्रदेश की सरकार दोनों सब कुछ बेचने पर उतारू है। भाजपा ने बिजली मंत्री इसीलिए बनाया है, जिससे विभाग अपने करीबियों को बेचना आसान हो जाय। भाजपा सरकार ने बिजली व्यवस्था सुधारने और उत्पादन बघने के लिए कोई काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि सरकार बिजली की खराब स्थिति का ठीकरा कर्मचारियों के सिरफोघ कर निजीकरण करने की जमीन तैयार कर चुकी है। उत्तर प्रदेश में आज जनता को जो भी बिजली मिल रही है। वह समाजवादी सरकार में लगाए गए। पावर प्लांटों से मिल रही है। समा.जवादी सरकार में एटा, कानपुर देहात, ललितपुर, पनकी, समेत कई जिलों में पावर प्लांट लगाए लेकिन भाजपा सरकार ने बिजली उत्पादन और आगे बघने के लिए कोई काम नहीं किया। भाजपा सब कुछ निजीकरण कर नौकरी और आरक्षण खत्म करना चाहती है। यादव ने कहा कि भाजपा राज में जेनरेशन, ट्रांसमिशन या डिस्ट्रीब्यूशन किसी में कोई तरक्की नहीं हुई है। भाजपा सरकार नौ साल के कार्यकाल में एक भी यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं बढ़ाया है। केवल बिजली का बिल बढ़ाया है।

# कांवड़ यात्रा के मद्देनजर उप्र के डीजीपी सख्त

## ढाबा संचालक ऐसा कोई काम न करें, जिससे भावनाएं आहत हों: राजीव कृष्ण

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पुलिस महा.निदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने कांवड़ यात्रा के मद्देनजर यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले ढाबा संचालकों से अपील की है कि वह खान पान में अशुद्धि अथवा मिलावट जैसा ऐसा कोई काम न करें, जिससे धार्मिक भावनाओं को चोट पहुंचती हो।

कृष्ण ने शनिवार को यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि आगरा, बरेली, मेरठ, प्रयागराज जोन में कांवड़ यात्रा को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं। पवित्र श्रावण मास में कांवघ यात्रियों के जल अर्पण की प्रक्रिया जारी है। इस दौरान सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए हैं। इस संबंध में सीमावर्ती दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान के अधिकारियों के साथ बैठक कर आपसी समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रियों के लिए ढाबों में शुद्ध शाकाहारी भोजन परोसने की अपील की गई है और इसकी निगरानी के लिए फूड सेफ्टी की अधिकृत एजेंसी के अफसर तैनात किए हैं, जबकि पुलिस समन्वय और सहयोग के लिए तैनात है।

उन्होंने कहा कि खाने पीने की चीजों में किसी भी प्रकार की मिलावट की कोई जानकारी सम्बंधित अधिकारियों को दी जा सकती है। उन्होंने ढाबा संचालकों से अपील की कि घबा संचालक ऐसा कोई काम न करें, जिससे भावनाएं आहत हो। डीजीपी ने कहा कि कांवड़ यात्रा के लिए मेरठ जोन में ट्रैफिक स्कीम लागू है, वहीं विभिन्न घाटों पर पुलिस के गोताखोर लगाए गए हैं। कांवड़ यात्रा मार्ग की निगरानी सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के जरिए की जा रही है। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का भी प्रयोग किया जा रहा है। यात्रा मार्ग के हर एक किमी पर पुलिस के जवान पेट्रोलिंग कर रहे हैं।

संवेदनशील इलाकों में चौकी बनाई गई। उन्होंने कहा कि हादसों से बचने के लिए डीजे की हाइट और साउंड के लिए नियम बनाए गए हैं, जिसका पालन करना होगा। अवैध धर्मांतरण को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि धर्मांतरण के इनपुट के आधार पे कार्रवाई हो रही है। जो भी लॉ एंड ऑर्डर के खिलाफ काम करेगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वैसे धर्मांतरण मामले में एटीएस जांच कर रही है।

## देश और समाज के खिलाफ अवैध धर्मांतरण गहरी साजिश

# अवैध धर्मांतरण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: योगी

शाह टाइमस ब्यूरो



■ कुछ ताकतें योजनाबद्ध तरीके से देश के स्वरूप को बदलने की कोशिश कर रही: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अवैध धर्मांतरण देश और समाज के खिलाफ गहरी साजिश है जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अपने सरकारी आवास पर श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज के 350 वें शहीदी वर्ष को समर्पित श्री तेग बहादुर संदेश यात्रा के दौरान योगी ने शनिवार को कहा कि कुछ ताकतें योजनाबद्ध तरीके से देश के स्वरूप को बदलने की कोशिश कर रही हैं। यह समाज को तोड़ने और धार्मिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाने की साजिश है। ऐसी गतिविधियों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। यह देश और समाज के खिलाफ गहरी साजिश है। अनुसूचित जाति के लोगों को लालच और भय के जरिए धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया जा रहा है, जो संविधान और सामाजिक समरसता के खिलाफ है। योगी आदित्यनाथ ने श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी वर्ष को समर्पित श्री तेग बहादुर संदेश यात्रा का सरकारी आवास पर स्वागत और सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने संदेश यात्रा का फूल बरसाकर स्वागत किया। यहीं से संदेश यात्रा का शुभारंभ हुआ। संदेश यात्रा लखनऊ से चलकर कानपुर, इटावा, आगरा होकर दिल्ली के चांदनी चौक और शीशगंज गुरुद्वारा तक जाएगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में कहा कि प्रदेश सरकार अवैध धर्मांतरण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने हाल ही में बलरामपुर में एक बड़ी कार्रवाई की है, जिसमें अवैध धर्मांतरण को बढ़ावा देने के लिए विदेशों से धन राशि प्राप्त करने वाले एक नेटवर्क का पर्दाफाश किया गया। इस कार्रवाई में अवैध धर्मांतरण के लिए रेट तय करने के मामले को उजागर किया गया और अब तक 40 खातों में 100 करोड़ से अधिक का लेन-देन पाया गया है। यह आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा दोनों के लिए गंभीर खतरा है। योगी ने कहा कि आज एक ऐतिहासिक कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसमें उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से दिल्ली तक एक संदेश यात्रा शुरू की गई। इस यात्रा का उद्देश्य गुरु तेग बहादुर जी महाराज की शहादत को याद करना था, जिन्होंने सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपनी जान दी थी। यात्रा दिल्ली के उस ऐतिहासिक गुरुद्वारे तक जाएगी, जहां गुरु तेग बहादुर जी ने अपना बलिदान दिया था।

### किसानों की समृद्धि के बिना खुशहाली असंभव

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है, जहां किसान की समृद्धि के बिना खुशहाली नहीं आ सकती। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 'भारत में पशु नस्लों का विकास' कार्यशाला का शुभारंभ के अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत में कृषि व पशुधन एक-दूसरे से जुड़े रहे हैं। अन्नदाता किसान के घर में पशुधन होगा और पशुपालक भी खेतीबाड़ी से अवश्य जुड़ा होगा। इनके आपसी संबंध को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्ष में किसानों की खुशहाली व समृद्धि के लिए बढ़ाए गए कदम अत्यंत महत्वपूर्ण व सराहनीय हैं। मोदी की प्रेरणा से यूपी में भी इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाए गए हैं। डबल इंजन सरकार की ऊर्जा का लाभ यूपी ने लिया है। यूपी दुग्ध उत्पादन में देश में नंबर एक पर है। उन्होंने गोरखपुर के कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण संस्थान तथा पशुपालन अवसंरचना विकास निधि के तहत यूपी में तीन प्रोजेक्ट (अमेठी, बरेली व मथुरा) का बटन दबाकर उद्घाटन किया।

# निमिषा प्रिया मामले में हस्तक्षेप करें मोदी

नई दिल्ली, वार्ता



■ कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर आग्रह किया

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यमन में फांसी की सजा सुनाई गई केरल की नर्स निमिषा प्रिया के मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह किया है।

केरल निवासी नर्स निमिषा प्रिया को यमन में एक व्यक्ति की हत्या के आरोप में 16 जुलाई को मौत की सजा दी जानी है। वेणुगोपाल ने मोदी को शनिवार को लिखे पत्र में निमिषा प्रिया के मामले में तत्काल हस्तक्षेप करके उसे मौत की सजा से बचाने का अनुरोध किया है। वेणुगोपाल ने पत्र में लिखा, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आप इस मामले को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ लेते हुए तत्काल हस्तक्षेप करें और यमन के अधिकारियों से संपर्क कर सभी संभव राजनयिक उपाय करवाएंतथा निमिषा की मौत की सज़ा रद्द कराएं। भारत सरकार की ओर से हालांकि निमिषा प्रिया को बचाने की कोशिशें जारी हैं, लेकिन पीड़ित महदी परिवार धन लेकर निमिषा को माफ करने को तैयार नहीं है। गौरतलब है कि निमिषा प्रिया पर यमन में अपने क्लीनिक साझेदार एवं स्थानीय व्यापारी तलाल अब्दो महदी को नशीला इंजेक्शन देने का आरोप है। नशीला इंजेक्शन देने के बाद महदी की मौत हो गई थी।



सेंसेक्स 83625.89
निफ्टी 25424.35



सोना रु. 96085
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 107500
प्रति किलो



# पर्यटन क्षेत्र का अर्थव्यवस्था में योगदान तीन से चार गुना तक संभव

लखनऊ, वार्ता



केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन क्षेत्र के विकास से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन में बढ़ती दिलचस्पी के चलते उम्मीद जाई जा रही है कि आने वाले कुछ वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था में योगदान के मामले में विकसित देशों की बराबरी करेगा।

पर्यटन मंत्रालय के मुताबिक 2023 में 1.88 करोड़ विदेशी पर्यटक भारत आए। घरेलू स्तर पर 250 करोड़ पर्यटकों ने यात्रा की। कुंभ के दौरान जिस तरह से भीड़ उमड़ी है, उसे देखते हुए उत्तर भारत के सांस्कृतिक और धार्मिक शहरों में आने वाले समय में ज्यादा पर्यटकों के आने की उम्मीद है। इसका सर्वाधिक लाभ भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण भोलेनाथ, बुद्ध और गुरु गोरक्षनाथ की धरती उत्तर प्रदेश को मिलेगा। यूं भी कुछ वर्षों से घरेलू पर्यटकों के लिहाज से उत्तर प्रदेश देश में लगातार पहले पायदान पर है। एसोसिएशन ऑफ इंडिया की (2024) रिपोर्ट के अनुसार देश में पर्यटकों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर अगले पांच से सात वर्षों में हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में कुल सृजित रोजगार का करीब 10 फीसद योगदान होगा। तब जीडीपी में हॉस्पिटैलिटी सेक्टर का योगदान बढ़कर करीब 8 फीसद हो जाएगा। पिछले दो वर्षों में इस सेक्टर में भर्तियों की संख्या में करीब ढाई गुना से अधिक वृद्धि हुई है। इस वृद्धि में सर्वाधिक योगदान धार्मिक पर्यटन का होगा। पंजाब, हरियाणा और दिल्ली चैंबर ऑफ कॉमर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 60 फीसद से अधिक यात्राएं धार्मिक स्थलों की होती हैं। वैश्विक धार्मिक पर्यटन का बाजार 2032 तक दो अरब डॉलर से अधिक का होगा। चूंकि भारत एक धार्मिक देश है और उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक धार्मिक स्थल हैं, लिहाजा धार्मिक पर्यटन का सबसे अधिक लाभ भारत को और भारत में उत्तर प्रदेश को होगा। उत्तर प्रदेश को यह लाभ मिलने भी लगा है। प्रयागराज महाकुंभ में देश-दुनिया के 66 करोड़ से अधिक लोग आए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बनने के पहले साल में औसतन 50 लाख लोग आते थे।

अब यह संख्या बढ़कर 6 करोड़ तक पहुंच गई है। इसी तरह जिस अयोध्या में 2016 में मात्र 2-83 लाख पर्यटक/श्रद्धालु आए थे वहां सितंबर 2024 तक 13-44 करोड़ पर्यटक/श्रद्धालु आ चुके थे। महाकुंभ के उलट प्रवाह के बाद तो कई रिकॉर्ड टूट गए। कमोबेश यही स्थिति मिर्जापुर स्थित मां विध्यवासिनी धाम, राम को प्रिय चित्रकूट, और राधा कृष्ण की लीला क्षेत्र मथुरा, वृंदावन, बरसाना, नंदग्राम, गोकुल और गोवर्धन की भी है।

घरेलू पर्यटकों की बढ़ती संख्या के कारण अगले सात साल में होटलों में 10 लाख रूम की जरूरत होगी। इससे 35 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिल सकता है। इसमें 15-20 लाख नौकरियां छोटे शहरों में होगी, क्योंकि इन्हीं शहरों में फाइव स्टार होटल अपनी विस्तार की योजना बना रहे हैं। आईटीसी मौर्या नई दिल्ली में वैंक्वेट मैनेजर रहे भव्य मल्होत्रा के मुताबिक प्रति कमरा, तीन सर्विस प्रोवाइडर किसी अच्छे होटल के लिए आदर्श स्थिति होती है। इसमें फ्रंट ऑफिस, हाउस कीपिग, फूड एंड बेव.रेज, लाउंड्री, फाइनेंस, एचआर, हॉर्टिकल्चर, सेल्स आदि विभाग होते हैं। अगर प्रॉपर्टी छोटी है तो कुछ विभाग न होने से सर्विस प्रोवाइडर्स की संख्या कुछ कम हो सकती है। पर, प्रति कमरा दो कर्मचारी तो होने ही चाहिए। इससे कम होने पर आप अपने ग्राहकों को संतोषजनक सेवा नहीं दे पाएंगे।

# दालों और तेलों में रहा गिरावट का रुख

नई दिल्ली, वार्ता

■ चावल में तेजी दिखी, गेहूं में पांच रुपये क्विंटल तक की नरमी दर्ज हुई, चना 44 रुपये टूटा

स्थानीय जिंस बाजार में साप्ताहिक कारोबार के अंतिम दिन दालों और तेलों में कुल मिला कर गिरावट का रुख देखा गया। मलेशिया में पाम ऑयल वायदा में पिछले कुछ दिनों की लगातार तेजी के बाद अब प्रतिरोध की रिपोर्ट आ रही रही हैं। जबकि अमेरिका में तेल सोया में शुक्रवार को तेजी बनी हुई थी।

बावजूद इसके शनिवार को स्थानीय खाद्य तेल बाजार में तेल मूंगफली, वनस्पति और सरसों तेल में तेज गिरावट दिखी। मूंगफली तेल में मांग के समर्थन के अभाव और अच्छे स्टॉक की स्थिति के बीच प्रति क्विंटल 238 रुपये तक की गिरावट दर्ज की गई, जबकि तेल सरसों 48 और वनस्पति 81 रुपये नीचे आ गया। तेल सोया, सूरजमुखी और पाम आयल में भी हल्की से औसत दर्जे की गिरावट रही। स्टॉक और मांग के अंतर के बीच चावल में तेजी दिखी। इसके विपरीत गेहूं में पांच रुपये क्विंटल तक की नरमी दिखी। आज दालों में भी उठाव कम होने से गिरावट का रुख देखा गया। दलहन बाजार में चना 44 रुपये टूट गया, जबकि तुअर दाल का भाव 69 रुपये तक गिर कर बोला गया। उड़द और मसूर दाल में क्रमश: 71 और 34 रुपये की गिरावट दर्ज की गई। दाल मूंग के भाव हल्की तीन रुपये की तेजी के साथ करीब करीब पिछले स्तर पर रहे। गुड़-चीनी : बाजार में गुड़ के औसत भाव में औसतन 10 रुपये की तेजी दर्ज की गई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : दाल चना 7826-7782, मसूर काली 8042 -8008, मूंग दाल 10147-110150, उड़द दाल 10546-10515, अरहर दाल 11060-10990 रुपये प्रति क्विटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2822 रुपये और चावल 3858 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4284-64 और गुड़ 4893 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 16797-11 रुपये, मूंगफली तेल 17613-42 रुपये, सूरजमुखी तेल 15251-2 रुपये, सोया रिफाइंड 13703- 41 रुपये, पाम ऑयल 12195-42 रुपये और वनस्पति तेल 14434-41 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**अहमदाबाद विमान....**

सब कुछ समाप्त हो गया था। यहां 'कट ऑफ' से मतलब विमान के दोनों इंजनों को ईंधन की आपूर्ति करने वाली प्रणाली को चालू और बंद करने के लिए कॉकपिट में लगे दोनों स्विच बंद होने से था। पहले पायलट के प्रश्न के उत्तर में दूसरे का कहना था कि उसने स्विच बंद नहीं किए थे।

एएबीआई की अंतरिम रिपोर्ट के अनुसार पायलटों ने विमान को बचाने का बहादुरी से प्रयास किया। ईंधन कटौती के 10-14 सेकंड के भीतर, उन्होंने दोनों ईंधन स्विच को वापस 'रन' की स्थिति में किया। रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि विमान के दोनों इंजनों ने स्वचालित रूप से पुन: आरंभ करना शुरू कर दिया, इंजन 1 में सुधार के संकेत दिखाई दिए और इंजन 2 के फिर से प्रज्वलित होने की प्रकिया होने लगी थी, लेकिन अपर्याप्त समय और कम ऊंचाई के कारण विमान को टक्कर से नहीं बचाया जा सका। रिपोर्ट का कहना है कि जब विमान के इंजनों ने काम करना बंद किया था उस समय वह केवल 625 फुट ऊपर था और इंजन पुन: आरंभ करने की प्रक्रिया में 29 सेकंड से कहीं अधिक समय लगता था। आज के जेट इंजन उड़ान के दौरान पुन: चालू हो जाते हैं, लेकिन इसमें कई मिनट लग जाते हैं और इसके लिए विमान अधिक ऊंचाई पर होना चाहिए। अंतरिम जांच रिपोर्ट के अनुसार गत 12 जून को अहमदाबाद से उड़े बोइंग बी787-8 ड्रीमलाइनर विमान ने पूरी गति और शक्ति से हवाई पट्टी से उड़ान भरी थी, लेकिन कुछ ही क्षण में ही विमान के दोनों इंजनों को तेल मिलना बंद हो गया था और तेल न मिलने से विमान तेजी से ऊंचाई खोने लगा और एक मेडिकल कॉलेज के छात्रावास भवन से जा टकराया। रिपोर्ट के अनुसार ईंधन प्रणाली के दोनों स्विच सेकंड भर के अंतर में बंद हुए थे। इस दुर्घटना में विमान के यात्री को छोड़ कर चालक दल सहित उसमें बैठे सभी व्यक्तियों और छात्रावास भवन के कुछ लोगों सहित 271 लोगों की मौत हो गई थी। इस रिपोर्ट के आने के तुरंत बाद अमे.रिका विमान विनिर्माता बोइंग ने एक बयान में कहा कि वह जांच में सहयोग जारी रखेगी। एएआईबी की 15 पृष्ठ की इस रिपोर्ट में उड़ान भरने के 90 सेकंड के समय के भयावह घटनाक्रम का विवरण प्रस्तुत है, जो उसके ब्लैक बॉक्स के रिकॉर्ड की जांच से सामने आया है। रिपोर्ट के मुताबिक विमान के शुरू में ऊंचाई पकड़ने के बाद दोनों इंजन अप्रत्याशित रूप से बंद हो गए, जिससे विमान को इंजन से मिलने वाला प्रणोदक बल बहुत कम हो गया और विमान तेज़ी से नीचे आने लगा। ब्यूरो ने कहा है कि डाउनलोड किए गए उड़ान डेटा में लगभग 49 घंटे का उड़ान डेटा और छह उड़ानों की जानकारी शामिल थीं, जिनमें घटना वाली उड़ान भी शामिल थी। प्राप्त ऑडियो दो घंटे लंबा था और उसमें पूरी घटना रिकॉर्ड हो गई। विमान के एन्हांस्ड एयरबोर्न फ्लाइट रिकॉर्डर (ईएआरएफ) के डाटा के विश्लेषण से पता चला कि दोनों इंजनों के ईंधन कटऑफ में लगे स्विच विमान के उड़ने के कुछ ही क्षणों बाद, एक सेकंड के अंतराल पर, अनजाने में 'रन' (चालू) से कट-ऑफ (बंद मोड) पर चले गए थे। एक पायलट को दूसरे से पूछते हुए सुना गया, 'तुमने कटऑफ क्यों किया?' जिस पर जवाब था, 'मैंने नहीं किया।' 'पायलटों ने दोनों ईंधन-स्विच चालू कर दिए थे, लेकिन समय नहीं बचा था, विमान की ऊंचाई भी कम थी।' एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई171 (अहमदाबाद-लंदन) का संचालन प्रथम अधिकारी पीएफ (पायलट फ्लाइट) क्लाइव कुंदर और कॉकपिट से उड़ान का प्रबंधन पायलट मॉनिटरिंग (पीएम) कैप्टन सुमित सभरवाल कर रहे थे। उड़ान के दौरान वरिष्ठ कैप्टन उड़ान की निगरानी और प्रबंधन करता है। रिपोर्ट में ईंधन स्विच बंद होने से संबंधित कॉकपिट में हुई बातचीत का केवल संक्षिप्त विवरण दिया गया है। इसमें यह नहीं बताया गया है कि अमुक बात किसने की। एएआईबी के अनुसार एक पायलट को दूसरे से यह पूछते हुए सुना गया कि तुमने कटौती क्यों की। दूसरे पायलट ने जवाब दिया कि मैंने ऐसा नहीं किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस विमान (वीटी-एएनबी) के रखरखाव का रिकॉर्ड साफ़-सुथरा था और 2023 से इसके ईंधन नियंत्रण स्विच में कोई खराबी दर्ज नहीं की गई थी। बाराबर इसके सभी आवश्यक निरीक्षण किए जा रहे थे, और विमान विविधिवत उड़ान योग्य प्रमाणित था। इस मामले में हालांकि एक विचारणीय प्रश्न उठ रहा है कि जब अमेरिकी संघीय उड्डयन एजेंसी ने 787 मॉडल सहित बोइंग विमानों पर ईंधन नियंत्रण स्विच लॉकिंग तंत्र से जुड़ी संभावित समस्याओं के संबंध में विशेष उड़ान योग्यता सूचना बुलेटिन संख्या एनएच-18-33 वर्ष 2018 में जारी किया था, तो उसके संदर्भ में इस विमान को लेकर क्या सावधानी बरती गई। यह बुलेटिन उन रिपोर्टों के बाद जारी किया गया था जिनमें कहा गया था कि बोइंग 737 विमानों पर ईंधन नियंत्रण स्विच बिना लॉकिंग सुविधाओं के लगाए गए थे। वह बुलेटिन अनिवार्य निर्देश नहीं बल्कि केवल एक परामर्श था। एयरलाइन ने विमान के थ्रॉटल कंट्रोल मॉड्यूल को 2019 और 2023 में बदला था, लेकिन यह काम ईंधन स्विच समस्याओं से संबंधित नहीं थे। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि एयर इंडिया ने अमेरिकी उड्डयन एजेंसी के बुलेटिन को आधार बना कर काई निरीक्षण नहीं किया। एएआईबी प्राथमिक रिपोर्ट में इस बाद को विशेष रूप से लिखा कि यह रिपोर्ट प्रारंभिक है और इसमें परिवर्तन हो सकता है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# मासूम को तालिबानी स्टाइल में रस्सियों से बांधकर पीटा, वीडियो वायरल

शाह टाइम्स संवाददाता

**गोंडा।** जिले के नवाबगंज कस्बे के पहलवान वीर बाबा मंदिर पर चोरी के आरोप में एक 10 वर्षीय मासूम को रस्सियों में बाधं कर पीटने का मामला सामने आया है। इस तालिबानी घटनाक्रम से संबंधित फोटो-वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि दैनिक भास्कर वीडियो की प्रमाणिकता की पुष्टि नहीं करता है।

मिली जानकारी के मुताबिक कस्बे के पहलवान वीर बाबा मंदिर के हनुमान तिवारी की हार्डवेयर एवं किराने की दुकान है। शनिवार की सुबह करीब 9 बजे वह दुकान खुली छोडकर बगल में ही किसी काम से गये थे। हनुमान तिवारी के अनुसार इसी बीच एक बच्चा उनकी दुकान में घुसकर गल्ले से पैसे चुराकर भाग रहा था जिसे हनुमान ने पकड़ लिया।

### पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध दर्ज किया केस

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुकानदार ने पहले तो उस बच्चे को थप्पड़ों से पीटा लेकिन फिर भी दुकानदार का मन नहीं भरा तो मासूम बच्चे को रस्सियों में बाधं दिया। बच्चे को रस्सियों में बंधा देखकर लोगों की भीड़ लग गई। एक तरफ रस्सियों में बंधा मासूम रो रहा था तो दूसरी तरफ मानवता का गला घोंट कर लोग उसका फोटो वीडियो बना रहे थे। उसका नाम मोनू है और उसकी उम्र 10 वर्ष है। वह तरबगंज थाना क्षेत्र के सेझिया गांव के पंडित पुरवा निवासी मोहन का लड़का है। शनिवार को वह टैक्सी से नवाबगंज घूमने आया था।

वहीं घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की पीआरवी 5651 से उपनिरीक्षक श्याम सुन्दर मौके पर पंहुचे और बच्चे को सुपुर्द करने



के लिए कहा तो दुकानदार बच्चे को रस्सियों सहित पीआरवी तक लेकर गया लेकिन पुलिस को नहीं सुपुर्द किया। दुकानदार ने कहा कि शाम तक जब इसके माता पिता आयेंगे तब छोड़ूंगा। वहीं जब घटना की जानकारी थाना अध्यक्ष अभय सिंह को हुई तो उन्होंने तत्काल बच्चे को पुलिस संरक्षण में ले लिया। उन्होंने बताया कि बच्चे को संरक्षण में लेकर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है व आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई लोगों ने दुकानदार से बच्चे को छोड़ देने के लिए दुकानदार से अनुरोध किया लेकिन रसूख के नशे में चूर दुकानदार ने मना कर दिया।

# लखनऊ एयरपोर्ट की सुरक्षा को लेकर हुआ मंथन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी स्थित चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की सुरक्षा को लेकर एक उच्चस्तरीय बैठक में कई चिंताएं सामने आईं और व्यापक उपायों पर सहमति बनी। मंडलायुक्त रोशन जैकब की अध्यक्षता में और सीसीएसआईए प्रमुख दर्शन सिंह के संचालन में आयोजित इस बैठक में एयरपोर्ट के आसपास की पर्यावरणीय व तकनीकी सुरक्षा को लेकर विशेष मंथन किया गया। सबसे अहम चिंता का विषय रनवे के आसपास उड़ती पतंगें, लेजर लाइट की चमक और अनधिकृत मांस की दुकानों से उपजे पक्षियों का जमावड़ा रहा, जो विमानों की उड़ान में गंभीर व्यवधान और दुर्घटना का कारण बन सकते हैं।

बैठक में हवाई अड्डा संचालन से जुड़े सुरक्षा अधिकारियों, एलडीए, वन विभाग, नगर निगम, एयर ट्रैफिक कंट्रोल और अन्य

### पतंगबाज़ी और मांस की दुकानों पर दिलाया ध्यान, बन सकती है बड़ी वजह

विभागीय प्रतिनिधियों ने भाग लिया। एयरपोर्ट प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि रनवे से लगभग दस किलोमीटर के दायरे में पतंगबाज़ी, लेजर लाइट और ऊंची इमारतों पर बनाए गए अनाधिकृत स्ट्रक्चर सीधे तौर पर विमानों की सुरक्षित आवाजाही में बाधा डालते हैं। इसी के साथ यह भी चिन्हित किया गया कि अवैध मांस की दुकानों से उत्पन्न गंदगी और आवारा पशुओं के कारण पक्षियों की आमद बढ़ रही है, जिससे बर्ड हिट की घटनाएं संभावित रूप से जानलेवा साबित हो सकती हैं। बैठक में एयरपोर्ट प्रशासन ने नगर निगम से मांग की कि संबंधित क्षेत्रों से मांस की दुकानों को हटाया जाए, कुत्तों की नसबंदी सुनिश्चित की जाए और ऊंचे निर्माणों की वैधता की पुनर्समीक्षा हो। साथ ही वन विभाग से अपील की गई कि वे एयरपोर्ट के निकटवर्ती क्षेत्र में पक्षी नियंत्रण की रणनीति पर अमल करें। यह भी सुझाव दिया गया कि एयर ट्रैफिक की दृष्टि से बाधा उत्पन्न करने वाले मोबाइल टावर, अवैध सीढ़ियां या निर्माण त्वरित रूप से हटाए जाएं ताकि लखनऊ एयरपोर्ट की उड़ान प्रणाली किसी भी तरह के जोखिम से सुरक्षित रह सके। एयरपोर्ट प्रशासन ने बताया कि हाल ही में देश के अन्य हवाई अड्डों पर हुई तकनीकी गड़बड़ियों और बर्ड हिट की घटनाओं ने स्थानीय व्यवस्था को सजग किया है और लखनऊ में किसी भी अप्रिय घटना से पहले सुरक्षा को सुदृढ़ करना अनिवार्य हो गया है। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि सभी विभागों की समन्वित कार्रवाई से रनवे के आसपास का पर्यावरण और सुरक्षा तंत्र जल्द ही अधिक सक्षम रूप में सामने आएगा।

# कांवड़ सेवा: आलमनगर से ऋषिकेश तक चलेगी विशेष ट्रेन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** सावन मास की शुरुआत के साथ कांवड़ यात्रा को लेकर उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों में आस्था का ज्वार उमड़ पड़ा है। इसी क्रम में रेलवे विभाग ने भी श्रद्धालुओं की सेवा में योगदान देते हुए विशेष कदम उठाया है। आलमनगर (लखनऊ) से ऋषिकेश तक एक विशेष ट्रेन सेवा शुरू की गई है, जो कांवड़ियों को सीधे गंगा तट तक पहुंचाएगी।

यह सेवा 12 जुलाई से 10 अगस्त तक लगातार संचालित होगी। रेलवे सूत्रों के अनुसार यह ट्रेन विशेष रूप से कांवड़ यात्रा को ध्यान में रखते हुए संचालित की जा रही है। सावन के दौरान हरिद्वार, ऋषिकेश, गंगोत्री जैसे तीर्थ स्थलों पर भारी संख्या में कांवड़ यात्री पहुंचते हैं। आलमनगर स्टेशन से चलकर यह ट्रेन सीधे ऋषिकेश तक जाएगी, जहां से कांवड़िए आगे की यात्रा के लिए निकलेंगेकृकुछ वाहन से और अधिकांश पारंपरिक रूप से पैदल। यह पहला अवसर है जब आलमनगर जैसे उपनगर स्टेशन से सीधे ऋषिकेश के लिए ट्रेन सेवा दी गई है, जो यह दर्शाता है कि रेलवे अब धार्मिक यात्राओं की लोक-भावनाओं को समझते हुए व्यवस्थागत भागीदारी निभा रहा है। यह ट्रेन न केवल लखनऊ, बल्कि आसपास के जिलों कृहरदोई, सीतापुर, बाराबंकी, उन्नाव, और प्रयागराज तक के कांवड़ियों के लिए भी सहूलियत लेकर आई है। सूत्रों का कहना है कि यह सेवा कांवड़ मेला समाप्त होने तक निरंतर जारी रहेगी और यात्रियों की संख्या व मांग को देखते हुए अतिरिक्त कोच या फेरे भी बढ़ाए जा सकते हैं।

# एडीजी लखनऊ जोन ने बैठक में कांवड़ यात्रा के संबंध में दिए निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**सीतापुर।** पुलिस लाइन स्थित दधीची सभागार में अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन लखनऊ सुजीत पाण्डेय ने अपराध समीक्षा एवं आगामी त्यौहारों के सम्बन्ध में बैठक की गयी। बैठक में कांवड़ यात्रा, अपराध एवं कानून व्यवस्था, रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं के सम्बंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिये गये।

कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, जन उत्तरदायी एवं संवेदनशील बनाये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिये गये। काँवड़ यात्रा के सम्बन्ध में यातायात प्रबन्धन, रूट डायवर्जन, कांवडियों द्वारा शिवालयों पर जल चढ़ाने, कांवड़ियो की सुरक्षा व्यवस्था तथा घाटों पर जल पुलिस, सीसीटीवी , मैनिटरिंग कंट्रोल रूम, महिलाओं की सुरक्षा हेतु महिला पुलिस बल के संबंध में आवश्यक दिशा- निर्देश दिये। एडीजी ने अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध जीरो टालेरेंस की नीति के तहत संगठित अपराध, माफियाओं और असमाजिक तत्वों के खिलाफ संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही करते हुए कठोर व त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा व सशक्तिकरण को विशेष प्राथमिकता दी जाये। महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता, सम्मान व सुरक्षा की भावना को बल देने हेतु ठोस प्रयास किये जायें तथा लव जिहाद (धर्म संपरिवर्तन) जैसे प्रकरण पर गम्भीरता से कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। जनशिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु जनसुनवाई को प्रभावी बनाते हुए प्रत्येक नागरिक की शिकायत को प्राथमकिता के आधार पर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाये। कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत कानून तोड़ने वाले किसी भी व्यक्ति के प्रति कोई सहानुभूति नहीं बरती जाये। साईबर क्राइम तथा साईबर अपराधियों पर डिजिटल युग की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए उन्नत तकनीकों के माध्यम से साइबर अपाराधों पर कार्यवाही की जाये। नागरिकों को साईबर सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया जाये। स्मार्ट पुलिसिंग के लिए तकनीक और आर्टिफिशियल इन्टेलिजेंस का उपयोग कर डाटा आधारित निर्णय क्षमता को सशक्त किया जाये। जिससे संसाधनों का समुचित उपयोग हो सके। थानावार लंबित विवेचना/लंबित एसआर केस की समीक्षा कर विभिन्न अभियोगों में वांछित चल रहे अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। किसी भी सांप्रदायिक विवाद की सूचना पर तत्काल कार्यवाही कर यथोचित शीघ्र निस्तारण करें। आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत सोशल मीडिया पर 24गुना 7 सतत निगरानी , अभद्र टिप्पणी करने वालों पर कार्यवाही करते हुए अफवाहों का खंडन करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल तथा अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी/उत्तरी, समस्त क्षेत्राधिकारी व समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष उपस्थित रहे।

# कौशल ओलंपिक में दिखेगा एआई से सशक्त होते उप्र का आत्मविश्वास

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** विश्व युवा कौशल दिवस पर उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ एक ऐतिहासिक आयोजन की साक्षी बनेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में 15और 16 जुलाई को कौशल ओलंपिक-2025का आयोजन किया जा रहा है, जो तकनीक, टैलेंट और नवाचार का भव्य संगम होगा। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत होने वाले इस आयोजन में प्रदेशभर से चयनित युवा प्रशिक्षणार्थी अपने टेक्नोलाजी-बेस्ड प्रोजेक्ट्स, माडल्स और नवाचारों का प्रदर्शन करेंगे। यह ओलंपिक केवल प्रदर्शनी नहीं, बल्कि युवाओं के आत्मबल, सीखने की लगन और तकनीकी दक्षता का जीवंत उदाहरण होगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट आफ थिंग्स, मशीन लर्निंग, ड्रोन टेक्नोलाजी, हेल्थटेक, स्मार्ट एग्रो और डिजिटल डिजाइनिंग जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षित युवा न केवल अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे, बल्कि वे राज्य की आर्थिक और तकनीकी आकांक्षाओं को भी आकार देंगे। रेलवे स्टेशनों से लेकर खेत-खलिहानों तक, और हेल्थकेयर से लेकर शिक्षा तक, एआई और नवाचारों के जरिए कार्यक्षमता बढ़ाने की दिशा में यह आयोजन मील का पत्थर साबित हो सकता है। उद्योग जगत के प्रतिनिधि, स्टार्टअप इनक्यूबेटर, निवेशक और शिक्षाविद् भी इस आयोजन में शामिल होकर प्रतिभाओं को नई दिशा देने का काम करेंगे। मिशन निदेशक पुलकित खरे के अनुसार यह आयोजन प्रदेश के उन युवाओं को मंच प्रदान करेगा, जो कभी बेरोजगारी के दौर से गुज़रे थे।

# अफसरों ने किया मंदिरों व तीर्थों का निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**सीतापुर।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने सीतापुर नगर क्षेत्र स्थित श्यामनाथ मंदिर, नैमिषारण्य स्थित देवदेवेश्वर मंदिर एवं राजघाट का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने पूजन अर्चन कर सभी के कल्याण की कामना भी की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा हेतु समस्त प्रबंध सुनिश्चित किए जाय। व्यवस्थित रूप से कांवड़ यात्राएं सम्पन्न हो तथा शिव मंदिरों में दर्शन एवं जलाभिषेक हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाय।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि समस्त स्थलों पर सी0सी0टी0वी0 कैमरे अनवरत रूप से संचालित रखे जाए एवं कंट्रोल रूम से इनकी नियमित तौर पर मानिटरिंग भी सुनिश्चित की जाय। सम्बंधित अधिकारी इसकी लाइव फीड प्राप्त कर निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित करें। अधिकारी अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहें। जिन विभागों को जो दायित्व आवंटित किए गए हैं, उनका पूर्ण निष्ठा से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। अराजक तत्वों पर कड़ी निगाह रखी जाय तथा गड़बड़ी फैलाने का प्रयास करने वालो को चिह्नित कर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि रूट डायवर्जन प्लान का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। पार्किंग स्थलों की समुचित व्यवस्था करने के साथ ही वाहनों को पार्किंग स्थलों में पार्क कराए जाने की व्यवस्था की जाये। इसके लिए उचित संकेतक भी स्थापित कराए जाय। पार्किंग स्थलों के पास पेयजल, मोबाइल टायलेट आदि का समुचित प्रबंध किया जाय। पार्किंग स्थलों की भी सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जाय। पब्लिक एड्रेस सिस्टम को भी संचालित रखा जाये तथा आवश्यक सूचनाओं को उद्घोषणा किए जाने हेतु समुचित प्रबंध किया जाये। घजिलाधिकारी ने घाटों के निकट सफाई, बैरिकेटिंग, संकेतक, प्रकाश आदि का समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन घाटों से श्रद्धालु जलाभिषेक हेतु जल लेते हैं, वहां सुरक्षा के दृष्टिगत संकेतक लगवाएं जाये। घाटों पर गहरे जल में कोई न जाय, इसके लिए बैरिकेडिंग का प्रबंध भी सुनिश्चित किया जाये। पर्याप्त जल पुलिस, गोताखोरों एवं नाविकों की तैनाती सुनिश्चित की जाये। भीड़ प्रबंधन हेतु समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए जाये। आवश्यक मूलभूत सुविधाओं यथा पेयजल, मोबाइल टायलेट आदि का भी समुचित प्रबंध सुनिश्चित किया जाये। घ्मंदिरों में दर्शनार्थियों एवं कावड़ियों की सुविधा के दृष्टिगत उचित बैरिकेटिंग की व्यवस्था की जाये। भीड़ के प्रबंधन हेतु समुचित कार्ययोजना तैयार कर इसके अनुसार सुचारू रूप से दर्शन की व्यवस्था की जाय। देवदेवेश्वर में संपर्क मार्गों को तत्काल ठीक कराए जाने हेतु एनएचएआई एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। राजघाट पर रोपित किए गए पौधों की सुरक्षा के दृष्टिगत ट्री गार्ड लगवाए जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि मानकों के अनुसार डयूटी लगाते हुए समुचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। उन्होंने कहा कि सम्बंधित अधिकारी एवं सचल दल निरन्तर भ्रमणशील रहें तथा कड़ी निगरानी रखें। घनिरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार, उपजिलाधिकारी मिश्रिख शैलेन्द्र मिश्र आदि मौजूद रहे।

### श्रावण मास पर अखिलेश यादव की शुभकामनाएं

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने श्रावण मास के आरंभ पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने इस अवसर को आस्था और भक्ति का प्रतीक बताते हुए कहा कि सावन का महीना भगवान शिव को समर्पित है और उनकी आराधना से जीवन में विशेष फल की प्राप्ति होती है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रावण मास में श्रद्धालु पूरे मनोयोग से मंदिरों में भगवान शिव का रूद्राभिषेक, पूजन और सेवा करते हैं।

# आरटीआई कार्यशाला में कांग्रेस नेताओं ने साधा सरकार पर निशाना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में शनिवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सूचना का अधिकार (आरटीआई) विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में लखनऊ जिला व शहर के पदाधिकारियों के साथ-साथ प्रदेश भर से प्रतिनिधियों ने भागीदारी की।

कार्यशाला का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के साथ हुआ तथा संचालन आरटीआई विभाग के प्रदेश महासचिव कीर्ति प्रकाश पाण्डेय ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता व पूर्व विधायक अखिलेश प्रताप सिंह ने आरटीआई को भ्रष्टाचार के विरुद्ध प्रभावी हथियार बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने यह कानून आमजन के अधिकारों की रक्षा के लिए बनाया था, परंतु वर्तमान भाजपा सरकार इसे कमजोर करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने पदाधिकारियों से अपील की कि वे कम से कम दस-दस आरटीआई दाखिल कर सरकारी जवाबदेही तय करें।

राष्ट्रीय प्रवक्ता सुरेन्द्र राजपूत ने कहा कि आरटीआई शासन के आईने की तरह है और भाजपा सरकार इससे डरती है। उन्होंने अधिनियम की बारीकियों की जानकारी देते हुए इसके व्यावहारिक प्रयोग के तरीके समझाए। कार्यशाला में आरटीआई कार्यकर्ता देवेशमणि त्रिपाठी ने भी भाग लिया और सवाल-जवाब के माध्यम से प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। विभाग के चेयरमैन पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव ने आह्वान किया कि पदाधिकारी अपने जनपदों में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आरटीआई को हथियार बनाएं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा. अमित उठवाल ने कहा कि उन्होंने स्वयं इस कानून का उपयोग कर कई सरकारी अनियमितताओं का पर्दाफाश किया है। कार्यशाला को पूर्व मंत्री राज बहादुर, मीडिया विभाग के उपाध्यक्ष मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, चिकित्सा विभाग के चेयरमैन डा. जियाराम वर्मा और सोशल मीडिया समन्वयक नीलम सिंह वैश्य ने भी संबोधित किया। अवसर पर सीमा देवनाथ, महेन्द्र श्रीवास्तव, अनुज पटेल, किशन कुमार गुप्ता, राम आशीष मौर्य, नजाकत चौधरी, मंसूर अली सलमानी, शशांक सक्सेना, रामानंद राजपूत, इश्तियाक अली, राजेश कुमार, नीवन सक्सेना, मो. यूसुफ, माया सिंह और वीरेन्द्र कुमार मौर्या सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# शिक्षा के मंदिर में भय का साया: महिला शिक्षिका को धमकी, चार्ज-ट्रांसफर अटका

शाह टाइम्स संवाददाता

**सिंहपुर (अमेठी)।** सिंहपुर विकासखण्ड स्थित प्राथमिक विद्यालय जलाल दुबे में शनिवार को घटित घटनाक्रम ने जिले की शिक्षा-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए।

चार्ज ट्रांसफर के लिए पहुँची शिक्षिका श्रीमती प्रीति त्रिपाठी को सहकर्मी सहायक अध्यापक सुमन यादव ने न केवल विद्यालय का प्रभार सौंपने से इनकार किया, बल्कि अभद्र भाषा और धमकियों के सहारे उन्हें बदनाम करने की खुली चेतावनी भी दे डाली स खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) के ताज़ा आदेश के तहत श्रीमती त्रिपाठी का स्थानांतरण प्राथमिक विद्यालय चिलौली प्रथम से यहाँ किया गया था। शिक्षिका के अनुसार, जैसे ही वह विद्यालय पहुँचीं, सुमन यादव ने गाली-गलौज करते हुए कहा, ह्यदि तुमने प्रधानाध्यापक सिद्धार्थ द्विवेदी या किसी और को बुलाया, तो मैं यह कह दूंगी कि तुमने मेरा हाथ पकड़ा। भयाक्रांत शिक्षिका ने तत्काल प्रधानाध्यापक को सूचना दी।स्थिति की गंभीरता देखते हुए प्रधानाध्यापक श्री द्विवेदी अकेले विद्यालय न जाकर ग्राम प्रधान और दो जिम्मेदार ग्रामीणों




को साथ लाए, ताकि किसी भी झूठे आरोप से खुद को बचाया जा सके और पारदर्शिता बनी रहे। किंतु सुमन यादव का आक्रामक रवैया बरकरार रहा। उन्होंने दोबारा चार्ज लेने से मना कर दिया और शिक्षिका पर व्यक्तिगत टिप्पणियाँ कीं। इसी बीच, यादव के भाई राहुल यादव ने प्रधानाध्यापक को फोन कर चेतावनी दी, ह्ज़्यादा होशियारी दिखाओगे तो नौकरी करना सिखा दूंगा। घटना की सूचना मिलते ही विद्यालय परिसर में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया। विद्यार्थी भी शिक्षकों के तनाव से व्याकुल दिखे। ग्रामीण अभिभावक रामचरन तिवारी ने कहा कि यदि शिक्षक ही बच्चों के सामने ऐसा व्यवहार करेंगे, तो शिक्षा पर विश्वास कैसे टिकेगा?इस बीच बीईओ सिंहपुर ने स्पष्टीकरण दिया, वरिष्ठ अधिकारी अवकाश पर हैं। उनके लौटते ही चार्ज ट्रांसफर की प्रक्रिया दुबारा कराई जाएगी( महिला शिक्षक पर अतिरिक्त दबाव नहीं डाल सकते। शिक्षकों ने इस तर्क को न्याय की भावना के विपरीत बताया। उनका कहना है कि आदेश की अवहेलना और धमकी, चाहे किसी से भी हो,अनुशासनहीनता के दायरे में आती है।स्कूल प्रबंधन समिति ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह में समाधान नहीं हुआ, तो जिला मुख्यालय पर धरना दिया जाएगा। अभिभावक संघ ने शिक्षा विभाग से दोषियों पर तत्काल अनुशासनात्मक कार्रवाई की माँग की है। फिलहाल निगाहें वरिष्ठ अधिकारियों की वापसी और संभावित कार्रवाई पर टिकी हैं। यह घटना दर्शाती है कि सुरक्षित व सम्मानजनक कार्य वातावरण के अभाव में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की कल्पना भी अधूरी रह जाती है।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
फोन-0131-2970013
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अखिलेश ने बना रखी है फर्जी पीडीए: केशव मौर्य

शाह टाइम्स संवाददात

**गोंडा।** उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गोंडा के मनकापुर पहुँचे। जहाँ उन्होंने केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह के आवास पर पहुंचकर उनके स्वर्गीय पिता एवं प्रदेश सरकार में पूर्व मंत्री व पूर्व सांसद रहे आनंद सिंह के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शोकसंतप्त परिवारजनों से भेंट कर अपनी गहन संवेदनाएं व्यक्त कीं तथा प्रभु श्रीराम जी से दिवंगत पुण्यात्मा की शांति और परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ संवाद किया एवं मनकापुर विकासखंड परिसर में कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, पंचायती राज विभाग सहित कई विभागों के द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण



किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूह के द्वारा बनाए गए अरगा ब्रांड के उत्पादों की जमकर सराहना की। इसके अलावा उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने जनपद के सभी मीडिया बंधुओं के साथ प्रेस वार्ता कर सरकार की उपलब्धियां के बारे में जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री जी के मार्ग दर्शन में प्रदेश लगातार विकास की ओर अग्रसर है। सरकार के द्वारा लगातार विकास कार्य किया जा रहा है। जनपद गोंडा में भी बहुत सारे विकास कार्य हुये हैं जिससे गोंडा की तस्वीर पहले से काफी बदली हुई है। उन्होंने अखिलेश के पीडीए को फर्जी पीडीए बताते हुये कहा कि,अखिलेश यादव अहंकारी हैं ,वे शब्दों की मर्यादा का ख्याल नहीं रखते और अपशब्दों का इस्तेमाल करते हैं।जो उनका इतिहास बताता है।उप मुख्य मंत्री ने कहा कि,अखिलेश यादव पिछड़े वर्ग की बात तो करते हैं,लेकिन उन्हें पिछड़े वर्ग का कोई नेता बर्दाश्त नहीं है।उन्होंने राहुल गांधी पर कहा कि,वह विरासत की सियासत करते हैं,ढोंग कर किसी तरह निन्यानवे पर तो पहुँच गये,पर 2047 तक वह अर्धशतक के लिये तरसेंगे।उप मुख्यमंत्री ने मीडिया से कहा कि,देश विरोधी,समाज विरोधी किसी समाज को तोड़ने वाली किसी भी कार्य को आप प्रमुखता से उठायें।किसी भी गैर कानूनी कार्य को चलने नहीं दिया जायेगा पुलिस और प्रशासन और सरकार उस पर कड़ी कार्रवाई करेगा।उन्होंने यह भी कहा कि,गोंडा सहित पूरे प्रदेश में कानून का राज कायम है। कोई भी माफिया या भ्रष्टाचारी अब कानून की नजर से बच नहीं सकता है। जो भी कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करेगा उसके खिलाफ सरकार सख्ती से निपटेगी।

# घर में घुसकर बांके से हमला बुजुर्ग दंपति और पौत्र घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**अमेठी।** जिले के टिकरी गांव में जमीनी विवाद ने गुरुवार रात खौफनाक मोड़ ले लिया, जब एक व्यक्ति ने आधी रात के समय घर में घुसकर बुजुर्ग दंपती और उनके पौत्र पर बांके से जानलेवा हमला कर दिया। इस वारदात में 77 वर्षीय राजपति देवी, उनके पति शेर बहादुर सिंह और पौत्र विष्णु प्रताप सिंह उर्फ शुभम गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, घटना रात 12 से 1 बजे के बीच की है। आरोपी अनिरुद्ध सिंह (30) पुत्र शिव मूर्ति सिंह, जो उसी गांव का निवासी है, ने पहले बुजुर्ग महिला राजपति देवी पर बांके से वार किया। शोर सुनकर जब शेर बहादुर सिंह जागे तो हमलावर ने उन पर भी हमला कर दिया। इसके बाद घर में मौजूद पौत्र विष्णु प्रताप सिंह को निशाना बनाते हुए उस पर ताबड़तोड़ तीन वार किए।रक्तरंजित हालत में तीनों को परिजन और ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगिरवा पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें अमेठी सीएचसी रेफर किया गया। फिलहाल सभी घायलों का उपचार कर उन्हें घर भेज दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली प्रभारी रवि सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# छेड़छाड़ के मामले की निष्पक्ष जांच हो

## युवक को झूठा फंसाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कोतवाली इलाके के मुबारकपुर कला गांव की बबीता देवी ने एक युवक पर अपने बेटे को छेड़छाड़ के झूठे आरोप में फंसाने का आरोप लगाया है। बबीता के अनुसार, गांव का ही एक युवक अपनी बेटी के साथ छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराकर उनके बेटे को फंसाना चाहता है। बबीता का कहना है कि उनका बेटा पिछले करीब एक महीने से गांव से बाहर मजदूरी कर रहा है। और वर्तमान में गांव में मौजूद नहीं है। बबीता ने युवक द्वारा दिये गये शिकायती पत्र को गंभीरता से लेते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई करने की मांग की है। इस मामले में बबीता का समर्थन करने के लिए गुड्डू, तेजराम, त्रिलोकी, ओम प्रकाश, मोहन वर्मा, राजेंद्र, सुभाष चंद्र, पूरन सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन से पूरे मामले की गहनता से जांच कर सच्चाई सामने लाने और किसी भी निर्दोष को न फंसाने की अपील की है।

# बच्चों को ज्ञानवर्धक व अच्छी शिक्षा जरूरी

## आरके पब्लिक स्कूल में प्रदर्शनी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दिल्ली विश्वविद्यालय के लेडी इरविन कालेज की असिस्टेंट प्रोफेसर मिताली यादव ने कहा कि समाज में तरक्की के लिये बच्चों के ज्ञान व कौशल को निखारना जरूरी है।

राधा कृष्ण पब्लिक स्कूल में ज्ञान एवं कौशल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मिताली यादव ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि आज बिना ज्ञान व कौशल के बच्चों को रोजगार मिलना संभव नहीं है। स्कूलों में ज्ञान वर्धक शिक्षा दी जाये तथा समय-समय पर उनके कौशल का परीक्षण भी किया जाये। ताकि बच्चों के सामने आने वाली कमजोरियों को समय रहते दूर किया जा सके। प्रबंधिका डा. शिक्षा सरदाना ने कहा कि प्रदर्शनी का उद्देश्य विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, अंग्रेजी, गणित आदि विषयों में छात्रों की समझ और कलात्मक क्षमताओं को प्रदर्शित करना है। जिससे इनके अंदर आत्मविश्वास, संचार और पारस्परिक कौशल की वृद्धि हो। इस मौके पर संरक्षक अंजय टंडन, रिंकू सक्सेना मौजूद रहे।

# स्मार्ट सिटी की तर्ज पर होगा अमरोहा का विकास

## जनता को मिलेगी भरपूर सुविधाएं: शशि



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अपने अमरोहा का विकास अब स्मार्ट सिटी की तर्ज पर होगा। आदर्श स्मार्ट नगर निकाय योजना के अन्तर्गत इसका चयन स्मार्ट सिटी के लिये किया गया है।

चैयरमैन शशि जैन ने बताया कि प्रदेश के छोटे शहरों के कायाकल्प परिवर्तन और नगर विकास मंत्री के नगरों के विकास के विजन के अन्तर्गत अमरोहा को स्मार्ट सिटी के रूप में चयनित किया गया है। अपनी नगर पालिका प्रदेश की उन 41 पालिकाओं में शामिल है जिन्हें स्मार्ट सिटी बनाया जाना है। अब इसी तर्ज पर नगर पालिका क्षेत्र का विकास किया जायेगा। इससे विकास को नई दिशा मिलेगी तथा लोगों को स्मार्ट सिटी की तरह की सुविधाएं मिलेगी। उन्होंने बताया कि वह पूर्व में लखनऊ में नगर विकास मंत्री व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिली थी तथा उन्होंने शहर की समस्याओं से दोनों को अवगत कराया था।

# शिव का रूद्राभिषेक कर मांगी नंदी की दीर्घायु

## आज के दिन हुआ था प्रयागराज में हमला



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** वैश्य समाज द्वारा कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी के लिये भगवान शंकर का रूद्राभिषेक किया। निर्णय लिया गया कि 12 जुलाई का दिन पुन: प्राप्ति जन्मदिन के रूप में मनाया जायेगा।

वैश्य समाज के लोग नगर के मौहल्ला कोट स्थित रियासत वाले मंदिर में एकत्र हुए तथा भगवान शिव का रूद्राभिषेक किया तथा आरती उतारी। उन्होंने भक्तों को प्रसाद का वितरणी किया। वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 2010 में आज ही के दिन प्रयागराज में गुंडों द्वारा मंत्री को जान से मारने की नीयत से बम से हमला किया गया था। जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गये थे। उसी दिन से उनके समर्थकों व वैश्य समाज द्वारा पुनर्जीवन प्राप्त होने के रूप में मनाते आ रहे है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष करूणेश गोयल, विशाल गोयल, अरविंद अग्रवाल, विनोद गुप्ता, रविराज सरन, मीनू गुप्ता, मेघा गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता, दीपक बंसल, कमल गुप्ता, अशोक अग्रवाल, डा. अनुपम गर्ग, विष्णु दयाल अग्रवाल, मनुज गोयल, प्रदीप कौशल, विभव गोयल, निशिल सरन मौजूद रहे।

# समाधान दिवस में तीन शिकायतों का निस्तारण

**अमरोहा।** शनिवार को जिले के सभी थानों में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने शिकायतें सुनकर उनका निस्तारण किया। डीएम निधि गुप्ता वत्स व एसपी अमित कुमार आनंद डिडौली कोतवाली पहुंचे तथा समाधान दिवस में शिकायतें सुनीं। अधीनस्थों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश देते हुए लापरवाही न बरतने की हिदायत दी। विशेष दिवस में प्राप्त कुल नौ शिकायतों में से अफसरों ने तीन का निस्तारण मौके पर करा दिया। डीएम ने जोर देते हुए कहा कि जमीनी विवादों की शिकायतों का पंजीकरण कर राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के तय समयावधि के अंदर निस्तारण सुनिश्चित करें। ध्यान रहे कि शिकायत की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए, अगर विवाद दोबारा सामने आया तो निश्चित कार्रवाई की चेतावनी दी। वहीं, एसपी ने महिला अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान सीओ सिटी शक्ति सिंह व प्रभारी हरीश वर्धन सिंह समेत समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। वहीं, शहर कोतवाली, थाना अमरोहा देहात, डिडौली, नौगावां सादात, हसनपुर, रहरा, सैदनगली, आदमपुर, गजरौला, मंडी धनौरा, बछरायूं में भी पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने शिकायतों को सुनते हुए अधीनस्थों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया।

## एक नजर

### गंदगी के विरोध में किया प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** गांव सिहाली जागीर में स्थानीय निवासियों ने सड़क पर जलभराव और गंदगी की समस्या को लेकर प्रदर्शन किया। यह मार्ग आधा दर्जन से अधिक गांवों को जोड़ता है। इस रास्ते से शिवभक्तों का आवागमन भी होता है। सड़क पर जमा पानी और कीचड़ से आलमपुर, सेमली, सेमला, शेरगढ़, बसेड़ा और कटाई टांडा गांव के लोगों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने की मांग की है। उनका कहना है कि जलभराव की वजह से दैनिक गतिविधियां प्रभावित हो रही है और आवागमन में काफी दिक्कतें आ रही हैं। प्रदर्शन करने वालों में गाजी खान, लाला चौहान, गौतम चौहान, सुनील चौहान, भूरा, नाजिम खान, वसीम आजम, मंसूर खान और सोहेल खान आदि मौजूद थे।

### होमगार्डो ने निर्मल तालाब पर किया पौधारोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** वन महोत्सव के तहत होमगार्डों की दो प्लाटूनों ने निर्मल तालाब पर पौधरोपण किया। ब्लॉक क्षेत्र के गांव बिजनौरा में स्थित निर्मल तालाब पर होमगार्डों की दो प्लाटूनों ने पौधरोपण किया। इस दौरान ग्राम प्रधान हेमराज सिंह गुर्जर ने कहा की अधिक से अधिक पेड़ों को लगाये। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। पेड़ पौधे जहां ऑक्सीजन देने का काम करते हैं वहीं पर्यावरण को भी शुद्ध रखते हैं। इस अवसर पर ग्राम प्रधान हेमराज सिंह गुर्जर एसआई प्रमोद कुमार महेंद्र सिंह जीवन सिंह हरपाल सिंह वीर सिंह ताराचंद आदि मौजूद थे

### शिकायतों का समय से करें निस्तारण



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में उपजिला अधिकारी पुष्कर नाथ चौधरी व कोतवाल दिनेश कुमार शर्मा ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं गई। इस दौरान राजस्व से संबंधित तीन शिकायतें दर्ज की गई। उपजिलाधिकारी उसका नाथ चौधरी ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनके शीघ्र निस्तारण के आदेश दिये। समाधान दिवस के दौरान, उप निरीक्षक परविंदर कुमार भी उपस्थित रहे। शिकायतों के त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए संबंधित लेखपाल भी मौके पर मौजूद रहे। जिन्होंने राजस्व से जुड़े मामलों की जानकारी दी। और उनके समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई शुरू की। उप जिलाधिकारी पुष्कर नाथ चौधरी ने जोर देकर कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है और इसमें किसी भी तरह की देरी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया।

### गिरीश संयोजक व प्रिंस बने मीडिया प्रभारी





**हसनपुर।** अग्रवाल सभा के रजिस्टर्ड घोषित होने पर समाज के लोगों में हर्ष व खुशी की लहर दौड़ गई है। अग्रवाल सभा कमेटी की भी घोषणा की गई है। अग्रवाल सभा हसनपुर की कमेटी में पूर्व शासकीय अधिवक्ता गिरीश कुमार अग्रवाल एडवोकेट को संयोजक, पूर्व पालिकाध्यक्ष राकेश बंसल उर्फ कालू, राजीव अग्रवाल उर्फ राजू महाराष्ट्र वाले, संदीप कुमार अग्रवाल मेडिकल वाले, हरीश कुमार बंसल एवं संजय गर्ग को संरक्षक, आदेश अग्रवाल को प्रबंधक, रविंद्र जिंदल को महामंत्री रमेश चंद्र गोयल को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। राजीव अग्रवाल सर्राफ, लवकेश अग्रवाल, विमल अग्रवाल को उपाध्यक्ष, विशाल कुमार अग्रवाल चार्टर्ड अकाउंटेंट को अंकेक्षक, प्रिंस अग्रवाल मीडिया प्रभारी एवं हृदेश अग्रवाल को सहप्रभारी मीडिया, अंकित अग्रवाल को सोशल मीडिया प्रभारी, अनुज अग्रवाल को मंत्री घोषित करते हुए शीघ्र ही कार्य करने का विस्तार तथा महिला अग्रवाल सभा एवं युवा अग्रवाल सभा की कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जायेगा। अग्रवाल सभा के रजिस्टर्ड होने पर समाज के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया गया है।

# एसपी ने लिया कांवड़ मार्ग का जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** बृजघाट से कांवड़ यात्रा शुरू हो गई है। हालांकि अभी कांवड़ियों की संख्या कम है लेकिन पुलिस की ड्यूटी लगाने के साथ ही हाईवे पर चौकसी बढ़ा दी गई है। शुक्रवार रात एसपी अमित कुमार आनंद ने हाईवे पर

### पुलिस ने बढ़ाई हाइवे पर चौकसी



कांवड़ यात्रा के रूट का निरीक्षण किया था। दिन में अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया ने भी कांवड़ मार्ग का जायजा लिया। कांवड़ियों की संख्या बढ़ने पर रूट डायवर्जन करने का निर्देश दिया गया है। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत भी दी। वहीं शनिवार दोपहर बाद हाईवे पर ट्रैफिक वनवे कर दिया गया। बृजघाट पुलिस चौकी से ट्रैफिक को वनवे किया गया। ट्रैफिक वनवे करने के साथ ही हाईवे पर घूम रही पुलिस टीमों ने सड़क किनारे व ढाबों पर खड़े भारी वाहनों को भी हटवाया। इस बारे में टीएसआई अनुज मलिक ने बताया कि शनिवार को हाईवे पर ट्रैफिक वनवे कर दिया गया है। कांवड़ियों की संख्या बढ़ने पर रूट डायवर्ट भी किया जाएगा।

# हाइवे से होकर निकले कांवड़ियों के जत्थे

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** सावन के पहले सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिये कांवड़ियों ने हरिद्वार व ब्रजघाट से जल भरकर लौटना शुरू कर दिया है, हालांकि अभी संख्या ज्यादा नहीं है। शुक्रवार से हरिद्वार व

### बम भोले के गूंज रहे हैं उद्घोष



बृजघाट से कांवड़ियों के लौटने का सिलसिला शुरू हो गया था। इसके चलते हाईवे पर निगरानी बढ़ा दी गई थी। शनिवार तड़के से एक बार फिर कांवड़िये अपनी मंजिल की ओर बढ़ना शुरू हो गए। सुबह में दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे के अलावा बदायूं-बिजनौर स्टेट हाईवे पर भी कांवड़ियों के जत्थे अपनी मंजिल की ओर बढ़ते दिखे। बृजघाट गंगा से रामपुर, संभल, मुरादाबाद समेत अन्य कई स्थानों के कांवड़ियों ने जल भरकर लौटना शुरू किया। वहीं हरिद्वार से बुलंदशहर, अलीगढ़ आदि जिलों के कांवड़िये जल भरकर लौटे। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान के मुताबिक कांवड़ियों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। कांवड़ यात्रा मार्गों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

# सीएचसी प्रभारी को दो गुटों में बंटा स्टाफ

## नए सीएचसी प्रभारी को नहीं मिला चार्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** सीएचसी में चिकित्सा अधीक्षक की कुर्सी को लेकर डाक्टर व स्टाफ दोफाड़ हो गया है। कुछ डाक्टर पुराने एमओआईसी को यहीं बने रहना देखना चाहते हैं जबकि कुछ उनका विरोध कर रहे हैं।

बताते चलें कि डा. सुखदेव सिंह पिछले 13 सालों से जोया के सीएचसी प्रभारी हैं। परन्तु कुछ दिन पूर्व सीएमओ डा. सत्यपाल ने उनका तबादला कर दिया जबकि धनौरा से स्थानान्तरित होकर डा. कुणाल को यहां का नया सीएचसी प्रभारी नियुक्त कर दिया। परन्तु उन्हें अभी तक चार्ज नहीं दिया गया है। उधर तबादला रूकवाने को लेकर चिकित्सा अधीक्षक डा सुखदेव सिंह नेताओं के चक्कर लगा रहे हैं। पहले भी उनका कई बार तबादला हुआ परन्तु हर बार वह अपने राजनीतिक रसूख का इस्तेमाल कर तबादला निरस्त होने में सफल हो जाते थे। उनके तबा. दले को लेकर सीएचसी के डाक्टर व स्टाफ दो गुटों में बंट गया है। डा. उवैस व डा. वसीम तथा दर्जनों एएनएम चाहती हैं कि डा. सुखदेव ही यहां सीएचसी प्रभारी रहें। जबकि कई लोग उनके तबादले की जिद पर अड़े हैं।

# कोकाकोला फैक्ट्री में मिला उद्योग का वास्तविक अनुभव

## स्कॉलर्स होम स्कूल का औद्योगिक भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** स्कॉलर्स होम वर्ड क्लास स्कूल के विद्यार्थियों ने नोएडा स्थित कोकाकोला की हैप्पीनेस फैक्ट्री का शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण कर एक प्रेरणादायक अनुभव प्राप्त किया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को औद्योगिक क्षेत्र की वास्तविक कार्यप्रणाली से अवगत कराना और उन्हें व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था। छात्रों ने भ्रमण के दौरान पेय पदार्थों के निर्माण में प्रयोग होने वाली अत्याधुनिक तकनीकों, स्वचालित मशीनों, गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रियाओं और सुरक्षा मानकों को प्रत्यक्ष रूप से देखा व समझा। उन्होंने बॉटलिंग यूनिट, लेबलिंग प्रक्रिया, पैकिंग सिस्टम और रीसायक्लिंग



यूनिट का भी अवलोकन किया, जिससे उन्हें उत्पादन से लेकर वितरण तक की पूरी प्रक्रिया की जानकारी मिली। कोकोकोला के इतिहास, ब्रांडिंग रणनीतियों, विपणन तकनीकों और पर्यावरण संरक्षण की पहलों पर भी विद्यार्थियों को विशेष जानकारी दी गई। छात्रों ने इस अनुभव को अत्यंत रोचक, ज्ञानवर्धक और प्रेरणास्पद बताया। विद्यालय की मैनेजर सोना अग्रवाल ने बताया ऐसे शैक्षणिक भ्रमण बच्चों के समग्र विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे उन्हें पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर औद्योगिक दुनिया को समझ मिलती है और उनके भीतर टीमवर्क, नेतृत्व और नवाचार की भावना विक. सित होती है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक भी विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे और उन्होंने छात्रों को विभिन्न प्रक्रियाओं को गहराई से समझाने में सहयोग किया। यह भ्रमण छात्रों के लिए केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि औद्योगिक दृष्टिकोण से समृद्ध होने का एक अनूठा अवसर साबित हुआ।

# आखिर विवादित सीएमओ का कब होगा ट्रांसफर!

## विधायक व भाजपा के नेता लगा चुके भ्रष्टाचार का आरोप, डीएम ने जांच को बनाई थी समिति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** सीएमओ डा. सत्यपाल सिंह के विवादित होने के बावजूद उनका तबादला नहीं हो रहा। वह जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का ठीक से क्रियान्वयन नहीं कर पा रहे। उधर भाजपाई भी उनके खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं। प्रभारी मंत्री डा. केपी मलिक ने जब जिले में पहली बैठक ली थी तो धनौरा के विधायक राजीव तरारा ने अफसरों की मौजूदगी में सीएमओ डा. सत्यपाल पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते कहा था कि जिले में वह सैकड़ो अवैध अस्पताल व अल्ट्रासाउंड केन्द्र पैसे लेकर चलवा रहे हैं। उन्होंने सीएमओ के तबादले की मांग की थी। उसी समय एडीएम सुरेन्द्र सिंह चाहर का तबादला हुआ था। ऐसे में भाकियू समेत जाट नेता सीएमओ डा. सत्यपाल सिंह के समर्थन में खुलकर आ गये थे। क्योंकि

### कुर्सी बचाने के लिए सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं के आगे गिड़गिड़ा रहे

सीएमओ भी जाट जाति से आते हैं। उधर करीब दो माह पहले जिला पंचायत सदस्य पति पिंटू भाटी ने सीएमओ डा. सत्यपाल सिंह की हसनपुर में कार का घेराव कर आरोप लगाया था कि वह स्वास्थ्य विभाग के कई कर्मचारियों से जिले के अवैध अस्पतालों व अल्ट्रासाउड केन्द्रों से अवैध वसूली करवा रहे हैं। डीएम श्रीमति निधि गुप्ता वत्स ने भाजपा नेता के आरोपों के चलते सीडीओ अश्वनी कुमार के नेतृत्व में जांच के लिए तीन सदस्य कमेटी गठित की थी परन्तु सीएमओ के खिलाफ जांच की रफ्तार बहुत धीमी है। चर्चा है कि सीएमओ अपने खिलाफ होने वाली कार्रवाई से बचने के लिए भाजपा नेताओं के आगे गिड़गिड़ा रहे हैं। जब से सीएमओ डा. सत्यपाल ने चार्ज संभाला है वह लगातार विवादों में हैं। उन पर सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। इसके बावजूद वह जाट जाति से होने का लाभ उठा रहे हैं तथा अपने पद पर बने हैं।

# फर्जी पशु चिकित्सक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** बिना किसी मान्य डिग्री के ही पशु उपचार करने और पशुपालकों से धन वसूली के आरोप सही पाए जाने के बाद डीएम के निर्देश पर गजरौला के पशु चिकित्साधिकारी ने आरोपी के विरुद्ध थाना गजरौला में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले में अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र ग्राम भीमा ठीकरी निवासी एक महिला शिकायतकर्ता ने प्रदीप कुमार पुत्र चिरंजीलाल के

### डीएम के निर्देश पर हुई कार्रवाई

विरूद्ध बिना मान्य डिग्री के ही पशुओं का उपचार और पशुपालकों से धन वसूली की शिकायत थी, साथ ही यह भी कहा था कि प्रदीप कुमार के गलत उपचार से शिकायतकर्ता की भैंस का गर्भपात हो गया था। शिकायतकर्ता के आरोप जांच में सही पाए जाने के बाद डीएम निधि गुप्ता वत्स ने फर्जी पशु चिकित्सक प्रदीप कुमार के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने के आदेश दिए। इसी क्रम में गजरौला के पशु चिकित्साधिकारी डॉ.अतुल कुमार ने फर्जी पशु चिकित्सक प्रदीप कुमार के विरूद्ध तहरीर दी, पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धोखाधड़ी करने, बिना रजिस्ट्रेशन के ही पशुओं का उपचार करने और उनका जीवन खतरे में डालने, पशु क्रूरता अधिनियम आदि धाराओं में मुक. दमा दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने मुकदमा दर्ज किए जाने की पुष्टि की।

# योजनाओं को गंभीरता से लें: प्रमुख सचिव

- प्रमुख सचिव अल्पसंख्यक ने यूनानी मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण
- विद्युतीकरण कनेक्शन व अवशेष कार्यों को पूर्ण कराकर हैण्ड ओवर करने के दिए निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** प्रमुख सचिव अल्पसंख्यक संयुक्त समद्दार ने शनिवार को यूनानी मेडिकल कॉलेज का निरिक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने पाया कि मेडिकल कॉलेज में विद्युतीकरण कनेक्शन का कार्य अभी रुका हुआ है, जिसके कारण हैण्डओवर का कार्य भी रुका हुआ है।

निरिक्षण के दौरान अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड भवन लो. निवि बरेली द्वारा अवगत कराया गया कि परियोजना की मूल डीपीआर में बाहय विद्युत संयोजन का प्राविधान नहीं है, जिस कारण इस मद में धनराशि उपलब्ध नहीं है। यह भी अवगत कराया गया कि पूर्व में विद्युत विभाग द्वारा 33 केवी स्वतंत्र विद्युत पोषक से कॉलेज को ऊजीकृत किए जाने हेतु आगणन उपलब्ध कराया गया था, जिसकी लागत रू. 6.71 करोड़ है, परन्तु धनाभाव के कारण विद्युत संयोजन संभव नहीं हो सका। प्रमुख सचिव द्वारा अधीक्षण अभियन्ता विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि वर्तमान में कॉलेज को न्यूनतम आवश्यकताओं के साथ क्रियाशील किया जाना है, जिस हेतु किसी नजदीकी विद्युत फीडर से न्यूनतम धनराशि द्वारा परिसर को ऊजीकृत किया जाए।

अधिशासी अभियन्ता विद्युत विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि नजदीकी स्थित फीडर से अधिकतम 200 केवी विद्युत भार संयोजन किया जाना संभव है। जिसपर अतिशीघ्र 200 केवी विद्युत भार से भवनों को ऊजीकृत किया जाने के निर्देश दिए, जिससे मेडिकल कॉलेज को संचालित किया जा सके। कार्यदायी संस्था के अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि प्रशासकीय विभाग से समन्वय स्थापित कर परियोजना के हस्तांतरण की कार्यवाही शीघ्र प्रारभ की जाए।

निरीक्षण के पश्चात प्रमुख सचिव तथा जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा यूनानी मेडिकल कॉलेज के प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया, तथा उसकी भवन की पूर्ण देखरेख करने के निर्देश दिये गए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, नगर मजिस्ट्रेट अलंकर अन्निहोत्री, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग सहित कार्यदायी संस्था के प्रमुख उपस्थित रहे।

# बिजली की आंख मिचौनी से नगरवासी परेशान

- भाकियू जिला उपाध्यक्ष सुधार न होने पर करेंगे डीएम से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** जिला मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर की दूरी पर बरेली नैनीताल मार्ग के किनारे स्थित नगर पंचायत देवरनियाँ में बिजली का बुरा हाल है। बिजली कटौती को लेकर परेशान जनता के फोन अफसर नहीं उठा रहे हैं। जिसको लेकर नगर वासियों में आक्रोश का पनप रहा है। वहीं नगर वासियों की समस्या को समझते हुए सुधार न होने पर भाकियू जिला उपाध्यक्ष ने सोमवार को जिलाधिकारी से मुलाकात कर शिकायत करने की बात कही है। देवरनियां, मुड़िया जागीर, सेमीखेड़ा और गुलाबनगर को मिलाकर बनी करीब 30000 की आबादी वाली नगर पंचायत देवर.




नियाँ के वाशिन्दे बिजली कटौती से खासे परेशान हैं। इस भीषण गर्मी में जहां लोगों का बुरा हाल है, वहीं बिजली महकमे के अफसर इस तरफ अंजान बने हुए हैं। लोगों की समस्या का समाधान करना तो दूर उनके फोन तक नहीं लग रहे हैं। यहां तक कि मीडिया कर्मियों के फोन भी अधिकारी उठाना मुनासिव नहीं समझते हैं। नगर में बनी बिजली समस्या को देखते हुए भाकियू के जिला उपाध्यक्ष और नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर हुए चुनाव में दूसरे नंबर पर रहे मुस्तफा उर्फ लल्ला खाँ ने महसूस किया। उन्होंने कहा कि अगर जल्द ही बिजली में सुधार नहीं हुआ तो सोमवार को डीएम से मुलाकात कर शिकायत की जाएगी।

## एक नजर

### चरस तस्कर को पकड़ा, भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** शनिवार को पुलिस ने एक चरस तस्कर को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।जबकि एक चरस तस्कर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया।आरोपी के पास से 153 ग्राम चरस बरामद हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर रात मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने बैगुल नदी के पास से गांब सतुईया पट्टी निवासी अरुण कुमार को गिरफ्तार किया है।

तलाशी लेनें पर उसके पास से 153 ग्राम चरस बरामद की गई है।जबकि उसका सगा भाई मेघनाथ पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी अरुण को गिरफ्तार करके शनिवार को जेल भेज दिया।जबकि उसके भाई मेघनाथ को वांछित किया है। जिसकी तलाश जारी है।

### अवैध शराब के साथ आरोपी को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** पुलिस ने एक आरोपी को 10 लीटर अवैध शराब और शराब बनाने के उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान चंदन उर्फ पिंकू पुत्र सूरजपाल निवासी ग्राम मिर्जापुर औरंगाबाद थाना बहेड़ी के रूप में हुई है।



पुलिस ने आरोपी को जंगल से ग्राम डूंडाजनुबी स्थित पुराने बंद पड़े ईंट भट्टे की कोठरी के बरामदे से गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब, एक पीपा, एक बड़ा भिगौना एल्युमिनियम, एक पतीली एल्युमिनियम, एक प्लास्टिक का पाइप/तस्तरी, अधजली लकड़ी और कोयला, और एक प्लास्टिक की बोतल में लहन बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए अवैध शराब की बिक्री करता था। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक संजय तोमर, उ.नि. रजनीश कुमार, का. अमरजीत और का. जौनी चौधरी आदि शामिल रहे।

### सेमीखेड़ा शिव मंदिर के रास्ते पर चलाया गया सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** पवित्र सावन माह में शिव मन्दिर पर आने जाने वाले कांवड़ियों शिव भक्तों को परेशानी न हो इसके मद्देनजर नगर पंचायत देवर. नियाँ के सेमीखेड़ा में बरेली नैनीताल रोड से शिव मंदिर तक जाने वाले रोड पर आज नगर पंचायत के सफाई सुपरवाईजर दिनेश कुमार द्वारा सफाई कराई गई, तथा जगह जगह लगे कूड़े के ढेरों को जेसीबी द्वारा ट्रालियों में भरकर बाहर ले जाया गया।



### सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर प्रधान ने तहसीलदार को सौंपा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे से सटे गांव ईंधजागीर के प्रधान प्रेम शंकर गंगवार उर्फ लला ने तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह को सौंपे पत्र में सरकारी भूमि से तत्काल अतिक्रमण हटवाए जाने की मांग की है।

भूमि प्रबंधक समिति के अध्यक्ष और ग्राम प्रधान प्रेम शंकर गंगवार उर्फ लला द्वारा सौंपे गए पत्र में गाटा संख्या 183,197 और 200 के साथ ही कस्बे के पुराने पुल से नए पुल से बाईपास से अमित धर्मकांटे तक उप मार्ग के साथ ही अन्य सरकारी भूमि पर लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है, उन्होंने तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह से नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक और लेखपालों की संयुक्त टीम से जांच कराकर कर कार्यवाही की मांग की है।

### दलित युवक की दबंगों ने की पिटाई वीडियो बनाकर किया वायरल, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** लगता है पुलिस और कानून का खौफ युवकों को कहीं दिखाई नहीं दे रहा है, जिसके चलते आए दिन वह कोई न कोई घटना को अंजाम देकर उसकी वीडियो बनाकर वायरल कर देते हैं। ऐसे ही एक और मामले में पुलिस ने दबंग युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कस्बे की कहारान बस्ती के रहने वाले जगदीश सागर के पुत्र हेमन्त सागर के साथ क्षेत्र के कई दबंग युवकों ने 4 माह पहले जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए उसके साथ जमकर मारपीट की थी, बताया जाता है कि इन दबंगों ने इस पिटाई की वीडियो भी बना ली थी। दलित युवक ने डर की वजह से इसकी शिकायत भी नहीं की। आरोप है कि गुजरी 21 जून को भी उपरोक्त दबंगों ने नगर के बेगराज अस्पताल के सामने उसे रोककर जमकर पीटा, आरोप है कि एक युवक ने बनाई गई वीडियो को अपने फेसबुक पर लोड कर दी।

दलित युवक के मुताबिक एक सप्ताह पहले भी इन दबंगों ने उसके साथ जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उसके साथ पिटाई करने के साथ ही प्रताड़ित किया। युवक हेमन्त सागर द्वारा घटना की तहरीर देने के बाद पुलिस ने थाना हाफिजगंज के गांव नरही नऊआ नगला गांव के संजीव कुमार के पुत्र रिषभ गंगवार, फैजुल्लापुर गांव के राजेश के पुत्र प्रियांशु, गुलडिया धीमर के अनुज, कस्बे के सत्यपाल के पुत्र अरविन्द, ललित महाकाल, अरुण और अक्षय के खिलाफ मारपीट के साथ ही दलित उत्पीड़न की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

### मुठभेड़ में पांच बदमाश दबोचे गोली लगने से एक घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** कैंट थाना क्षेत्र में पुलिस ने शुक्रवार रात मुठभेड़ के दौरान पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। इन बदमाशों ने कुछ दिन पहले शराब की दुकान में चोरी की थी। आरोपियों ने कई और घटनाएं करना कबूल की हैं। कैंट थाना प्रभारी राजेश कुमार के मुताबिक ये बदमाश रात में कठपुला पुल के पास से होकर गुजर रहे थे, और कहीं घटना करने के चक्कर में थे।



**शराब की दुकान में की थी चोरी**

पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश भमोरा थाने के गांव धनोरा निवासी रविंद्र के बांयें पैर में पुलिस की गोली लग गई। उसके अलावा धनोरा गांव निवासी सियानंद उर्फ श्याम, भमोरा थाने के तजपुरा निवासी गुड्डू, बिशारतगंज थाने के गांव ढका निवासी जगतपाल और बदायूं के थाना दातागंज के गांव सेरहा निवासी अवनीश को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने पांचों बदमाशों के पास से दो तमंचे, लूटी गई अंग्रेजी शराब व दो बाइक बरामद की गई। इन बदमाशों ने अंग्रेजी शराब की दुकान में चोरी की थी। घायल रविंद्र को पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों ने चोरी की और भी घटनाओं को करने की बात कबूल की है।

# ब्लैक फिल्म और पटाखे बजाकर रौब दिखाने वालों पर कार्रवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** पुलिस ने शनिवार को ब्लैक फिल्म और पटाखे बजाकर रौब दिखाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस ने धर्मवीर स्वीट के पास से एक कार को पकड़कर सीज किया, जिसपर ब्लैक फिल्म लगी हुई थी। कोतवाल संजय तोमर ने बताया कि इस कार की कई दिनों से तलाश थी, और आगे भी इस तरह का अभियान जारी रहेगा।

कोतवाल संजय तोमर ने कहा कि बहेड़ी पुलिस लगातार ऐसे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है, जो नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि ब्लैक फिल्म और पटाखे बजाकर रौब दिखाने वाले लोगों के खिलाफ यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# सुबह–सुबह बिजली विभाग का ताबड़तोड़ एक्शन

- कई पर प्राथमिकी व काटे गए कनेक्शन मची खलबली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** कस्बे में शनिवार सुबह–सुबह अधिकारियों के दिशा निर्देश पर कांबिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान करीब 175 कनेक्शन की जांच की गई, जिसमें 15 उपभोक्ताओं का विद्युत भार बढ़ाया गया, जबकि कई के खिलाफ बिजली चोरी के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। इसके अलावा विद्युत बिल की बकाया राशि ना चुकाने पर कई उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए गए। वहीं मीटर को बाहर शिफ्ट किया गया। इस दौरान एक लाख 40 हजार रुपये जमा कराए गए। साथ ही धारा 135 के अंतर्गत 4 व 138 वी के अंतर्गत 12 पर कार्यवाही की गई।



एसडीओ अंकित द्विवेदी ने बताया कि कई बिजली चोरी के मामले पकड़े गए व कनेक्शन काटे गए। टीम ने कई बड़े बकाएदारों के भी कनेक्शन काटे साथ ही लोगों को बिजली चोरी के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। जेई रमेश चंद्र गौतम ने बताया कि यह अभियान इसी तरह आगे भी जारी रहेगा इससे राजस्व बसूली और बिजली चोरी पर रोक लगेगी। इस दौरान एसडीओ फतेहगंज पश्चिमी अंकित द्विवेदी एसडीओ मीरगंज सूर्य प्रताप सिंह, एसडीओ नवाबग. ंज राजेंद्र सिंह एसडीओ रिठौरा अरुण कुमार अवर अभियंता रमेश चंद्र गौतम, रामदेव वर्मा, करुणेश मिश्रा, राकेश माहेश्वरी,मोहित माहेश्वरी समस्त टीजीटू लाइन स्टाफ, सोनू, मोहम्मद इकरार आदि मौजूद रहे।

# शादी का झांसा देकर युवती के साथ बनाए शारीरिक संबंध

- आरोपी समेत साथ लोगों पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एक युवती ने अपने प्रेमी और उसके परिवार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। युवती का आरोप है कि उसके प्रेमी वसीम ने उससे शादी का वायदा किया था, लेकिन बाद में उसने शादी से इनकार कर दिया और उसे धमकी दी। युवती का यह भी आरोप है कि पुलिस ने भी उसके साथ पक्षपात किया, और वसीम के परिवार के दबाव में आकर उसके प्रार्थना पत्र को बदल दिया।

युवती का आरोप है कि वसीम ने उससे शादी का वायदा किया था, लेकिन बाद में उसने शादी से इनकार कर दिया और उसे धमकी दी। युवती का आरोप है कि पुलिस ने वसीम के परिवार के दबाव में आकर उसके प्रार्थना पत्र को बदल दिया, और वसीम के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। युवती का आरोप है कि वसीम के परिवार ने उसे मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान बदलने के लिए धमकाया और दबाव डाला।

वसीम के मामू अलीम अहमद ने पंचायत कर निकाह की जिम्मेदारी ली थी, लेकिन बाद में वह अपने वायदे से मुकर गए और निकाह से इंकार कर दिया। युवती ने अधिकारियों से मांग की है कि वसीम और उसके परिवार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए, और उन्हें सजा दिलाई जाए। युवती का यह भी आरोप है कि वसीम के परिवार ने उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी है, और उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी है। तहसील समाधान दिवस में शिकायत करने पर पुलिस ने आरोपी वसीम पुत्र सगीर अहमद निवासी मीना बाजार मदारचौक, सगीर अहमद पुत्र खलील अहमद मीना बाजार बहेड़ी, अलीम अहमद पुत्र रहीस अहमद निवासी मोहल्ला डंडा बहेड़ी, मोहम्मद मोहसिन पुत्र अनबार अहमद निवासी मोहल्ला गोदाम, मोहम्मद अली पुत्र अबरार अहमद निवासी मोहल्ला मीना बाजार मदारचौक, मोहम्मद साहिल पुत्र लईक अहमद निवासी मोहल्ला शिकोहीनगर बहेड़ी, अरसद जाफरी पुत्र खतीब अहमद निवासी धोबी तलाब की टंकी के पास के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# रेलवे फाटक पर कार्य होने से राहगीरों को हुई दिक्कत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** भिटौरा रेलवे फाटक पर बगैर सूचना के मरम्मत कार्य करने से राहगीरों को कई दिन से भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।दोनो तरफ सवारी वाहनों की लम्बी लाइन लग गई है।

मिली जानकारी के अनुसार भिटौरा रेलवे फाटक पर पिछले कई दिनों से रोज अचानक दो घंटे बगैर सूचना के ट्रैक का मरम्मत कार्य किया जा रहा है, जिससे आस पास के गांव के लोगों और राहगीरों व सीमा सुरक्षा बल के लोगो को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को 3 बजे से फाटक बंद करके मरम्मत कार्य चल रहा है। रेलवे विभाग के द्वारा फाटक बंद करके मरम्मत कार्य की सूचना नहीं देने से लोग आहत है। दोनों तरफ वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग गई है। मरम्मत कार्य कर रहे रेलवे कर्मचारी मरम्मत कार्य की समय सीमा को बताने से बच रहे है। पिछले डेढ़ माह पहले करीब एक सप्ताह के लिए फाटक को बंद करके मरम्मत कार्य किया गया था। इसके बाबजूद फिर वहीं दिक्कत हो गई।



अचानक फाटक बंद होने से राहगीर बहुत परेशान है। कुछ लोगो का एक दल इस बाबत रविवार को जिलाधिकारी से मिलकर अपनी पीढ़ा सुनाएंगे।

# जल, थल और नभ से हो रही कांवड़ यात्रा की निगरानी

- पल–पल की गतिविधियों पर रखी जा रही कड़ी नजर
- पुलिस मुख्यालय के मार्डन कंट्रोल रूम में डटे अधिकारी, हर गतिविधि की 24 घंटे की जा रही मॉनीटरिंग
- 29,454 सीसीटीवी, 395 हाइटेक ड्रोन के साथ घाटों पर बनाए गए 1845 जल सेवा केंद्र
- हाइटेक ड्रोन से आसमान तो एटीएस जमीन पर पल–पल की गतिविधियों पर रख रही नजर
- सोशल मीडिया पर रखी जा रही विशेष निगरानी, सोशल मीडिया सेल एक्टिव

**शाह टाइम्स**
**( मो. इरफान मुनीम )**

**बरेली/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए वृहद स्तर पर तैयारी की है। ऐसे में जल, थल और नभ तीनों स्तरों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। इसके लिए जल पुलिस, थल पर एटीएस, आरएएफ और क्यूआरटी तैनात की गयी है। इसके साथ ही नभ से कांवड़ यात्रा की निगरानी के लिए हाईटेक ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके लिए एंटी ड्रोन और टीथर्ड ड्रोन का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। वहीं पुलिस मुख्यालय में मार्डन कंट्रोल रूम बनाया गया है, जहां 24 घंटे रियल टाइम मॉनीटरिंग की व्यवस्था है।

योगी सरकार ने कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और निगरानी के लिए तकनीक का भरपूर उपयोग करते हुए तीर्थ यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए शासन व पुलिस प्रशासन ने हर स्तर पर कमर कस ली है। मुख्यमंत्री योगी ने स्वयं इस यात्रा की तैयारियों की लगातार समीक्षा की है, और निर्देश दिए थे कि सुरक्षा, चिकित्सा, स्वच्छता, जल व्यवस्था और यातायात प्रबंधन में कोई कमी न रहे। उन्होंने महाकुंभ में किए गए सुरक्षा प्रबंधों को मॉडल मानकर कांवड़ यात्रा मार्गों पर भी उसी प्रकार के इंतजाम करने के निर्देश दिए थे। ऐसे में सीएम योगी के निर्देश पर कांवड़ यात्रा के रूट पर हाईटेक निगरानी को प्राथमिकता दी गई है। मुख्य कांवड़ मार्गों और प्रमुख स्थानों पर 29,454 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके साथ ही 395 हाइटेक ड्रोन और विशेष रूप से एंटी ड्रोन के साथ टीथर्ड ड्रोन की मदद से रियल–टाइम वीडियो फीड लेकर डीजीपी मुख्यालय से सीधे मॉनीटरिंग की जा रही है। ये टीथर्ड ड्रोन लगातार एक स्थान पर स्थिर रहकर भीड़ की निगरानी में सक्षम हैं, जिससे किसी भी प्रकार की आपात स्थिति की त्वरित जानकारी मिल सके।



**महाकुंभ की तरह कांवड़ यात्राा की एंटी ड्रोन और टीथर्ड ड्रोन से हो रही रियल टाइम मॉनीटरिंग**

## सोशल मीडिया पर नजर रखने को भी बनाया गया कंट्रोल रूम यूपी–112 भी अलर्ट

वहीं महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के लिए मार्डन कंट्रोल रूम बनाया गया था। इसी की तर्ज पर कांवड़ यात्रा और शिव मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए डीजीपी मुख्यालय में मार्डन कंट्रोल रूम बनाया गया है। यहां पर 24 घंटे रियल टाइम मॉनीटरिंग के जरिये पल–पल की नजर रखी जा रही है। इसके अलावा एक विशेष आठ सदस्यीय टीम 24 घंटे सोशल मीडिया पर नजर रखे हुए है। यह टीम सोशल मीडिया पर चलने वाली अफवाहों, भ्रामक सूचनाओं और संवे. दनशील पोस्ट की रियल–टाइम मॉनीटरिंग कर रही है, तथा संबंधित जिलों को अलर्ट भेजा जा रहा है। साथ ही, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से आपत्ति. जनक सामग्री हटवाने की कार्यवाही भी की जा रही है। इसी प्रकार एक अलग कंट्रोल रूम टीम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, यूपी–112 और अन्य माध्यमों से प्राप्त सूचनाओं की 24 निगरानी कर रही है।

## कोई परेशानी होने पर श्रद्धालु बारकोड से सीधे अधिकारियों से हो सकेंगे कनेक्ट

कांवड़ यात्रा की सुरक्षा के लिए 587 राजपत्रित अधिकारी, 2,040 निरीक्षक, 13,520 उपनिरीक्षक और 39,965 आरक्षियों को ड्यूटी पर लगाया गया है। इसके साथ ही 1,486 महिला उपनिरीक्षक और 8,541 महिला आरक्षी, 50 कंपनियां पीएसी, केंद्रीय बल और 1,424 होमगाड्र्स भी तैनात किये गये हैं। कांवड़ यात्रा से जुड़े सभी दिशा–निर्देश, पुलिस अधिकारियों के मोबाइल नंबर, ट्रैफिक डायवर्जन योजना आदि को बारकोड के माध्यम से होर्डिंग, अखबार और सोशल मीडिया पर साझा किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को आवश्यक सूचना आसानी से मिले। इसके अलावा अंतरराज्यीय समन्वय के लिए उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान के अधिकारियों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है। इसके जरिए रियल–टाइम सूचना आदान–प्रदान, मार्गों की स्थिति, सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण से जुड़ी जानकारियां साझा की जा रही है।

# हिस्ट्रीशीटर आबिद समेत पांच बदमाशों पर गैंगस्टर की रिपोर्ट




- कांवड़ यात्रा में बवाल कराने की फिराक में था गिरोह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम के आदेश पर सीबीगंज थाना पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर आबिद अली व उसके परिवार के तीन लोगों समेत चार पर गैंगस्टर एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। आबिद पहले से जेल में बंद है, पुलिस ने उसके भाई व एक गुर्गे का भी चालान कर दिया।

सीबीगंज के गांव अटरिया निवासी आबिद अली पर लूट, डकैती, हत्या, रंगदारी, दबंगई आदि संगीन धाराओं के करीब 34 मुकदमे विभिन्न थानों में दर्ज हैं। हत्या की कोशिश के एक मामले में आबिद अली पहले से जिला जेल में बंद है।

सीबीगंज इंस्पेक्टर अभिषेक सिंह की रिपोर्ट के मुताबिक आबिद इतना शातिर है कि वह जेल में रहने के बावजूद वहां से अपना गिरोह संचालित कर रहा था। आबिद के गिरोह में उसका बेटा सोहिल अली, भाई वाजिद अली, नासिर अली एवं गुर्गा अमीर शाह शामिल हैं।

इंस्पेक्टर ने बताया कि जांच में उन्हें पता चला कि आबिद के गिरोह के लोग सावन में कांवड़ यात्रा के दौरान बवाल कराने की फिराक में थे। यह लोग इलाके में दहशत फैलाकर रंगदारी वसूलते हैं। सीबीगंज थाना पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध गैंग चार्ट बनाकर डीएम को भेजा था।

डीएम से अनुमति मिलने के बाद सभी के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। पुलिस ने शुक्रवार को आबिद के भाई वाजिद अली व गुर्गे अमीर शाह को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। अब आबिद के बेटे सोहिल अली और भाई नासिर अली की तलाश की जा रही है।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# अपर गन्ना आयुक्त का जनपद भ्रमण

## गन्ना सर्वे कार्य का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** चांदीपुर शुगर मिल में अपर गन्ना आयुक्त (समितियां) उ.प्र. लखनऊ के जनपद बिजनौर में मिलो द्वारा कृषकों के गन्ना सर्वे में उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

भ्रमण का मुख्य उद्देश्य सर्वे पेड़ी डिलीशन कार्य का सत्यापन के साथ-साथ विभाग/ चीनी द्वारा कृषक हित में किये जा रहे विकास कार्यों का धरातलीय अवलोकन भी रहा। भ्रमण के दूसरे चरण में गन्ना विकास परिषद, समिति नूरपुर चीनी मिल बिंदल पेपर्स चांगीपुर के ग्राम हुसुपुरा में सर्वे चेक किया। जहां मौके पर सर्वे सही मिलने पर हर्ष जताया। इसी ग्राम में कुछ कृषकों द्वारा पेड़ी उजाड़कर पौधा गन्ना लगाया गया है। जिसका भौतिक सत्यापन भी किया। तत्पश्चात सत्यापन स्थल पर स्थित धनवंतरी आयुर्वेद चिकित्सालय में कृषकों की एक चौपाल रखी गई थी। जिसमें लगभग 50 कृषकों ने प्रतिभाग किया। चौपाल में डॉ. बीबी सिंह द्वारा कृषकों को रेड रॉट (गन्ने का कैंसर) रोग की बिभिषिका के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बीज बदलाव के बारे में कृषकों से अपील की कि किसी भी दशा में 0238 प्रजाति की बुवाई ना करें। रेड रॉट रोधी प्रजाति 0118, कोसे 13235, कोसे 17231, कोसे 18231, 16202, 14201 प्रजातिओं की बुवाई करें।






चीनी मिल चांगीपुर क्षेत्र में 0238 की बुवाई मात्र पांच प्रतिशत रकबे में की गई है। इस पर अपर आयुक्त द्वारा प्रसंशा व्यक्त की गई। रेड रॉट के नियंत्रण के लिए त्रिकोडेर्मा का प्रयोग करना चाहिए। साथ ही थिओफिनेट मेथइल से बीज उपचार अवश्य करें। गन्ने में टॉप बोरर के मैकेनिकल कण्ट्रोल बहुत प्रभावी है शूट कटिंग, फेरामोन ट्रैप, लाइट ट्रैप आदि का प्रयोग फसल की कीटों से रक्षा करता है। टॉप बोरर के अधिक प्रभाव की दसा में क्लोएंटोनिलीपरोल की डरेंचिंग करने से टॉप बोरर कण्ट्रोल हों जाता है। वर्तमान में टॉप बोरर की तीसरी पीढ़ी चल साथ ही पौखा बॉइंग का प्रभाव दिख रहा है। जिसका नियंत्रण ड्रोन से आसानी से किआ जा सकता है। अपर गन्ना आयुक्त द्वारा नैनो यूरिया, नैनो डीएपी एवं सागरिका के प्रयोग विशेष बल दिया। साथ ही कृषक बंधुओं से समिति स्तर पर उपलब्ध फार्म मशीनरी बैंक का अधिकाधिक प्रयोग का अनुरोध किया। सभी कृषक भाई मिट्टी की जांच के परिणाम अनुसार ही उर्वरक इस्तेमाल करें। मिट्टी में हों रहे खतरनाक रसायनो के प्रयोग से बचने के लिये कृषक भाइयों को प्रकृतिक खेती अपनाने पर विशेष जोर दिया। चौपाल पश्चात अपर गन्ना आयुक्त द्वारा चीनी मिल चांगीपुर में मृदा परिक्षण प्रयोगशाला का अनावरण किया गया।

इसी क्रम में ग्राम हसुपुरा में ड्रोन द्वीरा नैनो व कीटनाशकों का छिड़काव देखा। पुन: चीनी मिल स्योहारा के ग्राम कुमाखिया में ड्रोन से छिड़काव देखा। इसी प्रकार चांदपुर के ग्राम एस्माइलीपुर में मोबाइल प्रचार वाहन और ड्रोन छिड़काब देखा। भ्रमण के अंतिम पड़ाव पर ग्राम बगड़पुर में ड्रोन द्वारा छिड़काव देखा। सम्पूर्ण विजिट में उपगन्ना आयुक्त में मुरादबाद, जिला गन्ना अधिकारी बिजनौर, चांगीपुर, चांदपुर, धामपुर के गन्ना प्रबंधक व जनपद के सभी सचिव व ज्येष्ठ गन्ना विकाश निरीक्षक मौजूद रहे।

इससे पहले चांगीपुर शुगर मिल से उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार मलिक, मुख्य गन्ना प्रबंधक इन्द्रवीर सिंह ने अतिथियों का फूलों के बुकेट देकर जोरदार स्वागत किया। सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड चांदपुर से जितेंद्र कुमार, गन्ना परिषद चांदपुर से सीनियर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक समस्त निरीक्षण कार्य एवं कृषक चौपाल व मृदा परीक्षण प्रयोगशाला के उद्घाटन अवसर पर मौजूद रहे।

## हमला कर लूटने व जान से मारने की धमकी का आरोप

**धामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव उर्दूपुरा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर उसकी जेब में रखे 8 हजार की नगदी लूटने सहित मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र दिया है।

पीड़ित उदयराज सिंह पुत्र घनश्याम सिंह ने बताया कि वह शाम को जब उदुपुरा बाईपास के नीचे से गुजर रहा था, तभी 5-6 लोगों ने अचानक उस पर हमला कर दिया। लोहे की रॉड और डंडों से उसे बुरी तरह पीटा गया और जमीन पर गिरा दिया गया। हमलावरों ने जेब से करीब आठ हजार रुपये लूट लिए और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले।

हमले के दौरान दो हमलावरों की पहचान पीड़ित ने की है, जिनमें एक विनीत पुत्र हेमराज और दूसरा शेर का पुत्र (नाम अज्ञात), दोनों निवासी ग्राम उदुपुरा बताए जा रहे हैं।

पीड़ित के अनुसार इनके साथ मौजूद कुछ लोग दूसरी भाषा में बात कर रहे थे, जिन्हें वह बांग्लादेशी मूल का संदेही मान रहा है। किसी तरह घर पहुंचे उदयराज सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर नामजद आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कीटनाशी विक्रेता के प्रतिष्ठान पर अनियमितता मिलने पर होगी कार्रवाई

### कृषि रक्षा अनुभाग द्वारा मुद्रित पोस्टर लगाने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने जनपद के समस्त लाइसेंसधारी कीटनाशी रसायन थोक / फुटकर विक्रेता को निर्देशित करते हुए बताया कि 'ग्रो सेफ फूड अभियान के अन्तर्गत कृषि रक्षा अनुभाग द्वारा मुद्रित पोस्टर जो कि इस कार्यालय द्वारा उनको उपलब्ध कराये गये है। तत्संबंधी पोस्टर को आप अपने प्रतिष्ठान पर फ्रेम कराकर रखना सुनिश्चित करेंगे।

इसके साथ- साथ उनके कार्यालय द्वारा जारी विभिन्न पत्रों के माध्यम से कीटनाशी नियमावली-1971 के नियम-15 तथा कीटनाशी (मूल्य स्टाक प्रदर्शन एवं रिपोर्ट प्रेषण) आदेश 1986 की धारा-4 के अन्तर्गत कीटनाशी विक्रेताओं द्वारा क्रेता को कैश मैमों/क्रेडिट मैमों देने तथा तत्सम्बन्धी अभिलेखों को तैयार किये जाने सम्बन्धी प्राविधानों का प्रत्येक दशा में पालन सुनिश्चित किये जाने के लिए एवं उनके द्वारा समय-समय पर किये गये निरीक्षण के समय पायी जा रही उल्लिखित कमियों के साथ अन्य अनियमित्ताएं को ठीक करने के लिए विस्तार से दिशा निर्देश निर्गत किये गये है।

उक्त के क्रम में उन्होंने यह भी अवगत कराया कि प्रत्येक लाइसेंसधारी कीटनाशी रसायन थोक/फुटकर विक्रेता 'प्रारूप' अनुसार सूचना अपने प्रतिष्ठान के लाइसेंस के साथ-साथ अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि प्रतिष्ठान के लाइसेंस के साथ प्रदर्शित करने के लिए प्रारूप मैसर्स XXXXX कीटनाशक विक्रय केन्द्र, कीटनाशी लाइसेंस संख्या XXXXX, प्रिय किसान बन्धु कीटनाशी रसायन क्रय करते समय अपनी पक्की रसीद / कैश मैमों अवश्य प्राप्त करें, प्रोपराईटर XX XXX, मोबाइल- 91 XXXXXXXXXX निम्न प्रकार है। अत: उक्त के क्रम में उन्होंने पुन: सचेत करते हुए निर्देशित किया कि जिलाधिकारी के आदेश द्वारा जनपद स्तरीय गठित टास्क फोर्स समिति एवं उच्चाधिकारियों द्वारा जनपद के निरीक्षण के दौरान यदि किसी प्रकार कोई कमी प्रकाश में आती है, तो सम्बन्धित लाइसेंसधारी कीटनाशी रसायन थोक/फुटकर विक्रेता के विरुद्ध कीटनाशी अधिनियम-1968 एवं कीटनाशी नियम-1971 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत प्रतिकूल / दण्डात्मक कार्यवाही करते हुए आपका उत्तरदायित्व निर्धारित किया जायेगा।

# पौधारोपण अभियान चलाएगा अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ

## पौधारोपण अभियान की रूपरेखा तैयार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** टीचर्स कॉलोनी स्थित सत्यधाम धर्मशाला में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ की एक विशेष बैठक संपन्न हुई। बैठक का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण हेतु आगामी पौधारोपण अभियान की रूपरेखा तय करना था।

सभा की अध्यक्षता अजय पाल सिंह ने की और संचालन धनंजय सिंह ने किया। बैठक में संघ के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान ने अपने वक्तव्य में कहा कि वृक्षारोपण जितना महत्वपूर्ण है, उससे भी अधिक आवश्यक है उनका संरक्षण। यदि रोपे गए पौधों की देखभाल न हो तो वे वृक्ष बनने से पहले ही नष्ट हो जाते हैं। श्री चौहान ने सरकार से अनुरोध किया कि वन विभाग केवल पौधे ही न दे, बल्कि उन्हें लगाने वालों को संरक्षण हेतु निशुल्क सुरक्षा कवच, पिंजरे एवं आवश्यक सामग्री भी प्रदान करे। उन्होंने यह भी बताया कि पौधों को सबसे अधिक खतरा छुट्टा एवं आवारा पशुओं से होता है, जो उन्हें खाकर नष्ट कर देते हैं। अत: पौधों के चारों ओर बाड़ लगाना या पिंजड़ा लगाना अत्यंत आवश्यक है। डॉ. रवेन्द्र सिंह, श्याम सिंह चौहान, डॉ. एस.एस. राजपूत ऋषि राज सिंह, अशोक प्रताप सिंह, नागेश्वर दयाल गहलोत, डॉ. आर.के. चौहान, अनिल कुमार गहलोत, डॉ. हरिकांत सुमन, नीरज कुमार एडवोकेट, डॉ. एम.एस. राजपूत, इंजीनियर डी.वी. सिंह, प्रीतम राजपूत, राजदीप चौहान, देवेंद्र सिंह, विजयपाल सिंह, दिवेश चौहान तथा सुभाष चंद्र आदि ने पौधारोपण एवं संरक्षण का संकल्प लिया।



## तमंचे के साथ युवक का वीडियो वायरल

**नहटौर।** नहटौर के मौहल्ला नौधा के एक युवक का तमंचे के साथ 16 सैकंड वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो एक बैंकट हॉल में बनाया गया है। जिसमें युवक तमंचा लेकर एक गाना सूट करता हुआ नजर आ रहा है।

जानकारी के अनुसार नहटौर के मौहल्ला नौधा के एक युवक का तमंचे के साथ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। युवक एक बैंकट हॉल में तमंचे के साथ एक गाने को सूट कर रहा है । यह वीडियो 16 सैकंड का बताया जा रहा है। 16 सैकंड के इस वीडियो में वह तमंचे के साथ गाने को सूट करता नजर आ रहा है। मोबाइल किसी और के हाथ में है और बैंकट हॉल में यह वीडियो बनाया गया है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना अध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि उक्त युवक की पहचान हो चुकी है। इस समय उत्तराखंड के पौड़ी में है। वीडियो किस बैंकट हॉल में बनाया गया है। इसका भी पता लगाया जा रहा है। पुलिस को उसके घर भेजा गया था। वह घर पर नहीं मिला है।

# पंचायत विकास सूचकांक विषय पर कार्यशाला

## उत्तर प्रदेश में बिजनौर का 38वां स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़नपुर।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत जनपद बिजनौर में जिला स्तरीय अधिकारियों एवं मीडिया कर्मियों की एक दिवसीय पंचायत विकास सूचकांक विषय पर कार्यशाला का आयोजन विकास भवन सभागार बिजनौर में सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का शुभारंभ डीडीओ रचना गुप्ता, सीवीओ डॉ. एलके अग्रवाल, जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरन यादव, सहायक अभियंता ग्रामीण केवी सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी अंकित कुमार, डीपीआरसी अमरोहा मैंनेजर सतेन्द्र शर्मा, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी छविनाथ सोनकर, डीपीएम विकास कुमार, सनी कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपर जिला पंचायत राज अधिकारी बिजनौर छविनाथ द्वारा सर्वप्रथम कार्यशाला के उद्देश्यों पर चर्चा की गई। बताया गया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सभी विभागों को पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स की जानकारी देना है। जिससे कि सभी पंचायत का उत्तर सही प्रकार से भरा जा सके। इसमें ऑफलाइन एवं ऑनलाइन डाटा फीडिंग एवं डाटा प्वाइंट्स पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण में बोलते हुए डी.पी.एम. बिजनौर विकास कुमार व सन्नी कुमार ने आए हुए प्रधानों को पंचायत विकास सूचकांक के विषय में समझाया एवं उन्हें पंचायत विकास सूचकांक के विभिन्न घटकों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

प्रशिक्षण में बोलते हुए डीपीआरसी अमरोहा के मैनेजर कम फैकल्टी सतेंद्र शर्मा ने बताया कि पंचायत विकास सूचकांक पंचायतों के विकास की स्थिति जानने, योजना निर्माण में क्रिटिकल गेप पहचानने में मददगार होंगे। पंचायत विकास सूचकांक से पारदर्शिता आएगी एवं किसी भी पंचायत की स्थिति को ऑनलाइन कैसे देखा जा सकता है के बारे में विस्तृत जानकारी दी। पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स विषय पर विस्तार से समझाया कि किस प्रकार से ग्राम पंचायत इंडेक्स पोर्टल पर अपना सही एवं पूर्ण डाटा दर्ज करके अपना स्कोर बढ़ा सकते हैं। डीडीओ रचना ने आए हुए प्रतिभागियों को आह्वान किया कि पंचायत विकास सूचकांक में बढ़ चढ़कर अपनी सही से जानकारी पोर्टल पर फीड करें। जिससे ग्राम पंचायत के विकास से संबंधित समुचित सही प्रकार की जानकारी प्राप्त हो सके और ग्राम पंचायत को विकास की राह में आगे बढ़ने पर लाभ मिल सके।

प्रशिक्षण में सतेंद्र शर्मा सीनियर मैनेजर का मैनेजर अमरोहा, डीपीएम विकास कुमार, सनी कुमार, प्रशिक्षक अब्दुल कादिर, मौहम्मद वसीम, कुलवीर सिंह, जितेन्द्र कुमार, शिवदत्त सिंह खुशी, ममता सैनी आदि मौजूद रहे।



## एक नजर

### श्रावण मास में श्रद्धा का वातावरण

**नजीबाबाद।** महाकाल भक्त मंडल के संस्थापक अभिनव अग्रवाल एड. ने बताया कि श्रावण मास का आगमन होते ही संपूर्ण भारत में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण हो गया है। श्रावण मास भगवान शिव को समर्पित सबसे पवित्र माह होता है। शिवालयों में शिव भक्त भगवान शिव की उपासना, पूजा-पाठ, जलाभिषेक, रुद्राभिषेक आदि करने लगे हैं। शिव भक्त हरिद्वार से गंगाजल लेकर हरहर महादेव की जय घोष के साथ अपने-अपने गंतव्यों की ओर आगे बढ़ रहे हैं। जिससे हर ओर शिवमय वातावरण हो गया है। श्रावण मास में शिव भक्तों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और जो भी व्यक्ति श्रावण मास में देवों के देव महादेव की पूजा अर्चना किसी भी प्रकार से करता है तो उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।



### डीएलएड का परीक्षा परिणाम घोषित





**बिजनौर।** कृष्णा इंस्टीट्यूट आर्फ साइंस के डीएलएड बैच 2023 के द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष कृष्ण कुमार ने बताया कि द्वितीय सेमेस्टर में नूरसबा ने 94.12 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं निधि रानी ने 93.87 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया है व गौरव कुमार ने 92.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कृष्णा ग्रुप आर्फ कॉलेजेस के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार व कृष्णा इंस्टीट्यूट की प्राचार्या डा. सीमा शर्मा, शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष कृष्ण कुमार व सहायक प्रवक्ता फरहीन जहरा, ज्योति सिंह ने छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### अज्ञात शव मिलने से सनसनी

**स्योहारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम मेवा नवादा स्थित रेलवे ट्रैक पर शनिवार की सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय ग्रामीणों ने शव को देखकर तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही स्योहारा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर मौजूद उप निरीक्षक यश देव शर्मा ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 38 वर्ष है। अभी तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी और उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल शव की पहचान और घटना के कारणों को लेकर पुलिस जांच में जुटी हुई है।



## मध्यस्थता अभियान को सफल बनाएं

**बिजनौर।** सचिव/अपर जनपद न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रेय शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा मीडियेशन एवं कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी, सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के तत्वावधान में एवं उ. प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर में 'राष्ट्र के लिए मध्यस्थता' 30 सितंबर 2025 (90 दिवसीय) तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान का आयोजन किया जायेगा। जिसकी भव्य सफलता के लिए मध्यस्थ अधिवक्तागण के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। अभियान में मध्यस्थ्ता द्वारा समाधान योग्य मामले जैसे वैवाहिक विवाद, दुर्घटना के दावे, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, वाणिज्यिक विवाद, सेवा मामले, आपराधिक समझौता योग्य मामले, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली, सम्पत्ति के बटवारे, बेदखली से सम्बन्धित मामले, भूमि अधिग्रहण एवं अन्य उपयुक्त दीवाने मामले शामिल है।

# कांवरतियों की सुरक्षा के लिए वन विभाग ने की टीम गठित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** सावन माह में निकलने वाली कांवड़ यात्रा मार्ग पर गुलदार के आतंक को देखते हुए वन विभाग की टीम ने नहटौर क्षेत्र में आठ स्थानों को चिन्हित किया है। इन स्थानों पर वन विभाग की टीम 24 घंटे पेट्रोलिंग गश्त पर रहेंगी।

कांवड़ यात्रा मार्ग पर गांव फुलसंदा व जलालपुर पपसरा, नारायण खेड़ी आदि में गुलदार राहग.ीरों पर हमला कर चुका है। गुलदार के आतंक को देखते हुए कांवरतियों की सुरक्षा के लिए वन विभाग ने तैयारियां करते हुए टीम गठित की है। वन विभाग के रेंजर गोविंद राम गंगवार ने बताया कि नहटौर क्षेत्र से निकलने वाली कांवड़ यात्रा को दृष्टिगत रखते हुए वन विभाग ने कोतवाली मार्ग पैजानिया मार्ग पर पड़ने वाले गांव के ग्राम प्रधानों को अपने मार्ग पर सुरक्षा की दृष्टि से लाइट लगाने के लिए निर्देश दिए गए हैं तथा वन कर्मी कांवरती जत्थे के साथ पेट्रोलिंग गश्त करेंगे तथा उनकी सुरक्षा के लिए प्रचार प्रसार हेतु फुलसंदा आश्रम, हल्दौर चौराहा, पैजानिया चुंगी, जलालपुर पुलिस चौकी सहित आठ स्थानों को चिन्हित किया गया। चिन्हित स्थानों पर बैनर लगाए जाएंगे, जिसमे कांवरतियों को जत्थे की संख्या में चलने के लिए निर्देशित किया जाएगा। अकेले मार्ग से न गुजरे। जत्थे की संख्या में यात्रा के दौरान तथा चलने वाले जंगलों के मार्गों पर भजन कीर्तन करते हुए चले। शोर शराबा सुनकर गुलदार यदि आसपास कहीं है, तो वह भाग जाएगा तथा टॉर्च रखें। कांवड़ यात्रा के दौरान कोई भी घटना घटित न हो सुरक्षा की दृष्टि से युद्ध स्तर पर तैयारी की गई है।

# भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का शुभारंभ

## नगर में निकाली कलश यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ग्राम नौरंगाबाद के पंचायत भवन परिसर में 10 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के पहले दिन विशाल कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें शामिल मंगल कलश धारी 108 महिलाओं ने भगवान कृष्ण एवं राधा रानी के भजनों और जयकारो का उच्चारण करते हुए निर्धारित मार्गो को राधा कृष्ण मय बना दिया।

कलश यात्रा का मार्ग में अनेकों स्थानो पर सनातन परिवारों ने पुष्प वर्षा से स्वागत भी किया। ग्राम के प्राचीन सिद्ध पीठ माता भगवती देवी मंदिर में सामूहिक पूजन हुआ, जिसके मुख्य यजमान ग्राम प्रधान प्रदीप चौहान तथा उनकी धर्मपत्नी मीरा देवी रहे। जिन्होंने परिजनों सहित पूजन कार्यक्रम में सहभागिता की। पूजन मंदिर के पुजारी मनु गौड़ ने प्रभावी मंत्र उच्चारण के बीच संपादित कराया। पूजन के बाद वरिष्ठ पुरोहित आचार्य पंडित सुरेंद्र कुमार शर्मा महाराज एवं उनकी धर्मपत्नी अनीता शर्मा, प्रियंका शर्मा एवं पंडित सूर्यकांत वशिष्ठ के संरक्षण एवं निर्देशन में निकाली गई।

विशाल कलश यात्रा में सिरों पर मंगल कलश धारण किए हुए महिलाएं पीले वस्त्र तथा जगत जननी मातेश्वरी जगदंबिका भवानी के दरबार की लाल चुनरिया धारण किए हुए थी और उमंग एवं उत्साह भरे वातावरण के बीच जयकारे लगाती हुई चल रही थी। कलश यात्रा में मुख्य यजमान के रूप में ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार चौहान अपने सिर पर श्रीमद् भागवत ग्रंथ धारण किए हुए थे। पंचायत भवन परिसर में कथा 12 जुलाई से नित्य प्रति शाम 4 बजे से 7 बजे तक होगी। इस अवसर पर आचार्य पंडित शुभम शास्त्री अपने मुखारविंद से श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत कथा रूपी अमृत रस का पान कराएंगे।



# भाजपा सरकार में रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य : बंसल

## गृह प्रवेश समारोह में हुए शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं संगठन के कुशल रणनीतिकार, राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल निवर्तमान जिलाध्यक्ष मुरादाबाद राजपाल सिंह एवं लक्ष्य कॉलेज के चेयरमैन अमित चौहान के धामपुर टीचर्स कॉलोनी स्थित आवास पहुंचे।

उन्होंने कहा कि देश ओर प्रदेश भाजपा की सरकार में रिकार्ड तोड़ विकास कार्य किये जा रहे हे। उन्होंने विरोधियों पर तुष्टिकरण की राजनीति कर लोगों को बरगलाने का आरोप लगाया। वह गृह प्रवेश समारोह में शामिल हुए। उन्होंने विधिवत रूप से घर का उद्घाटन कर परिवार को एकजुट होकर रहने का आह्वान किया।

अमित चौहान ने कहा कि सुनील बंसल का आगमन उनके तथा क्षेत्र के लिए सम्मान की बात रही, जिससे न केवल घर के सदस्यों, बल्कि स्थानीय नागरिकों को भी गर्व का अनुभव किया। कार्यक्रम में एमएलसी अश्वनी त्यागी, एमएलसी अशोक कटारिया, धनौरा विधायक राजीव तरारा, सीपी सिंह, कामेश्वर राजपूत, अनुराग चौहान, मोहित चौहान, राहुल चौहान, मंडल अध्यक्ष दीपक वाल्मीकि, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज चौहान, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश शर्मा, सचिन राणा आदि रहे। उपस्थितजनों ने सुनील बंसल का आभार प्रकट किया और इस स्मरणीय क्षण को अपने जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया।



# छात्र-छात्राओं ने सफलता का लहराया परचम





## विभूति खन्ना रही प्रथम स्थान पर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज आफ साइंस एण्ड इन्फॉर्मेशन टेक्नॉलोजी, बिजनौर के छात्र एवं छात्राओं ने एक बार पुन: सफलता के नये आयाम स्थापित किये हैं।

इस वर्ष डी.एल.एड. बैच 2023 के द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षाफल उत्साहवर्धक रहा। डी. एल.एड. विभाग की विभागाध्यक्षा डा. दीपशिखा अग्रवाल ने बताया कि डी.एल.एड. द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा विभूति खन्ना ने 93.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, पल्लवी सैनी ने 90.87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा स्वाति ने 90. 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, प्रबंध निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा तथा विभाग के प्रवक्ता एम.एस. अंसारी, सुनील कुमार, प्रतिमा रानी, अंशिका राव ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नहर पर बने पुल की एप्रोच सड़क धंसी, ट्रैक्टर ट्राली फंसी

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व चकनवाला में रामगंगा पोषक नहर पर बने पुल की एप्रोच सड़क धंस जाने से ईंटो लदी ट्रैक्टर ट्राली फंस गई। गनीमत रही कि हादसे में किसी को चोट नहीं आई है।

जानकारी के अनुसार चकनवाला में डेढ़ वर्ष पूर्व बने पुल पर लगातार वाहनों का संचालन भली प्रकार से हो रहा था, लेकिन शनिवार को सुबह के समय अचानक शीशोवाली साइड की ओर एप्रोच सड़क धंस जाने से उसमें ईंटो लदी ट्रैक्टर ट्राली फंस गई। गनीमत रही कि किसी को चोट नहीं आई। एप्रोच सड़क धंस जाने की सूचना मिलने पर विभागीय अधिकारियों ने भी स्थलीय निरीक्षण किया और यहां पर फिलहाल वाहनों का

**विभागीय अफसरों ने लिया जायजा, आवागमन रोका**

आवागमन रोक दिया गया है। इस सम्बंध में क्षेत्रीय विधायक राजीव तरारा ने भी लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव को पूरे मामले से अवगत कराते हुए जांच कराकर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि इस पुल के बनने से खादरवासियों को काफी बड़ी राहत पहुंची थी, लेकिन एप्रोच सड़क धंस जाने से अभी यहां पर आवागमन रोका गया है।



## बूंदाबांदी से आई मौसम में ठंडक

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** सांय के समय हुई बूंदाबांदी से मौसम में ठंड का अहसास हुआ। जबकि कई स्थानों पर कीचड़ फैल गयी। लोगों को आने जाने में दिक्कत उठानी पड़ी।

शनिवार को मौसम शुरू में गर्म रहा जबकि सांय के समय आसमान में अचानक काली घटाएं छा गयीं। देखते ही देखते बूंदाबांदी का दौर शुरू हो गया। लोगों को अच्छी बरसात की उम्मीद थी परन्तु हल्की बूंदाबांदी कुछ ही देर में रूक गयी। जिससे सड़कों पर कीचड़ फैल गयी। लोगों को आने जाने में परेशानी उठानी पड़ी। समाचार लिखे जाने तक आसमान काली घटाओं से घिरा था।

## ऑनलाइन टास्क के नाम पर 2.61 लाख ठगे

### पुलिस ने शुरू की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** ऑनलाइन टास्क के नाम पर युवक से 2.61 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। साइबर अपराधियों ने शुरुआत में टास्क पूरा करने पर खाते में पैसे ट्रांसफर कर जाल बिछाया था। मामले में डिडौली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्षेत्र के गांव मालीखेड़ा उर्फ शहबाजपुर निवासी धर्मपाल सिंह ने टेलीग्राम पर अपना एकाउंट बना रखा है। बीती सात जून को एक अंजान आईडी से उन्हें मैसेज भेजा गया। बात. चीत के दौरान युवक ने ऑनलाइन टास्क पूरा करने के बदले पैसे देने का लालच दिया। शुरू में कुछ टास्क पूरे करने पर उन्हें रुपये भी मिले। इसके बाद युवक की बातों में फंसकर धर्मपाल सिंह ने अलग-अलग खातों में कुल 2,34,100 रुपये ट्रांसफर कर दिए। साइबर अपराधियों ने इस तरह कुल 2,61,100 रुपये ले लिए। थोड़े दिन बाद धर्मपाल सिंह को अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ। पैसा हाथ से खिसकने के चक्कर में मानसिक संत. लन बिगड़ने लगा। आखिर में धर्मपाल सिंह ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई। पैसे ठगने वाले युवक की आईडी की जानकारी जुटाते हुए पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# भूमि विवाद में दंपति को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दंपत्ति को भूमि विवाद के चलते मारपीट करके घायल कर दिया गया। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव चकनवाला निवासी लेखराज पुत्र हरकिशन का कहना है कि उसका एक भूमि विवाद चल रहा था जिसमें 20 जून 2025 को एसडीएम के आदेशानुसार बंटवारा हो गया। मौके पर पहुंचे राजस्व कर्मियों ने उसका बंटवारा कराके कब्जा दिला दिया। लेखराज ने उक्त भूमि पर पिलर लगाकर अपनी

**चार आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज**

फसल भी बो दी। आरोप है कि उसके भाई डालचंद, भतीजे काविन्द्र, सुभाष व जयप्रकाश आदि ने मिलकर जमीन को जोत दिया और पिलर तोड़ दिए। 08 जुलाई को जब इस बात की जानकारी मिलने पर लेखराज व उसकी पत्नी खेत पर गए तो इनके साथ मारपीट की गई। इतना ही नहीं फिर से खेत पर दिखाई देने पर जान से मारने की धमकी भी दी। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि डालचंद, काविन्द्र, सुभाष व जयप्रकाश के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करके मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# रोडवेज बस में आग से यात्रियों में मची खलबली

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** हाइवे स्थित यकबगड़ी ग्राम में स्थित शुक्रवार की देर रात एक होटल पर रुकी रोडवेज की पिंक सेवा बस में अचानक से आग भड़क गई। आग लगने से अफरा तफरी मच गई और यात्रियों में भगदड़ जैसा माहौल बन गया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

जानकारी के अनुसार साहिबा. बाद डिपो की रोडवेज पिंक सेवा बस दिल्ली से लखनऊ के लिए जा रही थी। इस बस को शामली के रहने वाले चालक जयदेव चला रहे थे और कंडक्टर बबीता मौजूद थीं। 30 यात्री बस में सवार थे। शुक्रवार की रात करीब 10 बजे यह बस जब

**होटल कर्मियों ने समसर्बिसल चलाकर की पानी की बौछार, दमकल भी पहुंची**

हाईवे किनारे गांव यगबगड़ी में स्थित मोगा फैमिली ढाबे पर आकर रुकी तो अचानक से बस के बोनट में आग भड़क गई। हालांकि आग लगने से पहले ही अधिकांश यात्री बस से उतर चुके थे। आग को देखकर यात्रियों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई और फिर चालक व अन्य लोगों ने होटल के सबमर्सिबल से पानी डालकर आग पर काबू पाया। कुछ देर बाद दमकल विभाग की गाड़ी भी मौके पर पहुंच गई। आग लगने का कारण बोनट में शॉर्ट सर्किट होना माना जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि आग



लगने से कोई हताहत नहीं हुई है। बस में जो यात्री सवार थे, उन्हें सहारनपुर डिपो की दूसरी बस से गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया है। बता दें कि कुछ दिन पहले नगर के कुम. राला तिराहे पर एक कैंटर में भी आग लगी थी, जिसमें क्लीनर की मौत हुई थी। गर्मी के मौसम में आग की घटनाओं में काफी बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है।

## एक नजर

### आपस में भाई-चारा बनाए रखें: महबूब



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** सदर विधायक महमूब अली ने कहा कि हम सभी को किसी के बहकावे में न आकर भाईचारा बनाये रखना चाहिये। श्री अली द्वारा कैलसा बाईपास स्थित बाग में मैंगों पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने आमों को स्वाद चखा। इस दौरान विधायक महबूब अली ने कहा कि किसी के झांसे में आकर आपस में मतभेद पैदा न करें। इससे हमें ही नुकसान होगा। सभी को एक साथ मिलकर रहना चाहिये। हिन्दू-मुस्लिम भाईचारा बनाये रखें। पार्टी में नसीम खां, इकबाल अहमद, शशिकांत गोयल, ताहिर मंसूरी, अब्दुल बहाव सैफी, मुख्तार नकवी, जमशेद कमाल, जाहिद चैयरमेन, बाबी भगत, नासिर फूलतारा, वीरभान यादव, कमायमुद्दीन, सालिम, शहरोज, रिहान, महिपाल, मोबीन, तालिब, अमरजीत मौजूद रहे।

### दिव्यांगों को आत्मनिर्भर बनाना ही लक्ष्य



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** सक्षम संगठन के कार्यकर्ता आशुतोष ने कहा कि उनका संगठन दिव्यांगों की क्षमता को पहचानकर समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का काम कर रहा है। बड़ा बाजार स्थित राधा कृष्ण के निवास पर सक्षम संगठन की बैठक हुई। जिसमें मेरठ प्रांत के पूर्ण कालिक कार्यकर्ता आशुतोष ने कहा कि उनका संगठन दिव्यांग जनों के शारीरिक पुर्नवास पर जोर देता है। इसके अलावा सामाजिक, मानसिक व आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं चलायी जा रही हैं। नेत्र शिविर लगाकर आंखों का परीक्षण किया जाता है तथा मोतियाबंद के मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन कराया जाता है। जिला संयोजक अजय टंडन ने कहा कि संगठन का मकसद विभिन्न वर्गों को संगठित करना तथा गतिविधियों के माध्यम से राष्ट्रनिर्माण में सहयोग देना है। इसमौके पर विरेन्द्र पाठक, सिद्धार्थ अग्रवाल, पंकज मित्तल, डा. उमेन्द्र सिंह, विशाल गोयल, संदीप रस्तोगी, अतुल टंडन, आदि मौजूद रहे।

### समाधि स्थल पर खड़ा नल ठीक कराया जाए

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** क्षेत्र के ग्राम शेखुपुर झकड़ी स्थित स्वामी रामप्रसाद उदासीन समाधि स्थल का सरकारी नल लंबे समय से खराब पड़ा हुआ है। आश्रम में आयोजित होने वाले ग्यारह दिवसीय रामकथा और दैनिक यज्ञ-भंडारे के कार्यक्रम से पहले ही ग्राम प्रधान से इस नल को ठीक कराने कि मांग कि गई थी। लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। शनिवार को आश्रम से जुड़े लोगों ने अपनी इस मांग को लेकर प्रदर्शन किया और प्रशासन से अतिशीघ्र खराब नल को ठीक कराने की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि धार्मिक आयोजनों के दौरान पानी की व्यवस्था बेहद आवश्यक होती है। इ स अवसर पर सुमित सागर, दीपक महंत, हर्ष चौहान, अक्षय, भोला शंकर चौकीदार, देवेंद्र चौहान, शरद कुमार, विकेश कुमार आदि सहित कई ग्रामीण और आश्रम के सदस्य उपस्थित रहे।

# बिजली गोदाम में हुई चोरी का खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** तीन जुलाई की रात को नगर के धनौरा रोड पर ईंट भट्टे के पास स्थित विद्युत लाइन बनाने के गोदाम में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने घटना में संलिप्त दो आरो. पियों को गिरफ्तार करके घटना में चोरी किया गया सामान और 45 हजार रूपये की नकदी भी बरामद की है।

बता दें कि 03.07.2025 को रात के तीन बजे चोरों ने आरएस इन्फ्रा के गोदाम में पहुंचकर घटना को अंजाम दिया था और यहां से करीब एक किमी लंबा कंडक्टर तार चोरी कर लिया था। दुलारचन्द महतो निवास ग्राम कुसमाडिह थाना सरिया जिला गिरिडीह झारखण्ड



की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके चोरों की तलाश तेज कर दी थी। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आंनद, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया व सीओ अंजलि कटारिया के निर्देशन में पुलिस टीम ने शनिवार को तिगरी रोड स्थित आर्मी ग्राउंड से घटना में संलिप्त अरबाज पुत्र शराफत अली व फरयाद पुत्र इरशाद निवासीगण ग्राम पपसरा खादर थाना गजरौला को गिरफ्तार किया। इनके निशानद. ही पर पुलिस ने लोहे की चार शीट, 11 लोहे की प्लेट, लोहे के 24 पीस, 20 मीटर कंडक्टर तार आदि समेत 45 हजार रूपये की नकदी

**गजरौला पुलिस को मिली बड़ी सफलता**

भी बरामद की। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि पूछताछ में पता चला है कि ये लोग दिन में रेकी करके रात को साथियों के साथ गोदाम आदि से बिजली के तार, उपकरण, लोहे आदि का सामान चोरी करके दिल्ली बेच देते थे। पकड़े गए आरोपियों ने हापुड़ में भी हुई घटना में शामिल होने की बात स्वीकारी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक रवि कुमार व प्रवीण कुमार, मुख्य आरक्षी शेखर मलिक व प्रदीप कुमार, आरक्षी अश्वनी, बादल ढाका, प्रियांक व अंकित कुमार आदि शामिल रहे।

# महिला के साथ छेड़छाड़, मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने महिला को एक मकान में जबरदस्ती खींचकर छेड़छाड़ करने, अश्लील वीडियो बनाने का प्रयास करने और विरोध करने पर मारपीट करने के आरोप में तीन लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

महिला का आरोप है कि पिछले वर्ष फरवरी में जब वह खेत पर गई थी तो गांव के ही दानिश व नौशाद ने उसके साथ भद्दे कमेंट्स करते हुए अश्लील इशारे किए थे। महिला ने अपने पति को यह बात बताई तो गांव में पंचायत बैठी, जिसमें आरोपियों के माफी मांगने के बाद मामला रफा दफा हो गया। महिला का कहना है कि पंचायत में तो आरोपियों ने माफी मांग ली मगर

**न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज**

वे मन ही मन बदला लेने की फिराक में रहे। आरोप है कि 13 मई 2025 को सुबह सात बजे जब वह खेत पर जा रही थी तो दानिश, नौशाद व इनके दो अन्य साथियों ने उसे मुनसब के मकान में खींच लिया और निर्वस्त्र करते हुए मोबा. इल से वीडियो बनाने की कोशिश की। विरोध करने पर मारपीट की, महिला ने शोर मचाया तो आसपास के लोगों ने पहुंचकर उसे बचाया। महिला का आरोप है कि पुलिस द्वारा उसकी सुनवाई नहीं होने पर उसने न्यायालय की शरण ली। स्थानीय पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर आरोपियों के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है।

# बुलेट से पटाखे छोड़ना पड़ा भारी

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** थाना गजरौला क्षेत्र में 03 बुलेट मोटर साईकिल को खतरनाक तरीके से चलाते हुये पटाखे छोड़ते जा रहे चालक के विरुद्ध गजरौला पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही गई। तीनों बुलेट बाइक को सीज करते हुए तीनों मोटरसाईकिलों पर 69 हजार रूपये का जुर्माना किया है।

बता दें कि पिछले कई दिनों से शहर में बुलेट बाइक द्वारा पटाखा फोड़ने की शिकायतें सामने आ रहीं थीं। जिसके बाद शनिवार को पुलिस ने अभियान चलाया। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कस्बा गजरौला में भानपुर रोड में 03 तीन बुलेट मोटरसाइकिल पर 6 लड़के बैठकर इंद्रा

**तीन बुलेट बाइक सीज, 69 हजार का जुर्माना**

चौक से भानपुर फाटक की ओर तेज आवाज में बुलेट से पटाखा फोड़ते हुए जा रहे थे, जिनको पुलिस ने भानपुर फाटक पर पकड़ लिया गया। तीनों बाइ. कों पर सवार युवक कागजात दिखाने में कासिर रहे। तीनों बुलेट मोटरसाइकिल को धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया तथा तीनों मोटरसाइकिल पर जुर्माना 69000 रुपए किया गया है। पुलिस ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना चाहिये, यदि यातायात के नियमों को तोड़ा जाएगा तो इसी तरह की कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# संसद व विधानसभा से बनें किसानों के हक के लिये कानून

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** ब्लॉक के ग्राम बलदाना हीरा सिंह में राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की पंचायत को सम्बोधित करते हुए पश्चिमी यूपी अध्यक्ष चौ.उपेन्द्र सिंह ने कहा सभी सरकारों की नीतियां किसानो को खेती से वंचित करने वाली है। जिसके कारण नौजवानों का खेती से मोह भंग होता जा रहा है। कृषि प्रधान देश में किसान का बेटा खेती करने को तैयार नही है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष स.वीएम सिंह ने अपने जीवन के तीस वर्ष लगा कर हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट से किसानों को न्याय दिलाकर लाखों करोड़ रुपये किसानों के खातों में पहुंचाये हैं। संसद और विधान सभा से जब तक किसानों के हक कानून नही बनेंगे, तब तक किसान का भला होने वाला नहीं है। जिलाध्यक्ष स.जोरावर सिंह की मांग पर लकी गौसल को कार्यकारी जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। पंचायत में तय हुआ कि आगामी 31 अगस्त को नगर के शिव इंटर कॉलेज में महाप. चायत होगी। पंचायत में अंकित चौधरी, खचेडू यादव, योगेन्द्र



सिंह, रमेश यादव, भुवनेश गिरि, भगवन्त सिंह, महीपाल सिंह, नरेन्द्र सिंह, बलराज सिंह, बिजेन्द्र सिंह, रामकिशन सिंह, रमेश सिंह, सुरेन्द्र सिंह, गजराज सिंह आदि मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार कार ने बाइक को रौंदा, दो युवक घायल

### अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** शहर में बिजनौर मार्ग पर तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो युवकों को रौंद दिया। हादसे में दोनों गंभीर घायल हो गया। एक युवक की घुटने की हड्डी टूट गई तथा सिर में भी गंभीर चोट आई। उसकी हालत चिंताजनक देखते हुए चिकित्सकों ने मेरठ रेफर कर दिया। मामले में कार नंबर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

शहर के मोहल्ला मच्छट्टा में मुन्न का परिवार रहता है। उनका बेटा जुबैर पेशे से मजदूर है जो इस वक्त अतरासी रोड स्थित एक आम के बाग में मजदूरी कर रहा है। दस जुलाई की रात में करीब सवा नौ बजे जुबैर अपने दोस्त नसीम के साथ बाइक पर सवार होकर बाग से घर की ओर जा रहा था। अभी इनकी बाइक अटल चौक से कुछ ही आगे पहुंची थी कि गलत दिशा से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई जबकि जुबैर व नसीम गंभीर घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई तथा हादसा अंजाम देने वाला चालक कार लेकर भाग निकला। सूचना मिलते ही जुबैर के परिजन मौके पर पहुंच गए तथा तुरंत ही दोनों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सकों ने जुबैर की हालत चिंताजनक देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। हादसे में उसकी घुटने की हड्डी टूट चुकी थी जबकि सिर में भी गंभीर चोट थी। वहीं, नसीम का उपचार शहर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि मामले में जुबैर के भाई जैद की तहरीर पर कार के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही है। आरोपी चालक को जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### डीएम-एसपी ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

# कांवड़ियों के मार्ग पर बरतें विशेष सतर्कता



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** डीएम निधि गुप्ता व एसपी अमित कुमार आनंद ने शनिवार दोपहर डिडौली व नौगावां सादात क्षेत्र के अलावा शहर में कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया। व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए विशेष सतर्कता बरतने को लेकर अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नगर पालिका, नगर पंचायत के साथ ही बिजली व स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए तत्काल तैयारियां पूरी करने की बात कही। किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने की हिदायत दी। डीएम ने श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन को लेकर तीनों थाना क्षेत्र से जोड़ने वाले मार्गों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती कराते हुए सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। वहीं, एसपी ने सीसीटीवी कैमरों की लाइव फीड चेक करते रहने के अलावा कांवड़ यात्रा मार्ग की निगरानी ड्रोन से कराने की बात कही। कहा कि श्रद्धालुओं के आने-जाने के मार्ग पर विशेष सतर्कता एवं निगरानी तथा प्रभावी ड्यूटी की व्यवस्था करें तथा हादसों से बचने के लिए रूट डायवर्जन प्लान का भी सख्ती से पालन कराएं। इस दौरान सीओ सिटी शक्ति सिंह, सीओ नौगावां सादात अवधभान भदौरिया के अलावा प्रभारी निरीक्षक डिडौली हरीश वर्धन सिंह, प्रभारी निरीक्षक नौगावां सादात सुनील कुमार व प्रभारी निरीक्षक नगर पंकज तोमर मौजूद रहे।

# बिजली के तार पर पैर पड़ने से राजमिस्त्री की मौत

### लघुशंका को जाते समय हुआ हादसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** प्लॉटिंग पर 45 वर्षीय राजमिस्त्री विजयपाल की करंट लगने से मौत हो गई। चारदीवारी करते समय वह लघुशंका के लिए पास में गए थे वहां बिजली के तार पर पैर रखा गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की, परि. जनों से बातचीत कर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। राजमिस्त्री की मौत से परिजनों के बीच कोहराम मचा है।

थाना क्षेत्र के गांव रहमापुर खालसा में किसान ख्यालीराम का परिवार रहता है। पेशे से राजमिस्त्री मृतक विजयपाल सिंह उनके बेटे थे। उनके परिवार में तीन बेटे आकाश, अमित व अनित हैं जबकि पत्नी की मृत्यु हो चुकी है। परिजनों के मुता. बिक क्षेत्र में हाईवे पर स्थित एक निजी मेडिकल कॉलेज के पास एक जमीन पर प्लॉटिंग का काम चल रहा है। शनिवार को विजयपाल सिंह प्लॉटिंग पर चारद. ीवारी कर रहे थे। बताया जा रहा है कि प्लॉटिंग के पास से 33 हजार केवीए की हाई वोल्टेज लाइन गुजर रही है। घटना दोपहर करीब 12 बजे की है। लघुशंका के लिए विजयलाल सिंह जब प्लॉटिंग के दूसरी छोर पर गए तो वहां जमीन पर बिजली का तार पड़ा था, बेध्यानी में तार पर पैर पड़ने से वह करंट की चपेट में आ गए। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। विजयपाल की मौत की जानकारी से परिवार में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजन घटनास्थल पहुंच गए। थोड़ी देर में पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। घटना की जानक. ारी करते हुए जांच-पड़ताल की तथा शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परिजनों की तहरीर के आधार पर मामले मे अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम के आदेश पर राजस्व विभाग की टीम ने भूमि को किया कब्जा मुक्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी/रामपुर।** क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम छितौनी में अवैध कब्जे की समस्या को लेकर राजस्व टीम द्वारा कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार छितौनी गाँव के प्रधान प्रतिनिधि राजीव चौधरी ने जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह को प्रार्थना पत्र देकर अवैध कब्जा भूमि की शिकायत की थी जिलाधिकारी ने संज्ञान में लेते हुए राजस्व विभाग को आदेश दिया था। जिसपर राजस्व विभाग ने आलमगीर पुत्र अल्ला नूर निवासी छितौनी को नोटिस दिया था।

आलमगीर ने भूमि पर पेड़ लगा रखे थे ।जिनको काटकर भूमि खाली की गई। राजस्व निरीक्षक कल्याण सिंह ने



बकतया आलमगीर द्वारा द्वारा 13 बीघा नदी की जमीन पर अवैध कब्जा किया हुआ था। जो लगभग 12 वर्षों से अधिक समय से कब्जा किए हुए हैं। राजस्व टीम द्वारा जमीन की माप की गई है और अवैध कब्जे की पुष्टि की गई है।

टीम द्वारा अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई की गई।ग्राम छितौनी में अवैध कब्जे की समस्या को लेकर राजस्व टीम द्वारा की गई कार्रवाई से यह स्पष्ट है कि प्रशासन अवैध कब्जों के खिलाफ सख्त है। आलमगीर पुत्र अल्ला नूर द्वारा 13 बीघा नदी की जमीन पर अवैध कब्जा किया गया था, जिसे राजस्व विभाग की टीम ने हटाने की कार्रवाई की अवैध कब्जों से सरकारी जमीन का दुरुपयोग होता है और राजस्व की हानि होती है।

नदी की जमीन पर अवैध कब्जे से पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है और जल संसाधनों पर भी प्रभाव पड़ता है। इस दौरान बालियान सिंह राजस्व निरीक्षक, संजय कुमार, नीरज चौधरी ग्राम प्रधान, राजीव सिंह प्रधान प्रति. निधि आदि मौजूद रहे।

# थाना समाधान दिवस में आई सात शिकायतें, तीन का मौके पर निस्तारण

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक/ रामपुर।** कोतवाली परिसर में नायब तहसीलदार अंकित अवस्थी व प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। थाना समाधान दिवस में सात फरियादी अपनी शिकायत लेकर थाना समाधान दिवस में पहुंचे और अधिकारियों द्वारा मौके पर तीन शिकायतों का निस्तारण किया गया। वहीं शेष चार शिकायतों के लिए संबंधित विभाग को भेजा गया नायब तहसीलदार अंकित अवस्थी ने बकाया शिकायतों को जल्द से जल्द निस्तारण करने को लेकर अपने अधीनस्थों को शिकायतों को जल्द से



जल्द निस्तारण करने के आदेश दिए। इस मौके पर अपराध निरीक्षक राघवेंद्र प्रताप सिंह, राजस्व निरीक्षक रामप्रसाद, रामचरण, यासीन, लेखपाल अभिषेक कुमार शर्मा, अजय कुमार, सुनील कुमार,चंचल, जितेंद्र, अशोक सागर आदि मौजूद रहे।

## कार की टक्कर से दो घायल, एक रेफर

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/रामपुर।** शनिवार को क्षेत्र में कर की टक्कर से दो बाइक सवार घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया। जानकारी के अनुसार जिला बरेली गांव गुलरिया निवासी अजय पुत्र राम. निवास अपनी मोटरसाइकिल से अपने चाचा ठाकुरदास को ढकिया छोड़ने आए थे। अपने चाचा को छोड़कर वह अपने गांव वापस जा रहे थे। रास्ते में तेज रफ्तार से आ रही कार ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिससे अजय और उसका चचेरा भाई विवेक बाइक सहित रास्ते में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची एंबुलेंस 32 म्ळ 9235 पायलट संजीव कुमार ईएमटी सर्वेश द्वारा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया। जहां दोनों को प्राथमिक उपचार दिया गया और अजय की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# थाना समाधान दिवस में सुनीं समस्याएं



शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद।** शनिवार को कोतवाली शाहबाद में थाना समाधान दिवस में सुनी जन समस्याएं। थाना समाधान दिवस में नायब तहसीलदार हरि जोशी द्वारा लोगों की समस्याएं सुनी गई और कुछ का मौके पर निस्तारण किया गया बाकी बची हुई शिकायतो को संबंधित अधिकारियों को सोप दिया गया। थाना समाधान दिवस पर नायब तहसीलदार हरीश जोशी कस्बा इंचार्ज आदेश कुमार दरोगा समेत कई लेखपाल और समस्त पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# दलित युवक की पीटकर हत्या करने वाले आरोपी एनकाउंटर में घायल

## मृतक के घर पहुंचे डीएम एवं एसपी और अंबेडकरवादी संगठन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** जिले के बिलासपुर में ड्यूटी पर निकले दलित युवक पर धारदार हथियारों से हमला कर मौत के घाट उतारने वाले प्रकाश में आए दो अभियुक्त को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। जबकि तीन आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

रामपुर जिले के बिलासपुर में प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि उन्हें शुक्रवार की मध्यरात्रि मुखबिर की सूचना मिली कि उत्तराखंड के जीडी गोयन का स्कूल की तरफ से आने वाली सड़क वह मय फोर्स के साथ चौकिंग करने लगे तभी केसरिया नवीन रेस्टोरेंट के पास संदिग्ध अवस्था में खड़े दो व्यक्ति पर जब टॉर्च की रोशनी डाली गई तो, उनमें से एक ने सीधे पुलिस कर्मियों पर फायर किया जिसमें पुलिस कर्मी बाल-बाल बच गए तभी पुलिस द्वारा आत्मा रक्षार्थ फायर किया गया। जिसमें अभियुक्त शाकिर के दाहिने पैर में गोली लगी जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया जबकि अभियुक्त विशाल ने आत्मसमर्पण कर दिया।

प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक घायल शाकिर के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर,एक खोखा नाल में फसा,दो कारतूस ,जबकि विशाल के कब्जे से दो कारतूस 315 बोर की बरामदगी दिखाई गई है। इसके बाद घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बता दें कि बीती आठ जुलाई की सुबह दस बजे भैसिया ज्वालापुर गांव निवासी स्व.मोहनलाल का 19 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार गांव के ही एक युवक के साथ उत्तराखंड के गदरपुर स्थित ड्यूटी पर जा रहा था तभी हाईवे पर एक ढाबे के सामने आधा दर्जन लोगों ने उस पर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर लहुलुहान कर दिया था जिसके बाद उसे सीएचसी के बाद जिला चिकित्सालय और फिर उत्तराखंड के



रूद्रपुर स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया था।

उधर घटना का छह सेकेंड का वीडियो वायरल होने के बाद और घायल के भाई रंजीत सिंह ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी उसके बाद कोतवाली पुलिस ने तीन नामजद सहित आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया था।जहां घायल युवक ने शुक्रवार की रात करीब आठ बजे उपचार के दौरान दम तोड़ दिया जिससे उसके परिवार में हड़कंप मच गया। इस मौके पर भीम आर्मी के मंडल परिवार राजेश खन्ना आर्मी के प्रदेश प्रभारी सतपाल सिंह बादल महावीर सिंह इन कुमार अशोक बाबू वा गांव के समस्त लोग मौजूद रहे। वहीं पुलिस ने मुकदमे में वांछित इमरान, रिजवान व नितिन को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक देवेन्द्र, प्रमोद शर्मा, ललित कुमार, अमित कुमार, हेड कांस्टेबल राजीव, फैसल, आशीष राणा आदि मौजूद रहे।

# चंद्रवंशी भुर्जी समाज उत्थान समिति ने पत्रकारों को किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/रामपुर।** शुक्रवार को चंद्रवंशी भुर्जी समाज उत्थान समिति ने शाहबाद क्षेत्र के पत्रकारों का स्वागत किया। जयतोली रोड स्थित चंद्रखरताल मंदिर पर चले तीन दिवसीय कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश ही नहीं अन्य कई प्रदेशों से चंद्रवंशी भुर्जी समाज के लोगों ने आकर महाराज की समाधि पर माथा-टेका और प्रसाद चढ़ाकर भंडारा ग्रहण किया था।

इन तीन दिनों की बेहतरीन कवरेज शाहबाद क्षेत्र की मीडिया द्वारा की गई जिससे इस प्रसिद्ध मंदिर की पहचान भारत के कोने-कोने तक पहुंची। चंद्रवंशी भुर्जी समाज उत्थान समिति ने समस्त मीडिया बंधुओं को आमंत्रित कर उन्हें शाल ओड़ाकर और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित



किया।

इस अवसर पर पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष आफताब बेग, महासचिव सिफत मियां, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एहसान खान, प्रवक्ता अखिलेश रस्तोगी, कोषाध्यक्ष मुस्तफा हुसैन, उपाध्यक्ष शराफत हुसैन, आकाश शंकर और राजीव भटनागर, विधिक सलाहकार अभिषेक शर्मा, संयुक्त सचिव विशाल जोशी, जहीर खान, फैजी खान, सुमित कश्यप आदि रहे। वहीं चंद्रवंशी भुर्जी समाज उत्थान समिति के अध्यक्ष प्रदीप चंद्रवंशी, लक्ष्मी नारायण चंद्रवंशी, वेद प्रकाश चंद्रवंशी, अमित चंद्रवंशी, विनोद चंद्रवंशी व राजा चंद्रवंशी सहित अने. कों लोग रहे।

# अपरहण की सूचना पर दौड़ी उत्तराखंड और यूपी पुलिस

## वाहन ओवरटेक करने को लेकर हरियाणा के पर्यटकों के साथ मारपीट का निकला मामला

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी।** पट्टी कला क्षेत्र में युवक के अपहरण की सूचना से पुलिस प्रशासन में खलबली मच गई यूपी उत्तराखंड पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल के बाद मामला दो पक्षों के बीच मारपीट का निकला। शुक्रवार की देर शाम डायल 112 को सूचना मिली कि उत्तराखंड बॉर्डर स्थित मिलक नौखरीद हाईवे पर कुछ लोग एक युवक को जबरन कार में डालकर ले जा रहे हैं। सूचना पाकर मसवासी पुलिस और सुल्तानपुर पट्टी पुलिस एक्टिव हो गई कोतवाल प्रदीप मलिक सीओ अतुल कुमार पांडे मौके पर पहुंचे और वहां मौजूद लोगों से पूछताछ की। प्रारंभिक जांच में पाया गया की हरियाणा के कुछ युवक पर्यटक नगरी नैनीताल से घूम कर लौट रहे थे। मार्ग पर कार ओवरटेक करने को लेकर कुछ लोगों को से कहासुनी हो गई देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई राहगीरों ने किसी तरह बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। चौकी प्रभारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि किसी व्यक्ति ने फोन पर युवक के अपहरण की सूचना दी थी जांच में ओवरटेक करने को लेकर मामला दो पक्षों के बीच मारपीट का निकला। बाद में हरियाणा के पर्यटक अपने गंतव्य को रवाना हो गए। पुलिस टीम को मौके पर कोई पक्ष नहीं मिला सूचना पाकर सुल्तानपुर पट्टी के चौकी प्रभारी संदीप शर्मा भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए थे।

# सूरज कुमार को अम्बेडकर पार्क में दी गई श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ रामपुर की बैठक अंबेडकर पार्क रामपुर में आयोजित हुई, जिसमे सामाजिक समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया और दलित उत्पीड़न के शिकार भैंसिया ज्वालापुर निवासी सूरज कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष महावीर सिंह और संचालन जिला मंत्री रामौतार अंबेडकर ने किया।बैठक में संरक्षक अमर सिंह,महा सिंह, जसराज सिंह प्रवक्ता सत्यपाल सिंह बादल, एडिटर राजेश खन्ना, चन्द्र पाल सिंह,वंशीलाल ,



पूर्व कोषाध्यक्ष हरि सिंह जी ने भी विचार व्यक्त किए।

# संदिग्ध परिस्थितियों मे युवक का शव जंगल में मिला, हत्या का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक /रामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जगन्नाथपुर के जंगल में 38 वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने पर गांव में सनसनी फैल गई सूचना पर परिजन तथा पुलिस गांव पहुंची और मृतक की पहचान भगवान दास 38 वर्ष पुत्र बांकेलाल निवासी ग्राम जगन्नाथपुर थाना मिलक जिला रामपुर के रूप में हुई।

**घर से चरी काटने का कहकर कर ले गए थे आरोपी**

परिजनों ने लगाया हत्या करने का आरोप पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है मृतक के भाई मुन्ना लाल ने कोतवाली में तहरीर दी है। जिसमें आरोप है गांव के ही कि तीन लोग मेरे भाई को बुला कर चरी काटने को जंगल में ले गए और कच्ची शराब सभी लोगों ने पी लोगों ने मेरे भाई भगवान दास को हत्या कर खेत में डाल दिया।

मृतक के भाई मुन्ना लाल ने कोतवाली में तहरीर दी है और जांच कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# तेज बारिश से नगर में हुआ जलभराव





**एक घंटे की बारिश ने खोली नगर की सफाई व्यवस्था की पोल**

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/रामपुर।** शनिवार को लगभग एक घंटे झमाझम बारिश से शहर के नाली और नाले उफना उठे। चारो तरफ पानी ही पानी नजर आया। झमाझम बारिश में नगर शाहबाद के फर्राशान, सरकारी अस्पताल के सामने, मंगोली समेत कई मोहल्ले में जल भराव हो गया।

गलियों और चौराहे पर जल भराव हो गया। चंदौसी चौराहे और सरकारी अस्पताल के सामने दुक. ानदारों की दुकानों में जलभराव हो गया। दुकानदारों द्वारा बताया गया कि उन्होंने कई बार इसकी शिकायत नगर पंचायत शाहबाद को की है कुछ सफाई कर्मी आते हैं ऊपर से नल की सफाई करते हैं और चले जाते है। लोगों को कहना है कि पिछले कई वर्षों से में ऐसा नहीं हुआ लेकिन एक वर्ष से यही हो रहा है। उनकी कई शिकायतों के बाद इस समस्या का कोई हल नहीं निकल रह है।

# कोतवाली पुलिस ने आधा दर्जन का किया शांति भंग में चालान

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक /रामपुर।** कोतवाली मिलक जनपद रामपुर द्वारा आज आधा दर्जन व्यक्तियों का शान्ति भंग मे चालान किये गये।

पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर के निकट पर्यवेक्षण मे तथा सी.ओ. मिलक जनपद रामपुर के कुशल नेतृत्व मे कोतवाली मिलक पुलिस ने आज आधा दर्जन अभियुक्तगणों का चालान मारपीट पर उतारू होने के कारण शान्ति भंग में न्यायालय एस0डी0एम0 मिलक रवाना किया गया है। अभियुक्तगण छदम्मी पुत्र हेतराम उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम कूप थाना मिलक जनपद रामपुर व पार्टी द्वितीय के छत्रपाल पुत्र ढाकनलाल उम्र करीब 55 वर्ष निवासी ग्राम नौराहा थाना मिलक जनपद रामपुर, नाजिम पुत्र शब्बीर उम्र 24 वर्ष , फरयाद पुत्र अली हुसैन उम्र 21 वर्ष, शाकिर पुत्र अली हुसैन उम्र 23 वर्ष निवासी मो0 बसीरनगर थाना मिलक जनपद रामपुर और कुलदीप पुत्र ओमवीर उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम नवदिया थाना मिलक जनपद रामपुर है।

# संगठित रहकर ही समाज की विरोधियों को दिया जा सकता है मुंहतोड़ जवाब

## तुरैहा मछुआ समाज की बैठक में समाज को एकजुट करने का आह्वान

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहाबाद।** शनिवार को तुरैहा मछुआ समाज की बैठक ग्राम में मियागंज में हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष कमल कुमार ने कहा कि हमने 30 वर्ष युवाओं और समाज के उत्थान के लिए दिए हैं। इसका परिणाम है कि आज संगठन अपनी एक अलग पहचान बन चुका है।

संगठन की क्रियाकलापों से प्रभावित होकर तमाम युवा संगठन से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब संगठन निष्क्रिय पदाधिकारी अथवा कार्यकर्ताओं को किसी हाल में बर्दाश्त नहीं करेगा। संगठन के प्रति निष्ठा रखने वालों को ही संगठन में जगह मिलेगी। पद को लेकर आराम फरमाने वालों का संगठन में कोई काम नहीं है।

जिला अध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा कहा कि 30 वर्ष होने के बाद संगठन पूरे यौवन पर है। ऐसे में हमारे प्रत्येक साथी के अंदर उर्जा नई उमंग होनी चाहिए। उन्होंने कहा की पुरानी समस्त कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है और नए कार्यकारी का गठन भी कर दिया गया है।

कार्यकर्ताओं को उनके कर्तव्य निष्ठा के आधार पर दायित्व सेप जाएंगे। कुछ पुराने चेहरे को उनके पुराने पदों पर भी लाया जा सकता है। इस दौरान प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को कम से कम 100 सदस्य बनाने का दायित्व सौंपा जाएगा। जिला अध्यक्ष ने आगे कहा कि अब अगर संगठन के साथ रहना है तो धरातल पर काम करके दिखाना होगा।

सब लोग संगठन की विस्तार की दिशा में कार्य आरंभ कर दें। उन्होंने आगे कहा कि आज हमारा समाज शिक्षा व रोजगार में काफी पीछे चला गया है। इसका मुख्य कारण समाज को आज की राजनीति में उचित प्रति. निधित्व नहीं मिल पाया है उन्होंने समाज में शिक्षा व समाज की एकता पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि समाज का युवा वर्ग एक होकर रहना जरूरी है। उन्होंने कहा कि समाज के लोग नेतृत्व विक.




सित करें। संगठित रहकर ही समाज की विरोधियों को मुंहतोड़ जवाब दिया जा सकता है। इसलिए जब तक रहे एक रहे।

उन्होंने कहा कि अबकी बार रामपुर में मासिक बैठक होगी जिसमें युवा संगठन और महिला संगठन का भी गठन किया जाएगा। इस मौके पर मुरारी लाल तुरैहा, जगदीश कुमार, धर्म दास, राम बहादुर, जीवनदास, राम किशोर तुरैहा, गोविंद राम, राजीव कुमार तुरैहा, राजू तुरैहा, दीनदयाल, मोहित तुरैहा, रवि तुरैहा, आकाश तुरैहा, रामभरोसे तुरैहा , आदि मौजूद रहै। संचालन जिला सचिव परमेश्वरी लाल ने किया।

# निकाय एवं ब्लॉक कांग्रेस प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में नगर निकाय, नगर पंचायत एवं ब्लॉक कांग्रेस प्रति. निधियों की एक बैठक एआईसीसी सदस्य मुतिउर्रहमान ष्बब्लूष के निवास पर आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रमिल कुमार शर्मा निक्कू पंडित ने की, जबकि संचालन जिला महासचिव एवं कार्यालय प्रभारी शकील मंसूरी ने किया।

जिलाध्यक्ष प्रमिल कुमार शर्मा ने कहा कि नगर निकाय, नगर पंचायतों और ब्लॉकों में कांग्रेस की सांगठनिक उपस्थिति को मजबूत किया जा रहा है ताकि जनता से सीधा संवाद स्थापित किया जा सके।

एआईसीसी सदस्य मुतिउर्रहमान बब्लू ने कहा कि संगठनात्मक ढांचे को मजबूत किए बिना कोई भी राजनीतिक संघर्ष सफल नहीं हो सकता।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से जमीनी स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

जिला उपाध्यक्ष साहिर रजा खान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हर वर्ग की आवाज उठाने के लिए प्रतिबद्ध है और प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठन की रीढ़ बनना होगा। बैठक में नगर निकाय, नगर पंचायत, ब्लॉक एवं मंडल कमेटियों का गठन किया गया।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व प्रमुख खुर्शीद अहमद, एहसान खां राजू, इरफान अंसारी, वासिक अली, जमील मियां, निजाम पाशा, जिला महासचिव जलीस अहमद, वकील अहमद, उमेश दुबे, मोहम्मद फुरकान, जिला सचिव इरफान पाशा, नासिर अली अंसारी, अतीक अहमद, स्वार ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद यूसुफ, सैदनगर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, स्वार नगर अध्यक्ष मुकर्रम मियां, ताहिर अंजुम सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विवाहित की संदिग्ध मौत, पति पर गला दबाकर हत्या का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** कोतवाली क्षेत्र के मुसिया नगला गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका राजबाला (30) के परिजनों ने उसके पति सुरेश पर हत्या का आरोप लगाया है। कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शुक्रवार रात को हुई इस घटना की सूचना मिलते ही रामपुर जिले के शाहाबाद थाना क्षेत्र से मृतका के मायके वाले मौके पर पहुंच गए। मृतका के भाई अमर सिंह ने बताया कि राजबाला की शादी सुरेश के साथ 2016 में हुई थी। दंपति के कमल 8 वर्ष व गौरव 5 वर्ष दो बेटे हैं। शादी के कुछ समय बाद दोनों बिसौली में रहने लगे थे। आरोप है कि इस दौरान सुरेश का किसी अन्य युवती से प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। जब राजबाला ने इसका विरोध किया तो पति-पत्नी के बीच विवाद बढ़ गया। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मायके पक्ष के आरोपों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।




# सहसवान में विवाहिता की संदिग्ध मौत

**आतिफ निसार जैनू, शाह टाइम्स**

**सहसवान।** विवाहिता की मौत उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज में हुई मौत आयशा पुत्री मोहम्मद हारुन 22 वर्ष की शादी अब से लगभग डेढ वर्ष पहले मुस्लिम रीति रिवाज के साथ जफर अली पुत्र मुनस्सिर अली ग्राम नादायल में हुई थी विवाहित के स्वजनों का आरोप है कि उसके ससुराल वाले आए दिन दान दहेज को लेकर उसको प्रातंडित करते थे विवा. हिता के स्वजनों ने बताया की शुक्रवार की शाम के लिए उसके पति जफर का फोन आया कि तुम्हारी बेटी ने कुछ नशीला पदार्थ खा लिया है हम इसको लेकर सहसवान डॉक्टरों के यहां पर लेकर जा रहे हैं आयशा का पति जफर व उसकी मां सहसवान चिकित्सकों के पहुंचे जहां हालात गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने मना कर दिया।

राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया विवाहिता के परिजन जैसे ही मेडिकल कॉलेज पहुंचे तो वहां से विवाहिता के ससुराल वाले आशा को मृत अवस्था में छोड़कर फरार हो गए जहां आयशा की उपचार के दौरान मौत हो गई वहीं विवाहिता के परिजनों का आरोप है कि ससुराल में सास नानद व देवर व पति ने जहरीला पदार्थ देकर उसकी हत्या कर दी।

# सड़क किनारे देव स्थान से टकराई बाइक, युवक की हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** गुरु पूर्णिमा की शाम के वक्त आसफपुर से बिलारी मार्ग पर स्थित गांव राज टिकौली में देवस्थान के चबूतरे से दो बाइक सवार संतुलन खो बैठे जिससे मोटर साइकिल चालक विनोद का बुरी तरह सिर फट गया व बाइक पर बैठे वीरेश को गंभीर चोटें आईं। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे आसफपुर पुलिस चौकी प्रभारी अली मियां जैदी, उपनिरीक्षक चंद्र शेखर सिंह, हेड कांस्टेबल प्यारे खां ने घायल दोनों बाइक सवारों को स्थानीय सी एच सी पर भर्ती कराया जहां प्राथमिक जांच के उपरांत डॉक्टरों की टीम ने घायल विनोद को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे बाइक सवार वीरेश की हालत नाजुक बनी हुई है। इस घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिवार में रुदन मच गया। मृतक 27 वर्षीय विनोद पुत्र पृथ्वीराज व घायल वीरेश (26) पुत्र महेश दोनों युवक थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव मो. हकमपुर व ठिरिया निवासी बताए जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। यह घटना गुरु पूर्णिमा के दिन गुरुवार शाम की बताई जा रही है।




# मशीन गिरने से मजदूर की हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** बिसौली - हाल ही में थाना बिसौली के विकास खंड आसफपुर क्षेत्र के गांव मलखानपुर में एक किसान के मकान का लेंटर डालते समय राजमिस्त्रियों के साथ काम करने वाले मजदूर के ऊपर बजरी व सीमेंट का खोल तैयार करने वाली मशीन गिरने से मजदूर बुरी तरह घायल हो गया।

जिसे आननफानन में बिसौली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां घायल मजदूर की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों की टीम ने बरेली के निजी अस्पताल को रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान घायल मजदूर की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक आसफपुर क्षेत्र के गांव मलखानपुर में थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव पेपल निवासी मजदूर राजमिस्त्रियों के साथ लेबर के साथ काम करने आए मजदूर के ऊपर अचानक बजरी सीमेंट मिलाने वाली मशीन का बेलचा ऊपर गिर गया जिससे मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसकी इलाज के दौरान बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई, यह घटना बीते बुधवार की बताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव मलखानपुर में एक बुधवार को एक संपन्न किसान व नेतागीरी से जुड़े संभ्रांत व्यक्ति के मकान निर्माण का कार्य करने गांव पेपल निवासी एक मजदूर मलखानपुर आया था।



# घर में चूल्हे पर खाना बना रही महिला की करंट लगने से हुई मौत

## चूल्हे के पास सोलर पैनल के पाइप में अचानक उतरा करंट

### परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम के किया अंतिम संस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंवर गांव।** थाना क्षेत्र के एक गांव में चूल्हे पर खाना बना रही महिला की करंट से मौत हो गई महिला की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कार्यवाही के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

हादसा कुंवर गांव थाना क्षेत्र के गांव अहरुइया में शनिवार सुबह लगभग आठ बजे उस समय हुआ जब सुनीता पत्नी राजकुमार उम्र 42 वर्ष चूल्हे पर खाना बना रही थी। बराबर में ही पाइप सोलर पैनल लगा हुआ हुआ थे जिसे रोकने के लिए सेप्टिक तार बांधकर पड़ोसी के छत पर निकली लैंटर की सरिया में बांध रखा था। शनिवार सुबह अचानक पड़ोसी की केविल कटी होने के दौरान सैप्टिक तार के सहारे पाइप में करंट उतर आया पाइप के पास चूल्हे पर रोटी बनाते समय महिला का हांथ पाइप से टच हो गया और वह करंट की चपेट में आ गया। जबतक घर में बच्चे और पड़ोसी बचाने के दौड़े तब तक महिला बेसुध हो चुकी थी। आनन-फानन में परिवार वाले महिला को जिला अस्पताल लेकर गए।

जहां डाक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। परिजन बिना पोस्टमार्टम कार्यवाही के महिला के शव को घर ले आए और गांव बिना कार्यवाही के अंतिम संस्कार कर दिया। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है महिला के चार बच्चे रमन कुमार, लक्ष्मी, लवली और रागिनी हैं महिला के पति राजकुमार आंवला तहसील में प्राइवेट नौकरी करते हैं।



# भगवान के बाद ब्राह्मण पूज्य है : राधेश्याम महाराज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** आदि माता काली शक्ति पीठ, शिव मंदिर प्रांगण में चल रहे पंचकुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का तृतीय दिवस भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक को संत कुंज आश्रम, सतना से पधारे पूज्य श्री श्री 1008 राधेश्याम महाराज जी ने वेद मंत्रों की दिव्यता से वातावरण को पवित्र किया। उनके प्रवचन से श्रद्धालुओं को आत्मिक शांति और प्रभु भक्ति का दिव्य अनुभव हुआ। गुरुगांव आश्रम के संत शरण महाराज ने ब्राह्मण सेवा को परम सेवा बताया। उन्होंने कहाख्न भगवान के बाद ब्राह्मण पूज्य हैं, वही धर्म और संस्कृति के संवाहक हैं। घृत आहुतियों की शुभ गंध, मंत्रोच्चार और भक्तों के श्जय श्री लक्ष्मी नारायणश के उद्घोष से यज्ञशाला भक्तिरस में डूबी रही। श्रद्धालुओं ने यज्ञपुरुष भगवान की परिक्रमा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर प्रमुख यजमान वीरेंद्र बाबूजी, पवन मिश्रा, अनुपम गुप्ता, कौशल शर्मा, राजेश मीना, डॉ. अजीत सहित सेवादार मनु, राजा, संदीप, हरपाल गिरी आदि भक्तगण मौजूद रहे।

# कुंवरगांव से केदारनाथ धाम को गंगाजल चढ़ाने के लिए पैदल घर से निकला युवक

### सोशल मीडिया पर वीडियो हुआ वायरल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** नगर कुंवरगांव से एक युवक केदारनाथ धाम बाबा भोलेनाथ को जल चढ़ाने के लिए पैदल निकला है, यह युवक शुक्रवार से पैदल यात्रा कर रहा है। उसका उद्देश्य अपने पिता का सपना साकार करना तथा सनातन धर्म का प्रचार करना है। वह वीए का छात्र है, उसका सपना इण्डियन आर्मी में जाने का है, यह युवक जनपद बदायूं के नगर कुंवरगांव निवासी गिरीश चन्द्र झा का पुत्र 28 वर्षीय चेतन प्रकाश है, वह हरिद्वार से जलभरकर केदारनाथ धाम चढ़ायेगा, आपको बता दें कि नगर में रहने गिरीश चन्द्र झा एक छोटी सी दुकान में कारपेंटर का कार्य करते हैं उनका सपना था कि वह हरिद्वार से गंगाजल लेकर केदारनाथ धाम में भोलेनाथ को जल चढायें, लेकिन वह अस्वस्थ होने के कारण नहीं जा सके और अपना यह सपना साकार नहीं कर सके, हांलाकि वह कई गत बर्षों से कुंवर गांव जत्थे के साथ हरिद्वार से जल लाकर नगर कुंवरगांव में भोलेनाथ को चढ़ाते चले आये हैं, केदारनाथ धाम जल चढाने की उनकी इस इच्छा को पूर्ण करने के लिए उनका बेटा चेतन शर्मा ने मन में ठानी और वह शुक्रवार को सुबह छः बजे घर से रवाना हो गए हैं कुंवरगांव से केदारनाथ धाम की दूरी लगभग 474 किलोमीटर है जहां वह शनिवार शाम तक बिलारी लगभग 100 किलोमीटर तक प्रस्थान कर चुके हैं। लोग चेतन शर्मा के फोटो वीडियो शोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं, जहां लोग उनके इस जज्बे की खूब तारीफ करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं।



# पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी तीन तस्कर किए गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंवर गांव।** थाना कुंवर गांव पुलिस ने शनिवार को बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने एक बोलोरो कार सहित एक किलो 600 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किए हैं। लखनऊ की एनसीबी संयुक्त टीम व थाना कुंवर गांव पुलिस को शनिवार को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक बोलोरो कार में तीन युवक सवार होकर अफीम की तस्करी करने जा रहे हैं। जहां टीम ने तत्परता दिखाते हुए आंवला बदायूं मार्ग पर चौकिंग कर रहे थे।

जहां एक बोलोरो कार आती दिखाई दी कार को रोकने के बाद अनिल कुमार पुत्र लखनपाल निवासी रुखाडाघ थाना सिरौली जनपद बरेली व रनवीर सिंह पुत्र गुलफाम सिंह निवासी ग्राम बहजुईया थाना आंवला जनपद बरेली को मय बोलोरो गाड़ी उत्तराखंड नम्बर गिरफ्तार किया गया जिनके पास 1.6 किलोग्राम अफीम बरामद की गई तस्करों से पूछताछ करने पर पता चला कि उनका साथी रुपचंद्र पुत्र बुद्धसेन निवासी ग्राम मिल्क बहादुरगंज थाना विशारतगंज जनपद बरेली की संलिप्तता पाई गई एनडीपीएस एक्ट के तहत रुपचंद्र को गिरफ्तार किया गया तीनों तस्करों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा पंजीकृत करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एनसीबी संयुक्त टीम लखनऊ व कुंवर गांव थाना प्रभारी वेदपाल सिंह व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# दो बाईकों की आमने-सामने भिड़ंत में चार लोगों की हुई दर्दनाक मौत





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** बिसौली कोतवाली क्षेत्र में एक भयानक हादसा हो गया जिसमें दो मोटरसाइकिलों की आमने सामने की भिड़ंत में चार लोगों की मौत हो गई तथा एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हम आपको बता दें कि गुरुवार को बिसौली कोतवाली व वजीरगंज क्षेत्र के करेगी वगरैन रोड पर ग्राम अलहुआ के पास दो मोटरसाइकिलो की आमने- सामने जबरदस्त भिडंत हो गई जिसमें बाइक सवार चार लोग की मौत हो गई तथा एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया बताया जाता है कि मृतक बच्चू सिंह पुत्र कुवंरसेन, सोमपाल पुत्र जागन, संजय पुत्र बच्चू सिंह, अतर सिंह पुत्र वीरेंद्र निवासी ग्राम करखेड़ी थाना बिसौली हादसे में मरने वाले सभी लोग व घायल एक ही गांव के रहने वाले है सूचना पर पहुंची बिसौली थाना पुलिस व एंबुलेंस 108 दो लोगों को बिसौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया वहीं तीन लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैदपुर मैं भर्ती कराया गया जहां दो लोगों को मृत्यु घोषित कर दिया गया तथा एक व्यक्ति कंबू रूप से घायल होने के चलते बदायूं जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया श्वही मौके पर मौजूद बिसौली कोतवाली प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह व थाना पुलिस ने मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया तथा थाना पुलिस पटना की जांच पड़ताल बा अग्रिम कार्रवाई मे जुटी।

# भारी बारिश होने की संभावना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** वैद्यता 4:20 PM से 3 घंटे तक) को आपके जनपद बदायूं के कुछ क्षेत्रों में हल्की आँधी-तूफान (हवा की गति 40 किमी/घंटा से कम), वज्रपात (आकाशीय विद्युत): बिजली गिरने की संभावना 30% से कम, भारी बारिश: 15 मिमी/घंटा से अधिक होने की संभावना है। कृपया सतर्क एवं सुरक्षित रहें। जर्जर मकान आदि में शरण न लें बिजली के तारों, ऊँचे पेड़ो एवं जलश्रोतों से दूर रहें।

# एक साथ उठी चार आर्थियां तो हर आंख हुई नम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** वजीरगंज - बीते दिन गुरुवार को थाना बिसौली व वजी. रगंज क्षेत्र के वगरैन करेंगी रोड पर ग्राम अलऊआ के पास दो मोटरसाइकिलों की भिड़ंत में चार लोगों की मौत हो गई तथा एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया तभी सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शव पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया वहीं आज पोस्टमार्टम होने के बाद मृतकों के शव जब गांव पहुंचे हाहाकार मच गया और हर आंख नम हो गई गमगीन माहौल में आज चारों मृतकों के शव का अंतिम संस्कार किया गया गांव करखेड़ी में एक साथ चार आर्थियां उठी तो हर व्यक्ति की आंख नम देखी गई और किसी के घर में चूल्हे नहीं जले वहीं अंतिम यात्रा में बिसौली क्षेत्र के जनप्रतिनिधि शामिल हुए और मृतकों के परिजनों को सांत्वना दी व हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

# खाटू श्याम बाबा के कीर्तन में रात भर झूमे लोग, महिलाओं ने भी भक्ति भाव में जमकर किया नृत्य

**अंकित कुमार गुप्ता, शाह टाइम्स**

**रुदायन।** नगर में स्थित राजपुर रोड पर ई रिक्शा स्टैंड पर बाबा श्याम का संकीर्तन का आयोजन किया गया। इसमें बाहर से आए कलाक. ारों ने बाबा श्याम के भजन कीर्तन सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। संकीर्तन में सर्वप्रथम श्री खाटू श्याम बाबा की प्रतिमा के सम्मुख अखंड ज्योति प्रचलित की गई। कलाकारों ने खाटू श्याम के एक से बढ़कर एक भजन सुनाए और भजनों की ऐसी रसधार बहाई की श्रद्धालु पूरी रात घूमते रहे। इस दौरान महिलाओं ने भक्ति भाव में खोकर जमकर नृत्य किया। आरती के बाद सभी को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर संजीव गुप्ता, नन्हु-विष्णु गुप्ता, पंकज गुप्ता, दिनेशचंद्र गुप्ता, कुन्नू गुप्ता, संकित, शुभम, शिवांग, धीरज, नीरज, ईशु, अमोद, प्रिंस, सचिन, आदि- मानव, ऋतिक, गिरिराज, मनेंद्र, कुलदीप, सरवन, जुगनेश, योगेश, कमल, रामप्रकाश, आदि समस्त लोग मौजूद रहे।



# विद्युत उपकेंद्र में फिर घुसा बरसात का पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिलहरी।** विधुत उप केंद्र विनावर परिसर में बीते दिनों से हो रही जोरदार हुई वरसात का पानी उपकेंद्र परिसर में बीते रात्रि से पानी घुस गया जिससे उप केंद्र क्षेत्र के थाना परिसर, साम. ुदायिक स्वास्थ्य घटपुरी सहित गांव बिनावर, पुठी, सिकरोडी, रफियाबाद, कुंडराचंकौध, रहमा, करतौली, नरखेडा, वरखेडा आदि करीब एक सौ वीस गांवों में बीते दो दिनों से विधुत आपूर्ति ठप्प हो गई है जिससे विधुत उपभोक्ताओ के विधुत उपकरण शोपीस बनकर रह गये है तथा सभी ग्रामों में अन्धकार छाया हुआ है मोबाइल चार्जिंग ठप्प हो गई है। इस, सम्बंध में एस डीओ बिनावर अमर सिंह ने बताया कि उपकेंद्र परिसर में फिर पानी घुस गया है विधुत उपकेंद्र के मशीनरी नहीं आ जाने से क्षेत्र की आपूर्ति ठप्प हो गई है पानी निकासी कराया जा रहा है पानी खाली होते ही विधुत आपूर्ति सुचारू करा दी जायेगी।

# एसडीएम राशि कृष्णा ने कोतवाली में फरियादियों की शिकायतें सुनकर त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** एसडीएम राशि कृष्णा ने बिसौली कोतवाली पहुंचकर फरियादियों की शिकायतें सुनी और कुछ समस्याओं का समाधान कर अन्य शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के अधीनस्थों को निर्देश दिए। शनिवार को थाना समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी राशि कृष्णा और तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला ने लोगों की शिकायतों को सुना।

ग्राम परवेजनगर अफगना निवासी महिपाल पुत्र सुखराम का आरोप है कि उसके भाई अमरसिंह ने दो बीघा खेत का बटवारा गलत तरीके से किया है। पीड़ित ने खेत का बटवारा सही तरीके से करवाने की गुहार लगाई है।

वही राजस्व संबंधी दो शिकायतों का तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला ने मौके पर ही निस्तारण करा दिया। इस दौरान तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला, इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह, राजस्व निरीक्षक विनोद कुमार शर्मा, शादव अली नकवी, लेखपाल अमित कुमार, संदीप कुमार, अनमोल मिश्रा, आदित्य कुमार, अरविंद कुमार, रामौतार यादव आदि उपस्थित रहे।

# डा. वर्मा के खिलाफ संगीनआरोप, अस्पताल बन गया अराजकता का केंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** अजिला अस्पताल इन दिनों इलाज का नहीं, बल्कि हिंसा और अराजकता का पर्याय बन चुका है। इस पूरे विवाद के केंद्र में अब वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. राजेश वर्मा का नाम भी सामने आया है। गुरुवार को अस्पताल के काउंसलर गौरव शंखधार पर जबरदस्त हमला हुआ। करीब 20-25 लोगों ने OPD के कमरे में घुसकर मारपीट की, नकदी और मोबाइल लूटा गया। गौरव ने आरोप लगाया है कि इस हमले के पीछे किसी और का नहीं बल्कि वरिष्ठ डॉक्टर राजेश वर्मा का हाथ है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर वर्मा ने पहले ही उन्हें धमकी दी थी - तेरी औकात नहीं, तुझे और तेरे भाई को सबक सिखाऊंगा। गौरव के भाई सौरभ को भी अस्पताल परिसर में पीटा गया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि यह हमला सुनियोजित था और डॉक्टर की शह पर हुआ। हमले का सीसीटीवी फुटेज सामने आ चुका है, जिसमें मारपीट और अफरा-तफरी साफ दिखाई दे रही है। गाड्र्स ने रोकने की कोशिश की, लेकिन हमलावरों ने उन्हें भी धकेल दिया।। सीएमएस डॉ. कप्तान सिंह यादव ने दोनों पक्षों की शिकायतें मिलने की पुष्टि की और निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। वहीं कोतवाली प्रभारी प्रवीण कुमार ने कहा कि अभी तक किसी पक्ष से तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलते ही जांच कर कार्रवाई की जाएगी। अब सवाल यह उठना है कि अगर आरोप सच साबित होते हैं तो क्या एक वरिष्ठ डॉक्टर वर्मा पर कार्रवाई होगी, शायद नहीं उन्होंने सरकारी आदेश को पहले ही राजनीतिक पहुंच के चलते ठेंगा दिखा दिया। उझानी में अस्पताल चलाने के बाद खुलेआम शेखुपुर में नर्सिंग कालेज संचालित करता है। क्या अधिकारियों की आंखें बंद हे। चिकित्सक ने ओहदे का गलत इस्तेमाल किया? क्या जिला अस्पताल में अब मरीज नहीं, बल्कि व्यक्तिगत दुश्मनियां तय होंगी? कहीं डॉक्टर की कुर्सी पर बैठकर कोई माफियागिरी तो नहीं चल रही?



# बुमराह घर से बाहर सबसे ज्यादा 5-विकेट लेने वाले भारतीय

● **रूट के टेस्ट में सबसे ज्यादा कैच, गिल के सीरीज में 600 रन पूरे**

**लाड्र्स, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुल. कर ट्राफी का तीसरा टेस्ट लंदन के लाड्र्स स्टेडियम में खेला जा रहा है। जसप्रीत बुमराह देश से बाहर टेस्ट में सबसे ज्यादा 5 विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए। वहीं शुभमन गिल इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में 600 रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बन गए। जो रूट टेस्ट में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले प्लेयर बने। वहीं। बुमराह के 450 विकेट पूरे जसप्रीत बुमराह ने पहली पारी में बेन स्टोक्स का विकेट लेने के साथ ही इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने 450 विकेट पूरे कर लिए। बुम. राह के नाम टेस्ट में 215, वनडे में 149 और टी-20 में 89 विकेट हैं। बुमराह ने पहली पारी में 5 विकेट भी लिए। टेस्ट में उन्होंने 15वीं बार 5-विकेट लिए। यह घर से बाहर उनका 13वीं बार 5-विकेट हाल रहा।

बुमराह घर से बाहर सबसे ज्यादा 5-विकेट लेने वाले भारतीय बने। उन्होंने कपिल देव का रिकार्ड तोड़ा, जिनके नाम 12 बार 5-विकेट लेने का रिकार्ड था। रूट ने भारत के खिलाफ 11वां टेस्ट शतक लगाया इंग्लैंड के सबसे सफल बैटर जो रूट ने शतक लगा दिया। यह टेस्ट में उनका 37वां शतक रहा, इस मामले में उन्होंने आस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ को पीछे छोड़ा। जिनके नाम 36 टेस्ट शतक हैं। रूट ने भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट सेंचुरी लगाने के मामले में स्मिथ



की बराबरी भी कर ली। दोनों के नाम 11-11 टेस्ट शतक हैं। बुम. राह ने रूट को 15वीं बार आउट किया जो रूट को जसप्रीत बुम. राह ने बोल्ड किया। इसी के साथ बुमराह इंटरनेशनल क्रिकेट में रूट को सबसे ज्यादा बार आउट करने वाले गेंदबाज बन गए। उन्होंने 15वीं बार रूट को पवेलियन भेजा। बुमराह ने आस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस का रिकार्ड तोड़ा, जिन्होंने रूट को 14 बार पवेलियन भेजा है। रूट सबसे ज्यादा कैच लेने वाले प्लेयर बने जो रूट ने भारत की बैटिंग के दौरान करुण नायर का स्लिप में कैच पकड़ा।

इसी के साथ वे बतौर फील्डर टेस्ट में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले प्लेयर बन गए। रूट ने भारत के ही राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़ा, जिनके नाम 210 कैच थे। रूट के 211 कैच हो गए। जैमी स्मिथ सबसे तेज 1000 रन बनाने वाले विकेटकीपर इंग्लैंड के विकेटकीपर जैमी स्मिथ सबसे कम गेंदों में एक हजार टेस्ट रन बनाने वाले विकेटकीपर बने। उन्होंने पाकिस्तान के सरफराज अहमद का रिकार्ड तोड़ा, जिन्होंने 1311 गेंदों में 1000 रन पूरे किए थे। स्मिथ ने 1303 गेंदों पर ही हजार रन बना लिए। शुभमन इंग्लैंड में 600 रन बनाने वाले दूसरे भारतीय शुभमन गिल लाड्र्स टेस्ट की पहली पारी में 16 ही रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि, उन्होंने इतने कम रन के बावजूद मौजूदा सीरीज में 600 रन पूरे कर लिए। इसी के साथ शुभमन इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में 600 प्लस रन बनाने वाले दूसरे ही भारतीय बने। उनसे पहले 2002 में राहुल द्रविड़ 602 रन बना चुके हैं। गिल के नाम फिलहाल 601 रन हैं। गिल इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय कप्तान भी बन गए। इस मामले में उन्होंने विराट कोहली का रिकार्ड तोड़ा। जिन्होंने 2018 में 593 रन बनाए थे।

# 'लॉर्ड्स क्रिकेट का घर है, तो विंबलडन टेनिस का मक्का है': सचिन

**लंदन, वार्ता।** विंबलडन 2025 में सचिन तेंदुलकर ने विंबलडन में जाने के अपने अनुभव, टेनिस के दिग्गजों के प्रति अपनी प्रशंसा और क्रिकेट तथा टेनिस के बीच आश्चर्यजनक समानताओं को साझा किया। अपने जीवन में विंबलडन के महत्व पर सचिन ने कहा कि यह अविश्वसनीय है

। जैसे लोग कहते हैं कि लॉर्ड्स क्रिकेट का घर है, वैसे ही यह टेनिस का मक्का है। मैं विंबलडन देखते हुए बड़ा हुआ हूं, और सात-आठ साल की उम्र से ही, जब मैंने टेनिस को थोड़ा-बहुत समझना शुरू किया, तब से मेरे लिए हमेशा विंबलडन सबसे पहले और फिर



बाकी ग्रैंड स्लैम ही रहे हैं। इसलिए मेरे लिए, यह सर्वश्रेष्ठ है। मैंने कई टेनिस खिलाड़ियों से बात की है, और वे सभी इस टूर्नामेंट को सबसे ऊपर मानते हैं। सचिन ने विंबलडन के प्रतिष्ठित माहौल और उसके आकर्षण पर कहा कि मुझे रॉयल बॉक्स खास तौर पर बहुत पसंद है-वहां का माहौल बेजोड़ है। बैठकर मैच देखने के लिए यह सबसे अच्छी जगह है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 टीम में किए बदलाव

**जिंकग्स्टन, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने 21 जुलाई से वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के लिए अपनी 16 सदस्यीय टीम में बदलाव करते हुए स्पेंसर जॉनसन और जोश हेजलवुड की जगह क्रमशः सलामी बल्लेबाज जेक फेजर-मैकगर्क और तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट को शामिल किया है। राष्ट्रीय अनुबंध से चूकने के बाद, फेजर-मैकगर्क अपनी शानदार फॉर्म को पीछे छोड़कर कैरेबियाई सरजमीं पर खेल के सबसे छोटे प्रारूप में वापसी करना चाहेंगे। हेजलवुड अगले महीने दक्षिण अफीका श्रृंखला की तैयारी के लिए स्वदेश लौटेंगे, जबकि जॉनसन अभी अपनी पीठ की चोट से उबर नहीं पाए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने अपने पिछले 14 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में से 12 जीते हैं और अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप से पहले अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने की उम्मीद करेगा।

### पोलार्ड और पूरन की बदौलत मुंबई इंडियंस न्यूयॉर्क फाइनल में

**डालास, वार्ता।** मुंबई इंडियंस न्यूयॉर्क ने शुक्रवार को चैलेंजर्स में टेक्सास सुपर जिंकग्स को सात विकेट से हराकर मेजर लीग क्रिकेट के फाइनल में प्रवेश कर लिया। मुंबई इंडियंस न्यूयॉर्क ने तीन साल में दूसरी बार मेजर लीग क्रिकेट के फाइनल में प्रवेश किया है। लेकिन इस बार पहले सात मैचों में छह हार झेलने के बाद। बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर, स्मित पटेल और फाफ डु प्लेसिस ने सतर्क शुरुआत की। स्मित ने शुरुआती ओवर में कुछ चौके लगाए, लेकिन इसके अलावा उन्होंने संयमित स्ट्रोक्स खेले। चौथे ओवर में डु प्लेसिस ने तेजी से रन बनाना शुरू किया और ट्रिस्टन लुस की गेंद पर एक छक्का और एक चौका जड़ा।

# ऋषभ पंत ने की धोनी की बराबरी

● **पहली पारी में अर्धशतक लगाकर सेना देशों में सर्वाधिक बार 50, स्कोर करने वाले भारतीय विकेटकीपर बने**

**लंदन, वार्ता।** भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज )षभ पंत ने इंग्लैंड के खिलाफ लाड्र्स टेस्ट मैच के तीसरे दिन पहली पारी में अर्धशतक लगाया। पंत विकेटकीपिंग करने के दौरान चोटिल हो गए थे, लेकिन वह बल्लेबाजी के लिए उतरे और उन्होंने केएल राहुल का अच्छा साथ निभाया।

पंत ने छक्के के साथ अपना अर्धशतक पूरा किया। पंत का यह इंग्लैंड के खिलाफ छठा टेस्ट अर्धशतक है। पंत इसके साथ ही एक और उपलब्धि अपने नाम करने में सफल रहे। पंत अर्धशतक लगाने के साथ ही महेंद्र सिंह धोनी की बराबरी पर पहुंच गए हैं। पंत सेना देशों यानी दक्षिण अफीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया में



सबसे ज्यादा बार 50 प्लस स्कोर बनाने वाले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज बन गए हैं। पंत ने 53 पारियों में 13वीं ऐसा किया है, जबकि धोनी ने सेना देशों में 60 पारियों में 13 बार 50 प्लस स्कोर बनाया है।

इस मामले में तीसरे स्थान पर फारूख इंजीनियर हैं जिन्होंने 33 पारियों में सात बार और किरण मोरे ने 24 पारियों में पांच बाच ऐसा किया है। इतना ही नहीं पंत संयुक्त रूप से इंग्लैंड में सर्वाधिक बार 50 प्लस स्कोर बनाने वाले मेहमान टीम के बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में भी धोनी की बराबरी कर ली है। धोनी और पंत दोनों ने इंग्लैंड में आठ-आठ बार 50 प्लस स्कोर बनाए हैं। पंत का बल्ला इंग्लैंड में जमकर चल रहा है और वह इंग्लैंड में एक सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले मेहमान टीम के बल्लेबाज बन गए हैं। पंत अब तक इस दौरे पर 400 से ज्यादा रन बना चुके हैं और उन्होंने इस मामले में टाम ब्लंडेल को पीछे छोड़ दिया है जिन्होंने 2022 में 383 रन बनाए थे। वहीं, वेन फिलिप्स ने 1985 में एशेज सीरीज के दौरान 350 और महेंद्र सिंह धोनी ने 2014 में इंग्लैंड दौरे पर 349 रन बनाए थे। राहुल और पंत के बीच चौथे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी हुई है।

# जडेजा-रेड्डी ने भारत को 300 पार पहुंचाया

● **दोनों ने छठे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप की, केएल राहुल 100 रन पर आउट हुए**

**लाड्र्स।** भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला लाड्र्स स्टेडियम में खेला जा रहा है। शनिवार को मुकाबले का तीसरा दिन है और आखिरी सेशन का खेल जारी है। टीम इंडिया ने पहली पारी में 5 विकेट के नुकसान पर 317 रन बना लिए हैं।

रवींद्र जडेजा और नीतीश कुमार रेड्डी क्रीज पर हैं। इससे पहले भारतीय ओपनर केएल राहुल 100 रन पर आउट हुए। टेस्ट क्रिकेट में 100वीं बार कोई बैटर 100 पर आउट हुआ है। जडेजा और रेड्डी के बीच नाबाद 63 रन की पार्टनरशिप हो चुकी है। टीम ने 254 के स्कोर पर 5वां विकेट गंवाया था।



केएल राहुल (100 रन) को शोएब बशीर ने हैरी ब्रूक के हाथों कैच कराया। ऋषभ पंत लंच से ठीक पहले 74 रन बनाकर रनआउट हुए। भारत ने तीसरे दिन 145/3 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया था। मुकाबले के दूसरे दिन इंग्लैंड की टीम 387 रन बनाकर ऑलआउट हुई। पंत इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट छक्के (36 छक्के) लगाने वाले बैटर बने। उन्होंने विवि रिचर्ड्स के 34 छक्के का रिकॉर्ड तोड़ा है। तीसरे दिन का दूसरा सेशन भी भारतीय टीम के नाम रहा। 25.3 ओवर के इस सेशन में भारत ने एक विकेट खोकर 68 रन बनाए। टी-ब्रेक पर भारत का स्कोर 316/5 रहा। 90वें ओवर में बेन स्टोक्स की बाउंसर नीतीश कुमार रेड्डी के सिर पर लगी। 141 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड की बाल गुड लेंथ से अंदर आई और रेड्डी के कान के पास लगी, हालांकि फिजियो के निरीक्षण के बाद रेड्डी ने खेलना जारी रखा।

88वें ओवर में रवींद्र जडेजा और नीतीश कुमार रेड्डी ने छठे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली। रवींद्र जडेजा ने बेन स्टोक्स के ओवर की पहली बाल पर दो रन लेकर साझेदारी को 50 पार पहुंचाया। 84वें ओवर में 4वीं बाल पर जडेजा ने एक रन दौड़कर टीम के लिए 300वां रन बनाया। भारतीय ओपनर केएल राहुल ने लाड्र्स में दूसरा शतक लगा दिया है। उन्होंने 67वें ओवर में जोफ आर्चर की बाल पर एक रन लिया और शतक पूरा किया। उन्होंने लाड्र्स स्टेडियम में दूसरा शतक लगाया। यह राहुल का टेस्ट में 10वां शतक है।

# अविनाश मोनाको डायमंड लीग स्टीपलचेज से हुए बाहर



**मोनाको, वार्ता।** एशियाई खेलों के चैंपियन और दो बार के ओलंपियन अविनाश साबले को शनिवार को मोनाको डायमंड लीग 2025 में पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज दौड़ के शुरुआती दौर में गिरने के बाद दौड़ से हटना पड़ा। स्टेड लुइस द्वितीय स्टेडियम में प्रतिस्पर्धा कर रहे 30 वर्षीय भारतीय एथलीट ने दौड़ शुरू करने के एक मिनट से थोड़ा ज्यादा समय बाद ही पानी में कूदते समय एक अन्य प्रतियोगी का पैर फिसल जाने के कारण लड़खड़ाकर गिर पड़े। इस घटना के कारण सेबल को घायल अवस्था में ट्रैक से बाहर निकलना पड़ा और वह लंगड़ाते हुए ट्रैक से बाहर चले गए, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें दौड़ पूरी नहीं करने (डीएनएफ) का सामना करना पड़ा। उन्हें सहारा देकर स्थानीय चिकित्सा केंद्र ले जाया गया।

चोट की गंभीरता का पता नहीं चल पाया है। इस बीच एक अन्य भारतीय धावक अनिमेष कुजूर उसी स्थान पर आयोजित अंडर-23 वर्ग में पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में पोडियम पर पहु. चने से चूक गए। अनिमेष कुजूर 20-55 सेकंड के समय के साथ चौथे स्थान पर रहे। ऑस्ट्रेलिया के उभरते सितारे गाउट गाउट ने 20-10 सेकंड के समय के साथ यह स्पर्धा जीती।

# इटली, नीदरलैंड ने किया क्वालीफाई

● **यह पहली बार है जब इटली ने किसी आईसीसी क्रिकेट विश्वकप में जगह बनाई है**

**हेंग (स्विट्जरलैंड), वार्ता।** इटली और नीदरलैंड ने भारत और श्रीलंका की मेजबानी में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप 2026 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। यह पहली बार है जब इटली ने किसी आईसीसी क्रिकेट विश्वकप में जगह बनाई है।

स्विट्जरलैंड के हेग में खेले गए क्वालीफायर मुकाबले में नीदरलैंड ने इटली को नौ विकेट से हराया, जबकि जर्सी ने स्कॉटलैंड को आखिरी गेंद पर एक विकेट से हराकर बड़ा उलटफेर किया। इस हार के साथ स्कॉटलैंड पहली बार पुरुष टी-20 विश्वकप में जगह बनाने में नाकाम रहा। अंक तालिका में



इटली क्रिकेट टीम और जर्सी दोनों के पांच-पांच अंक थे, लेकिन बेहतर नेट रन रेट के आधार पर इटली ने विश्वकप के मुख्य राउंड में अपनी जगह पक्की की। अब तक कुल 15 टीमें पुरुष टी-20 विश्वकप 2026 के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं। ईस्ट-एशिया पैसिफिक क्वालीफायर से तीन और अफीका से दो टीमें मिलकर कुल 20 टीमों की अंतिम सूची पूरी करेंगी। इटली की क्रिकेट टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और निर्धारित ओवरों में 7 विकेट गंवाकर 134 रन बनाए। इटली ओर से नंबर छह और सात स्थान पर बल्लेबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। बेन मानेनटी ने 30 और ग्रांट स्टुअर्ट ने 25 रन बनाए। नीदरलैंड के लिए रोएलोफ वैन डर मेर्व सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 15 रन देकर 3 विकेट लिए और उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। इटली के 134 रनों जवाब में, नीदरलैंड के सलामी बल्लेबाज मैक्स ओ डाउड 47 और माइकल लेविट ने 34 रन बनाए। आठवें ओवर में लेविट का विकेट गिरा, जिसके बाद कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स (नाबाद 37) ने मैदान में कदम रखा और ओ'डाउड के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 64 रन जोड़कर अपनी टीम को जीत के साथ टी-20 विश्वकप में जगह दिला दी। दिन के दूसरे मुकाबले में जर्सी ने पहली बार स्कॉटलैंड को हराया, लेकिन उनकी खुशी ज्यादा देर नहीं टिक पाई क्योंकि 15वें ओवर में उन्हें इटली द्वारा अपनी जगह पक्की करने की खबर मिली और इसके साथ ही वे नेट रन रेट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।

# भारतीय बॉस्केटबॉल महिला एशिया कप में कल कजाकिस्तान से भिड़ेगी

**शेनझेन (चीन), वार्ता।** भारतीय बास्केटबॉल टीम रविवार को चीन के शेनझेन बे स्पोर्ट्स सेंटर में फीबा महिला एशिया कप 2025 ग्रुप बी मुक. ाबले में कजकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। फीबा महिला एशिया कप बॉस्केटबॉल के 31वें संस्करण में कुल 16 टीमें भाग लें रही है और उन्हें क्रमशः ग्रुप ए और बी में आठ-आठ देशों में विभाजित किया गया है। 2021 में रेलीगेशन के बाद 2023 में टूर्नामेंट के पिछले संस्करण में भाग न लेने के बाद, भारत इस वर्ष के फीबा महिला एशिया कप में पूल बी में प्रतिस्पर्धा करेगा। ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली टीमें सीधे सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।

# अल्काराज विंबलडन के फाइनल में पहुंचे

## सेमीफाइनल में टेलर फ्रिट्ज को हराया, सिनर से होगा खिताबी मुकाबला

**नई दिल्ली, वार्ता।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने लगातार तीसरे साल विंबलडन मेंस सिंगल्स के फाइनल में जगह बना ली। उन्होंने सेमीफाइनल में अमेरिका के टेलर फि्ट्ज को हरा दिया। फाइनल में उनका सामना वर्ल्ड नंबर-1 इटली के जैनिक सिनर से होगा। सिनर ने विंबलडन के सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच को 6-3, 6-3, 6-4 से हराया।

मेंस सिंगल्स के पहले सेमीफाइनल में अल्काराज ने वर्ल्ड नंबर-5 फि्ट्ज के खिलाफ पहला सेट 6-4 से जीता। फि्ट्ज ने वापसी की और 7-5 से दूसरा सेट जीत लिया। तीसरे सेट में अल्काराज ने कमबैक किया और 6-3 से सेट जीतकर बढ़त बना ली। चौथे सेट में बराबरी की टक्कर दिखी, लेकिन अल्काराज



ने 7-6 (8-6) से आखिरी सेट जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। अल्काराज ने 2023 से लगातार तीसरी बार विंबलडन फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने पिछले दोनों बार सर्बिया के नोवाक जोकोविच को ही खिताबी मुकाबला हराकर ट्राफी जीती थी। 2024 में मुकाबला 5 सेट तक चला, लेकिन 2023 में अल्काराच ने 3 सेट में ही खिताब जीत लिया। जोकोविच अब दूसरे सेमीफाइनल में सिनर को हराकर फाइनल में पहुंच सकते हैं। जोकोविच विंबलडन से बाहर जोकोविच को सेमीफाइनल में वर्ल्ड नंबर-1 सिनर ने सीधे सेट्स (6.3, 6.3, 6.4) से हराया। मैच के दौरान जोकोविच को पुरानी चोटों व उम्र के कारण कई कठिनाइयां झेलनी पड़ीं। उन्होंने खुद स्वीकार किया कि उम्र का असर निश्चित रूप से टीम पर पड़ता रहा। विमेंस डबल्स में वर्ल्ड नंबर-8 जोड़ी ने सेमीफाइनल जीता विमेंस डबल्स में बेल्जियम की एलिस मर्टेंस और रूस की वेरोनिका कुडरमेटोवा की वर्ल्ड नंबर-8 जोड़ी ने फाइनल में जगह बना ली। दोनों ने सेमीफाइनल में अमेरिका की डिजायरे क्रजिक और आस्ट्रेलिया की ओलिविया गैडेकी की गैरवरीय जोड़ी को 3-6, 6-0, 6-3 के अंतर से हरा दिया। मेंस डबल्स के फाइनल में पहुंची गैरवरीय जोड़ी मेंस डबल्स के सेमीफाइनल मुक. ाबले भी 10 जुलाई को खेले गए।

# सीरीज के अंतिम मैच में मंधाना व श्री चरणी से उम्मीद

**बर्मिंघम, वार्ता।** बर्मिंघम में भारत महिला और इंग्लैंड महिला टीम के बीच शनिवार को टी20 सीरीज का अंतिम मैच भले ही सीरीज के समीकरण के लिहाज से खास मायने ना रखता हो लेकिन दोनों ही टीमें अंतिम मैच में जीत हासिल कर वनडे सीरीज का रुख जरूर करना चाहेंगी। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम पहले ही इंग्लैंड में ऐतिहासिक टी20 सीरीज जीत हासिल कर चुकी है वहीं मेजबान इंग्लैंड की नजरें हार के अंतर को पाटने पर होंगी। महिला टी20 में एजबस्टन में पहली बल्लेबाजी करते हुए सर्वोच्च स्कोर 167 पर दो है। जबकि न्यूनतम स्कोर 46 है। यहां 19 महिला टी20 में 10 बार पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम को जीत हासिल हुई है जबकि नौ बार बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम को जीत हासिल हुई।

# शुभमन गिल ने बदली हुई ड्यूक्स गेंद से जताई नाराजगी

● **एक बार फिर भारत के दूसरी गेंद लेने के बस 10-3 ओवर बाद ही गेंद ने अपना शेप खो दिया था**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड में एक बार फिर ड्यूक्स गेंद चर्चाओं के केंद्र में बनी हुई है, एक बार फिर भारत के दूसरी गेंद लेने के बस 10-3 ओवर बाद ही गेंद ने अपना शेप खो दिया था। जिसके बाद दूसरे दिन सुबह उसे फिर बदला गया।

बदली हुई गेंद से अंतर साफ दिख रहा था, दूसरी नई गेंद से जसप्रीत बुमराह ने कहर बरपाते हुए 14 गेंदों के अंदर तीन विकेट ले लिए थे, लेकिन इसके बाद पूरे सत्र में फिर भारत को विकेट नहीं मिली थी। दूसरी नई गेंद 1. 869 डिग्री पर स्विंग हो रही थी जबकि औसतन वह गेंद 0.594 डिग्री पर सीम हो रही थी। लेकिन जब दूसरी नई गेंद को बदला गया तो वह 0.855 डिग्री पर स्विंग हो रही थी और औसतन 0.594 डिग्री ही सीम कर रही थी। जाहिर है इसके बाद भारतीय टीम और कप्तान का गुस्सा बढ़ता जा रहा था। इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने ब्रॉडकास्ट चैनल के साथ-साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ग पर भी गेंद को लेकर अपनी नाराजगी ज़ाहिर की। ब्रॉड के मुताबिक बदली हुई गेंद देखने में 18-20 ओवर पुरानी दिख रही थी। क्रिकेट गेंद बिल्कुल एक विकेटकीपर की तरह होती है जिसकी चर्चा बहुत ही कम की जाती है। लेकिन यहां हम गेंद की लगातार बात कर रहे हैं कि क्योंकि ये एक समस्या बनती जा रही है और हर पारी में करीब-करीब बदली जा रही है। जो कहीं से भी जायज नहीं है, मुझे लगता है पांच सालों से मैं देख रहा हूं कि ड्यूक्स गेंद में समस्या है। जिसे सही करने की जरूरत है, एक गेंद को 80 ओवर चलना चाहिए न कि सिर्फ 10 ओवर। एक और पूर्व इंग्लिश कप्तान नासिर हुसैन ने भी कहा कि ड्यूक्स गेंद के साथ गंभीर समस्या है। लेकिन साथ ही साथ उन्होंने कहा कि गेंदबाज चाहते हैं कि गेंद बिल्कुल परफेक्ट हो और तभी बार-बार गेंद बदल दी जाती है। ये भी देखिए कि पहला घंटा बुमराह को खेल पाना बेहद कठिन था। और तभी मैंने देखा कि वे लोग गेंद बदल रहे हैं, मैं ये देखकर हैरान था कि गेंद से जब इतनी मदद मिल रही है तो फिर बदलने की क्या जरूरत।

# इजरायल गाजा को भुखमरी का कब्रिस्तान बना रहा

## मई से अब तक सहायता मांगने के दौरान लगभग 800 फलीस्तीनी मारे गएः संयुक्त राष्ट्र एजेंसी

**यरुशलम।** फलीस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के प्रमुख ने कहा कि इजरायल गाजा में 'हत्या करने की क्रूर और धूर्त योजना' बना रहा है और कहा कि मई से अब तक सहायता मांगने के दौरान लगभग 800 फलीस्तीनी मारे गए हैं। यह जानकारी अल जजीरा ने शनिवार को एक रिपोर्ट में दी।

यूएनआरडब्ल्यूए प्रमुख फिलिप लाजारिनी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हमारी निगरानी में गाजा बच्चों और भूखे लोगों का कब्रिस्तान बन गया है। लाजारिनी गुरुवार को मध्य गाजा के डेर एल-बलाह शहर में पोषण संबंधी पूरक आहार के लिए कतार में खड़े नौ बच्चों और चार महिलाओं सहित 15 लोगों की इजरायली सेना द्वारा हत्या पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे। उनकी यह टिप्पणी गाजा पट्टी में एक और खूनी दिन पर आई है, जहां चिकित्सा सूत्रों ने बताया है कि 45



फिलिप की यह टिप्पणी गाजा पट्टी में एक और खूनी दिन पर आई

लोग मारे गए हैं जिनमें से 11 राफा में जीएचएफ द्वारा संचालित सहायता केंद्र के पास मारे गए। विवादास्पद अमेरिकी और इजरायल समर्थित जीएचएफ ने मई में परिचालन शुरू करने के बाद से गाजा के संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व वाले सहायता वितरण नेटवर्क को प्रभावी रूप से दरकिनार कर दिया है, जब इजरायल ने गाजा में दो महीने से अधिक समय से चल रही पूर्ण नाकेबंदी में ढील दी थी। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि तब से अब तक 819 फलस्तीनी भोजन का इंतज़ार करते हुए मारे जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि 634 लोग जीएचएफ स्थलों के आसपास मारे गए और 185 लोग अन्य मानवीय सहायता काफिलों के पास मारे गए, जिनमें संयुक्त राष्ट्र द्वारा संचालित कुछ काफिले भी शामिल हैं।

### इजरायली हमलो में महिलाओं व बच्चों समेत 28 फलस्तीनियों की मौत

**दीर अल-बलाह।** गाजा पट्टी में इजरायली हवाई हमलों में 28 फलस्तीनियों की मौत हो गई है, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं। अस्पताल के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अल-अक्सा शहीद अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि मध्य गाजा के दीर अल-बलाह इलाके में इजरायली हवाई हमलों के बाद मरने वालों में बच्चे और दो महिलाएं भी शामिल हैं। शुक्रवार रात से शुरू हुए इन हमलों में यहां 13 लोगों की जान गई। वहीं, नासेर अस्पताल ने बताया कि एक पेट्रोल पंप के पास हुए हमलों में चार और लोगों की मौत हुई। दक्षिणी गाजा के खान यूनिस में इजरायली हमलों में 15 अन्य लोगों की जान गई। इजरायली सेना ने एक बयान में कहा कि पिछले 48 घंटों में गाजा पट्टी में करीब 250 ठिकानों को निशाना बनाया गया। इनमें हमासे के लड़ाके, विस्फोटकों से भरी इमारतें, हथियारों के गोदाम, एंटी-टैंक मिसाइल लान्च पाइंट, स्नाइपर पोजिशन, सुरंगें और अन्य ढांचे शामिल हैं। हालांकि, आम नागरिकों की मौत को लेकर सेना ने एसोसिएटेड प्रेस के सवालों का कोई जवाब नहीं दिया।



कर्नाटक। चिक्कमगलुरु में बारिश के दौरान मोटरसाइकिल पर जाते यात्री।

## संक्षिप्त समाचार

### चीन का तियानझोउ-9 मालवाहक यान पहुंचा प्रक्षेपण स्थल पर

**वेनचांग।** चीन के अंतरिक्ष स्टेशन तक सामग्री पहुंचाने वाले तियानझोउ-9 मालवाहक यान और लॉन्ग मार्च-7 वाहक रॉकेट को शनिवार को प्रक्षेपण स्थल पर स्थानांतरित किया गया। यह जानकारी चीन मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी ने दी। सीएमएसए के अनुसार मालवाहक अंतरिक्ष यान को निकट भविष्य में उचित समय पर प्रक्षेपित किया जाएगा। एजेंसी ने बताया कि वर्तमान में दक्षिणी द्वीपीय प्रांत हैनान स्थित वेनचांग अंतरिक्ष यान प्रक्षेपण स्थल पर सुविधाएं और उपकरण अच्छी स्थिति में हैं।

### लावरोव ने की उत्तर कोरिया के साथ संबंधों की सराहना

**मास्को/प्योंगयांग।** रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने रूस और उत्तर कोरिया (डीपीआरके) के बीच के राजनीतिक संबंधों की सराहना की है और इसे 'अजेय भाईचारा' करार दिया। रूसी राज्य मीडिया ताश की शनिवार की रिपोर्ट के मुताबिक लावरोव ने इस बात पर बल दिया कि यह संबंध कुर्स्क क्षेत्र की मुक्ति में रूसी सेना का साथ देने वाले उत्तर कोरियाई सैनिकों की भागीदारी से स्पष्ट रूप से मजबूत हुआ है और यह सैन्य सहयोग का एक अभूतपूर्व स्तर है जो गहरे होते संबंधों को दर्शाता है।

### कैमरून में 12 अक्टूबर को होंगे राष्ट्रपति चुनाव

**याउंडे।** कैमरून में 12 अक्टूबर को राष्ट्रपति चुनाव कराने की घोषणा की गई है। राष्ट्रपति पॉल बिया द्वारा शुक्रवार को हस्ताक्षरित एक आदेश में यह जानकारी दी। आदेश के अनुसार राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान स्थानीय समयानुसार सुबह 8:00 बजे शुरु होगा और शाम 6:00 बजे समाप्त हो जाएगा। चुनाव प्रबंधन संस्था इलेक्शन्स कैमरून द्वारा पूर्व में घोषित चुनावी कैलेंडर के अनुसार उम्मीदवारों को 21 जुलाई तक अपने आवेदन पत्र जमा करने होंगे।

# भारत 6 लड़ाकू विमान खोने की बात माने: पाकिस्तान

## शफकत अली खान ने कहा: भारत के दूसरे मिलिट्री ठिकानों को भी गंभीर नुकसान पहुंचा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान नें फिर से भारत के 6 लड़ाकू विमानों को गिराने का दावा किया है। पाकिस्तानी मीडिया डॉन के मुताबिक विदेश कार्यालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने प्रेस ब्रीफिंग में भारत को लड़ाकू विमान गंवाने की बात मानने को कहा।

अली खान ने कहा: भारत को काल्पनिक कहानियों का सहारा लेने के बजाय यह स्वीकार करना चाहिए कि भारत के छह लड़ाकू विमानों को मार गिराया गया और दूसरे मिलिट्री ठीकानो को गंभीर नुकसान पहुंचा। दरअसल, अजित डोभाल ने ऑपरेशन सिंदूर पर पहली बार बयान दिया था। उन्होंने कहा: भारत को नुकसान की खबरें चलाई गईं, लेकिन विदेशी मीडिया कोई भी फोटो या सैटेलाइट इमेज नहीं दिखा पाया।



भारत को नुकसान की खबरें चलाई गईं, लेकिन विदेशी मीडिया कोई भी फोटो या सैटेलाइट इमेज नहीं दिखा पाया: डोभाल

ना यह बता पाया कि नुकसान क्या हुआ। वहीं खान ने डोभाल के बयान को झूठे और गलत जानकारी से भरे हुए बताया। अली खान ने कहा-ये बयान जनता को गुमराह करने के लिए जानबूझकर किया गया प्रयास हैं। इसके अलावा प्रवक्ता ने इसे संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के सि( ांतों का उल्लंघन बताया। विदेश कार्यालय के प्रवक्ता शफकत अली खान से पहले 23 मई को सेना के प्रवक्ता अहमद चौधरी ने संघर्ष के दौरान भारत के 6 विमान मार गिराने का दावा किया था, जिनमें से 3 राफेल थे। उन्होंने यह दावा ब्रिटिश मीडिया से बात करते हुए किया। अली खान ने कहा कि भारत पाकिस्तान में आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है, उनका मकसद साफ है, और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय अब इसके बारे में अधिक जागरूक हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि शुरुआत में, भारत द्वारा फैलाया गया आतंकवाद पाकिस्तान को निशाना बना रहा था, लेकिन हाल के दिनों में यह वैश्विक हो गया है। अगर भारत के इस दुर्भावनापूर्ण रवैये पर लगाम नहीं लगाई गई, तो हम इसके परिणाम देख चुके हैं। अली खान ने भारत पर वैश्विक हत्या अभियान चलाने का आरोप लगाया, जिसमें कनाडा, अमेरिका और अन्य देशों में लोगों को निशाना बनाया गया। आईआईटी मद्रास के 62वें दीक्षांत समारोह में डोभाल बोले कि टेक्नोलॉजी और वॉरफेयर के बीच संबंध हमेशा महत्वपूर्ण होता है। हमें ऑपरेशन सिंदूर पर नाज है। हमें गर्व है कि इस दौरान हमने स्वदेशी तकनीक इस्तेमाल की। हमने सीमापार नौ पाकिस्तानी ठिकानों पर हमले का फैसला किया था। इनमें एक भी ठिकाना बॉर्डर के पास नहीं था। हमारे सभी निशाने सटीक थे। हमने सिर्फ आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद किया।

# डोनाल्ड ट्रम्प ने यूरोपीय यूनियन और मेक्सिको पर 30 प्रतिशत टैरिफ लगाया

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने जवाबी कार्रवाई पर और टैक्स लगाने की धमकी दी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मेक्सिको और यूरोपीय यूनियन पर 30 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि एक अगस्त से इन दोनों देशों से अमेरिका में आने वाले सामान पर टैरिफ लागू होगा। इस कदम की जानकारी उन्होंने अपने 'ट्रुथ सोशल' प्लेटफॉर्म पर दी।

ट्रम्प ने दोनों को ये भी धमकी दी कि अगर वे जवाबी कार्रवाई करते हैं, तो टैरिफ रेट और बढ़ा दी जाएगी। ट्रम्प ने चिट्ठी में साफ लिखा कि अगर आप जवाबी कार्रवाई करते हैं और टैरिफ बढ़ाते हैं, तो वो जितने भी प्रतिशत हों, मैं उन्हें हमारे 30 प्रतिशत में जोड़ दूंगा। ये वही तरह की चिट्ठी है, जो ट्रम्प ने दुनिया के कई बिजनेस पार्टनर्स को भेजी है, जिसमें अमे. रिका में आने वाले विदेशी सामानों पर भारी टैरिफ लगाने की बात की गई है। टैरिफ को लेकर यूरोपीय यूनियन और मेक्सिको, अमेरिका के साथ बीते 6 महीने से बातचीत कर रहे



टैरिफ एक अगस्त से लागू होंगे

थे, लेकिन ट्रम्प के फैसले से यह साफ हो गया है कि उनके बीच डील नहीं हो पाई। यूरोपीय यूनियन दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनामी है। इसमें यूरोप के 27 देश शामिल हैं। अमेरिका, यूरोपीय यूनियन के बीच हर दिन लगभग 3.5 अरब डालर का व्यापार होता है। वहीं, मेक्सिको अमेरिका का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर है। यूरोपीय यूनियन की अध्यक्ष को लिखी चिट्ठी में ट्रम्प ने कहा कि एक अगस्त से यह टैरिफ लागू किया जाएगा। उन्होंने यह भी साफ किया कि अगर कोई यूरोपीय कंपनी अपने उत्पादों को दूसरे देश के रास्ते ट्रांसशिप कर अमेरिका भेजती है, तो उन पर भी यही टैरिफ लगेगा। ट्रम्प ने यह तर्क दिया कि अमेरिका और यूरोपीय यूनियन के बीच व्यापार घाटा बहुत ज्यादा है, और 30 प्रतिशत का यह टैरिफ उसे सुधारने की दिशा में एक जरूरी कदम है। उन्होंने यूरोपीय कंपनियों को यह प्रस्ताव भी दिया कि अगर वे अमेरिका में अपने उत्पाद बनाना शुरू कर दें, तो उन्हें टैरिफ नहीं देना पड़ेगा, और अमेरिकी सरकार तेज और पेशेवर ढंग से मंजूरी देने में मदद करेगी। ट्रम्प ने मेक्सिको के राष्ट्रपति को लिखी चिट्ठी में कहा कि यह टैरिफ मेक्सिको में फैले फेंटेनाइल ड्रग के चलते लगाया जा रहा है। उन्होंने मेक्सिकन ड्रग कार्टेल्स को दुनिया के सबसे बुरा बताया और कहा कि ये कार्टेल्स फेंटेनाइल जैसी घातक दवाओं को अमे. रिका में ला रहे हैं।

# यूरोपीय संघ रूस-यूक्रेन युद्ध को चाहता है लम्बा खींचना

**मॉस्को।** यूक्रेन में विपक्ष के नेता विक्टर मेदवेदचुक ने यूरा. ेपीय संघ की तीखी आलोचना करते हुए कहा है कि उसका निहित स्वार्थ यूक्रेन में युद्ध को लम्बा खींचने में है और वह अमे. रिका को रूस के साथ व्यापार युद्ध में भी घसीट रहा है।

मेदवेदचुक ने एक बयान में कहा कि यूरोपीय संघ का नेतृत्व, साथ ही संघ के कई देशों का नेतृत्व, सत्ता बनाए रखना चाहता है और इसलिए, एक साझा दुश्मन की आवश्यकता है। यही कारण है कि यूरोप के कई राजनेता यूक्रेन संघर्ष को जारी रखने में रुचि रखते हैं। उन्होंने कहा कि आज यूरोप अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को रूस के साथ व्यापार युद्ध में घसीट रहा है। ट्रम्प के पास हालांकि विश्व राजनीति को शांति की ओर ले जाने के अवसर हैं, लेकिन कई वैश्विक शक्तियां ऐसा नहीं चाहतीं। ये शक्तियां अमेरिकी राष्ट्रपति को अपनी कठपुतली बनाने की कोशिश करेंगी, जैसा कि आज यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की हैं। गत 21 जून को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने स्काई न्यूज़ अरेबिया को दिए एक साक्षात्कार में कहा था कि यूक्रेन बेहतर भविष्य का हकदार है और उसे तीसरे पक्ष के हाथों की कठपुतली नहीं बनना दिया जाना चाहिए जो संघर्ष को लंबा खींचते हैं और अपने फायदे के लिए इसका इस्तेमाल करते हैं। साथ ही, रूसी राष्ट्रपति के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने जून में कहा था कि यूक्रेन पर बातचीत की प्रक्रिया उसके रुख और इस बात पर निर्भर करती है कि अमे. रिका अपनी मध्यस्थता के प्रयासों को कितनी प्रभावी ढंग से जारी रखता है।

# एल्गोरिथम में हेरफेर को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स फ्रांसीसी जांच के घेरे में

**पेरिस/सैक्रामेंटो।** विदेशी हस्तक्षेप को संभव बनाने और अनुचित डेटा निष्कर्षण के लिए एल्गोरिथम में हेरफेर का हवाला देते हुए पेरिस अभियोजक कार्यालय ने शुक्रवार को घोषणा की कि सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स फ्रांसीसी पुलिस के जांच के घेरे में है। पेरिस अभियोजक लॉरे बेक्वाउ ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा इस स्तर पर सोशल मीडिया एक्स पर मुख्य रूप से दो अपराधों का आरोप है-एक संगठित समूह द्वारा एक स्वचालित डेटा प्रोसेसिंग सिस्टम के संचालन में बाधा डालना और दूसरा संगठित समूह द्वारा एक स्वचालित डेटा प्रोसेसिंग सिस्टम से धोखाधड़ी से डेटा निकालना। बेक्वाउ ने कहा कि जांच का जिम्मा राष्ट्रीय जेंडरमेरी महानिदेशालय (डीजीजीएन) को सौंपा गया है।

# एप्स्टीन सेक्स स्कैंडल की फाइल्स पर ट्रम्प प्रशासन में विवाद

## एफबीआई के डिप्टी डायरेक्टर डैन बॉनजीनो दे सकते हैं इस्तीफा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की खुफिया एजेंसी एफबीआई के डिप्टी डायरेक्टर डैन बॉनजीनो अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। सीएनएन के मुताबिक उन्होंने इस पर विचार भी शुरू कर दिया है।

इसके पीछे जेफरी एपस्टीन केस से जुड़ी फाइलों के खुलासे पर व्हाइट हाउस, एफबीआई और अमेरिका के न्याय विभाग (डीओजे) के बीच चल रहा विवाद बड़ी वजह माना जा रहा है। बॉनजीनो और अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी के बीच इस सप्ताह एक तेज बहस के बाद स्थिति और अधिक खराब हो गई है।

एफबीआई डायरेक्टर काश पटेल, बॉनजीनो, बॉन्डी और ट्रम्प की चीफ ऑफ स्टाफ सूजी वाइल्स की बैठक हुई। रिपोर्ट के मुताबिक इस बैठक में यह विवाद खुलकर सामने आया। बैठक में



सीएनएन के मुताबिक उन्होंने इस पर विचार भी शुरू कर दिया है

बॉनजीनो और अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी के बीच इस सप्ताह एक तेज बहस के बाद स्थिति और अधिक खराब हो गई

यह सवाल किया गया कि क्या एफबीआई की तरफ से एक मीडिया रिपोर्ट लीक की गई थी जिसमें दावा किया गया कि एजेंसी और अधिक जानकारी सार्वजनिक करना चाहती थी, लेकिन जस्टिस डिपार्टमेंट ने रोक दिया। हालांकि, बॉनजीनो ने इस रिपोर्ट को लीक करने से इनकार किया, लेकिन उन्होंने उस रिपोर्ट के समर्थन में दिए गए बयान पर हस्ताक्षर भी नहीं किए। बॉनजीनो और काश पटेल महीनों से बॉन्डी से नाराज थे। बॉन्डी ने एक इंटरव्यू में कहा था कि एफबीआई अभी भी मामले की समीक्षा कर रही है, जबकि वह जांच पहले ही न्याय विभाग को सौंप दी गई थी। इस लेकर नारा. जगी और बढ़ गई। बॉनजीनो की नाराजगी का एक और कारण 10 घंटे का एक निगरानी वीडियो है। वीडियो में 1 मिनट की क्लिप गायब थी, जिससे साजिश की अटकलें फैल गईं। इसके लिए बॉनजीनो को जिम्मेदार ठहराया गया। टेस्ला के सीईओ मस्क ने 5 जून को सनसनीखेज दावा करते हुए कहा था कि डोनाल्ड ट्रम्प का नाम जेफरी एपस्टीन की फाइलों में शामिल है।

मस्क ने एक्स पर लिखा था-अब बड़ा खुलासा करने का टाइम है। डोनाल्ड ट्रम्प का नाम एपस्टीन फाइलों में हैं। यही वजह है कि इन्हें सार्वजनिक नहीं किया गया। डोनाल्ड ट्रम्प, आपका दिन शुभ हो। एक अन्य पोस्ट में कहा-इस पोस्ट को भविष्य के लिए नोट कर लें। सच्चाई सामने आएगी। हालांकि, बाद में मस्क ने वो पोस्ट डिलीट कर दी थी और माना कि वह हद से ज्यादा बोल गए थे।

# अमेरिकी विदेश विभाग में 1000 से अधिक लोगों की छंटनी

**वाशिंगटन।** ट्रम्प प्रशासन द्वारा संघीय कार्यबल में कटौती के प्रयासों के अंतर्गत अमेरिकी विदेश विभाग के 1,000 से अधिक कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया है।

यह जानकारी शनिवार को बीबीसी ने एक रिपोर्ट में दी। शुक्रवार को विदेश विभाग के कर्मचारियों को भेजे गए नोटिस के अनुसार अनैच्छिक कर्मचारी कटौती में 1107 सिविल सेवा और 246 विदेश सेवा के कर्मचारी शामिल हैं। इस वर्ष की शुरुआत में संघीय सरकार के विशाल पुनर्गठन प्रयास के अंतर्गत 1500 से अधिक विदेश विभाग के कर्मचारियों ने स्वैच्छिक रूप से इस्तीफा दिया था। आलोचकों का कहना है कि ये बड़ी कटौती विभाग के काम पर असर डालेंगी। सीबीएस न्यूज के अनुसार, जनसंख्या, शरणार्थी और प्रवासन ब्यूरो में लगभग सभी सिविल सेवा अधिकारियों की छंटनी कर दी गई है। जिन व्यक्तियों को नौकरी से निकाला गया उनमें विदेश विभाग के अफगान पुनर्वास प्रयासों के समन्वयक (केयर) कार्यालय के कर्मचारी भी शामिल हैं। सीनेट की विदेश संबंध समिति के डेमोक्रेट सदस्यों ने एक बयान जारी कर कहा कि विदेश विभाग में सिविल सेवा और विदेश सेवा के सैकड़ों सदस्यों को निकालने का निर्णय हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर करता है।

# बांग्लादेश में अर्थशास्त्री अबुल बरकत गिरफ्तार

## भ्रष्टाचार का आरोप, कहा था: देश में 2046 तक हिंदू नहीं बचेंगे

**ढाका।** बांग्लादेश में मशहूर अर्थशास्त्री अबुल बरकत को भ्रष्टाचार से जुड़े एक मामले में जेल भेज दिया गया। ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक 20 से ज्यादा पुलिसकर्मियों ने बरकत के घर पर छापा मारा था। इसके बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया।

बरकत चार दशकों तक ढाका विश्व. विद्यालय में पढ़ा चुके हैं। उन्हें 2009 में पीएम शेख हसीना के शासनकाल में जनता बैंक का अध्यक्ष बनाया गया था। वे हिंदू अल्पसंख्यकों की वकालत के लिए भी जाने जाते हैं। बरकत ने साल 2016 में चेतावनी दी थी कि अगर अल्पसंख्यकों पर हमले और उनकी संपत्तियों पर अवैध कब्जा जारी रहा, तो आने वाले 30 वर्षों में बांग्लादेश में एक भी हिंदू नहीं बचेगा। उनका यह बयान बांग्लादेश में काफी चर्चित हुआ था और कुछ हलकों में विवादित भी था। अबुल बरकत पर आरोप है कि उन्होंने अपने



अबुल बरकत की बेटी बोली: बिना वारंट दिखाए गिरफ्तारी हुई

कार्यकाल में रेडीमेड गारमेंट कंपनी 'एनॉनटेक्स ग्रुप' को गलत तरीके से कर्ज दिलवाने में मदद की और जनता बैंक से जुड़े 2.97 अरब टका (लगभग 225 करोड़ रुपये) का गबन किया। बांग्लादेश के भ्रष्टाचार निरा. ेधक आयोग (एसीसी) ने इस मामले में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। जांच एजेंसी का आरोप है कि बरकत ने फर्जी दस्तावेज बनाए, काल्पनिक इमारतों और फैक्ट्रियों के नाम पर लोन पास करवाए और खरीदी गई जमीन की कीमत जानबूझकर बहुत अधिक दर्शाई ताकि ज्यादा लोन मिल सके।

इस मामले में अबुल बरकत समेत कुल 23 लोगों को आरोपी बनाया गया है, जिनमें बांग्लादेश बैंक के पूर्व गवर्नर अतीउर रहमान का नाम भी शामिल है। कोर्ट में पेशी के दौरान एसीसी ने तीन दिन की रिमांड की मांग की, जबकि बचाव पक्ष ने जमानत की याचिका दाखिल की। अदालत ने फिलहाल दोनों याचिकाओं पर कोई फैसला नहीं सुनाया और तब तक के लिए बरकत को जेल भेजने का आदेश दिया। अबुल बरकत ढाका कोर्ट में पेश हुए।

# ईरान ने 16 दिन में पांच लाख अफगानियों को निकाला

**तेहरान।** ईरान ने महज 16 दिनों में 5 लाख से ज्यादा अफगान नागरिकों को देश से बाहर निकाल दिया है। यह कार्रवाई 24 जून से 9 जुलाई के बीच हुई है। यानी हर दिन औसतन 30000 से ज्यादा अफगानों को देश से निकाला गया। संयुक्त राष्ट्र ने इसे दशक की सबसे बड़ी जबरन निकासी में से एक करार दिया है।

ईरान इजरायल के साथ तनावपूर्ण संघर्ष के बाद आंतरिक सुरक्षा का हवाला देकर प्रवासियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहा है। ईरान ने मार्च 2025 में ऐलान किया था कि अवैध रूप से रह रहे अफगान प्रवासी 6 जुलाई तक देश छोड़ दें, वरना उन्हें जबरन निकाला जाएगा। ईरान का

इजरायल से संघर्ष के बाद शरणार्थियों पर कार्रवाई तेज, जासूसी के आरोप भी लगाए

दावा है कि कुछ अफगान नागरिक इजरायल के लिए जास. ूसी कर रहे थे। हालांकि इस आरा. ेप के पुख्ता सबूत अब तक सामने नहीं आए हैं। ईरान का दावा है कि कुछ अफगान नागरिक इजरायल के लिए जासूसी कर रहे थे। हालांकि इस आरोप के पुख्ता सबूत अब तक सामने नहीं आए हैं। ईरान से निर्वासित हुए एक अफगान शरणार्थी बशीर ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि अधिकारियों ने उससे 17 हजार रुपये मांगे।



# सिद्धांत व तृप्ति की फिल्म धड़क 2 का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार सिद्धांत चतुर्वेदी-तृप्ति डिमरी की फिल्म धड़क 2 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। वर्ष 2018 में प्रदर्शित जान्हवी कपूर और ईशान खट्टर की फिल्म धड़क को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब फिल्म धड़क का सीक्वल धड़क 2 जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देने वाला है।

धड़क 2 की कहानी दो ऐसे प्यार करने वालों पर आधारित है, जिनके बीच सोशल स्टेटस की दीवार इतनी बड़ी होती है उनका अटूट प्यार भी उसे तोड़ नही पाता। ट्रेलर की शुरुआत निलेश (सिद्धांत चतुर्वेदी) और विधि (तृप्ति डिमरी) से होती है, जिनकी मुलाकात कॉलेज में होती है। दोनों एक ही क्लास में होते हैं, दोस्ती से शुरू हुआ उनका यह रिश्ता प्यार में बदल जाता है। शुरुआत में सब ठीक होता है, लेकिन जैसे ही विधि के परिवार को निलेश के बारे में पता चलता है तो तूफान आ जाता है। ऊंचे जाति की निधि का छोटे जाति वाले लड़के के साथ होना उनके परिवार को रास नही आता है। वो लोग निलेश को मारते हैं उसकी और उनके परिवार को अपमानित करते हैं। उस पर कीचड़ उछालते हैं। परिवार पूरी कोशिश करता है कि विधि, निलेश से दूर हो जाए, लेकिन वह उसका साथ छोड़ने के लिए तैयार नही है। धड़क 2 में तृप्ति डिमरी, सिद्धांत चतुर्वेदी, सौरभ सचदेव, मंजिरी पुपाला, विपिन शर्मा, दिशांक अरोड़ा जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में हैं। शाजिया इकबाल निर्देशित यह फिल्म एक अगस्त को रिलीज होगी।





## 18 को जी 5 और जी सिनेमा पर होगा संजय दत्त की फिल्म द भूतनी का प्रीमियर

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार संजय दत्त की फिल्म द भूतनी का प्रीमियर 18 जुलाई को जी 5 और जी सिनेमा पर होगा। सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट के दीपक मुकुट और थ्री डायमेंशन मोशन पिक्चर्स के संजय दत्त द्वारा प्रोड्यूस की गई फिल्म द भूतनी को सिद्धांत सचदेव ने लिखा और निर्देशित किया है। फिल्म, द भूतनी में संजय दत्त,मौनी रॉय, सनी सिंह और पलक तिवारी की अहम भूमिका है। जी 5 और जी सिनेमा पर 18 जुलाई को रात 8 फिल्म द भूतनी की स्ट्रीमिंग की जाएगी। संजय दत्त ने कहा, फिल्म द भूतनी का सफर सच में बेहद मज़ेदार और अनोखा रहा है, जो सही मायने में लीक से हटकर फिल्म है। बदकिस्मती से, रिलीज़ के दौरान इस फिल्म को सिनेमाघरों में पर्याप्त स्क्रीन नही मिल पाई, और यह हमारी उम्मीद से कम समय तक चली। कभी-कभी कुछ फिल्में शोर-शराबे में पीछे रह जाती हैं। पर यह फिल्म हमने बड़े प्यार और सच्ची लगन से बनाई है। हमें इसकी कहानी और उसके पीछे के जज्बातों पर पूरा भरोसा था। मुझे पूरी उम्मीद है कि जी5 और जी सिनेमा पर यह ध्लिम दर्शकों के दिलों को छू लेगी। मौनी रॉय ने कहा, द भूतनी में मोहब्बत के किरदार निभाने का अनुभव मेरे लिए सच में बड़ा रोमांचक था।सच में यह किरदार बेहद दिलचस्प होने के साथ रहस्यमई और काफी संजीदगी भरा भी है, जिसमें भावनाओं की कई परत दिखाई देती है। इस किरदार की गहराई को समझना मेरे लिए खुशी भरा अनुभव था।

## अव्यान में काम करती नजर आएंगी अनुष्का

**मुंबई।** अभिनेत्री अनुष्का कौशिक फिल्म अव्यान में काम करती नजर आएंगी। अनुष्का कौशिक, आज की युवा पीढ़ी की प्रतिभशाली अभिनेत्रियों में से एक बन चुकी हैं। लस्ट स्टोरीज 2 हो या पटना शुक्ला, घर वापसी हो या गर्मी, अनुष्का हर बार अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लेती हैं। अब इस प्रतिभाशाली अभिनेत्री का अगला पड़ाव है सुनील कोठारी की स्पिरिचुअल फिल्म अव्यान, जिसमें अनुष्का का लुक और किरदार दोनों ही एकदम हटके होने वाला है। अनुष्का ने कहा कि अव्यान का हिस्सा बनना मेरे लिए एक स्पिरिचुअल जर्नी जैसा रहा।कैसे यह कहानी रोजमर्रा की छोटी-छोटी बातों को गहराई से जोड़ती है, वो बहुत



खास है। बनारस जैसे शहर में शूट करना, उसकी एनर्जी और श्रद्धा के बीच काम करना वाकई विनम्र अनुभव था। मुझे गर्व है कि मैं एक ऐसी फिल्म का हिस्सा हूं जो हमारी संस्कृति को ईमानदारी और दिल से सेलिब्रेट करती है। सुनील कोठारी ने कहा, अनुष्का के अंदर एक सच्चाई है जो उनके हर किरदार में झलकती है।

## द्रौपदी मुर्मू ने देखी फिल्म तन्वी द ग्रेट

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के जाने-माने चरित्र अभिनेता और फिल्मकार अनुपम खेर का कहना है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का फिल्म तन्वी द ग्रेट देखना उनके लिए गर्व का पल है। फिल्म तन्वी द ग्रेट की खास स्क्रीनिंग शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में हुई। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ ही फिल्म की स्टारकास्ट भी शामिल हुई, जिनमें अनुपम खेर, बोमन ईरानी, करण टेकर और शुभांगी शामिल थे। अनुपम खेर ने फिल्म तन्वी द ग्रेट का निर्देशन करने के अलावा इसमें अभिनय भी किया है। अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम पर स्पेशल स्क्रीनिंग की फोटोज शेयर की। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, यह हमारे लिए गर्व का सबसे बड़ा पल था कि देश की राष्ट्रपति और भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर ने हमारी फिल्म देखी और अंत में उसकी सराहना की। यह एक सपना सच होने जैसा था। एक निर्देशक के तौर पर देश के सबसे बड़े पद से ऐसा समर्थन मिलना मेरे लिए सच में कुछ भी हो सकता है वाला पल है। बोमन ईरानी ने सोशल मीडिया पर लिखा, तन्वी द ग्रेट की टीम के लिए एक गर्वभरा और विनम्र करने वाला लम्हा जब देश की राष्ट्रपति ने हमारी फिल्म देखी और तारीफ की। यह बहुत ही खास और दुर्लभ मौका था, ऐसा मौका जो याद दिलाता है कि हम यह सब क्यों करते हैं। अनुपमखेर सर, हमें इस अनमोल सफर का हिस्सा बनाने के लिए धन्यवाद। फिल्म तन्वी द ग्रेट में शुभांगी दत्त मुख्य भूमिका में हैं, जबकि अनुपम खेर, जैकी श्रॉफ, बोमन ईरानी, पल्लवी जोशी, करण टैकर और इयान ग्लेन जैसे कलाकार अहम भूमिकाएं निभा रहे हैं। निर्देशन और कहानी अनुपम खेर की है। इस फिल्म का निर्माण अनुपम खेर स्टूडियोज ने एनएफडीसी (राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम) के साथ मिलकर किया है। यह फिल्म 18 जुलाई को रिलीज होगी।

### राष्ट्रपति के साथ तन्वी द ग्रेट देखना मेरे लिए सम्मान की बात थी: करण टैकर

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता करण टैकर का कहना है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ फिल्म तन्वी द ग्रेट देखना उनके लिए सम्मान की बात थी। फिल्म तन्वी द ग्रेट की खास स्क्रीनिग शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में हुई। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ ही फिल्म की स्टारकास्ट भी शामिल हुई, जिनमें अनुपम खेर, बोमन ईरानी, करण टेकर और शुभांगी शामिल थे। करन टैकर के लिए यह खास लम्हा था। करन टैकर ने कहा, अपने देश की राष्ट्रपति के साथ बैठकर अपनी फिल्म देखना एक बहुत ही बड़ा सम्मान था। उनकी सादगी, विनम्रता और फिल्म के लिए तारीफ़ मेरे लिए सबसे बड़ा तोहफ़ा है। वह पूरी फिल्म हमारे साथ बैठकर देख रही थी। यह एक ऐसा पल है जो मेरी यादों में हमेशा के लिए बस गया है। फिल्म तन्वी द ग्रेट में शुभांगी दत्त मुख्य भूमिका में हैं, जबकि अनुपम खेर, जैकी श्रॉफ, बोमन ईरानी, पल्लवी जोशी, करण टैकर और इयान ग्लेन जैसे कलाकार अहम भूमिकाएं निभा रहे हैं।

## सनी देओल ने फिल्म बॉर्डर 2 की शूटिंग पूरी की

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार सनी देओल ने अपनी आने वाली फिल्म बॉर्डर 2 की शूटिंग पूरी कर ली है। जेपी दत्ता निर्देशित वर्ष 1997 में प्रदर्शित फिल्म बार्डर में सनी देओल, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ और अक्षय खन्ना जैसे कलाकार अहम भूमिका में थे। अब फिल्म बॉर्डर का सीक्वल बनाया जा रहा है। फिल्म बार्डर 2 में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी की अहम भूमिका होगी। सनी देओल ने बार्डर 2 की शूटिंग पूरी कर ली है। सनी देओल ने सोशल मीडिया पर फिल्म बार्डर 2 का दमदार फर्स्ट लुक शेयर किया है। सनी देओल ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म बार्डर से अपना लुक शेयर किया। सनी देओल ने कैप्शन में लिखा, मिशन पूरा हुआ।

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782, 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट

## बैटल ऑफ गलवान का हिस्सा बनना बहुत खास: चित्रांगदा सिंह



**मुंबई।** अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह का कहना है कि फिल्म बैटल ऑफ गलवान का हिस्सा बनना उनके लिए बहुत खास है। सलमान खान की फिल्म बैटल ऑफ गलवान में चित्रांगदा सिंह को मुख्य अभिनेत्री के तौर पर चुना गया है। इस फिल्म का निर्देशन अपूर्व लाखिया कर रहे हैं। यह फिल्म 2020 में गलवान घाटी में हुए भारत-चीन की झड़प पर आधारित है। गलवान घाटी में भारत और चीन की सेनाओं के बीच एक खतरनाक झड़प हुई थी। 15 जून को हुई इस भिड़ंत में दोनों देशों के सैनिकों की जान गई थी। सलमान खान के साथ पहली बार स्क्रीन शेयर करने को लेकर चित्रांगदा सिंह ने कहा, बैटल ऑफ गलवान का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत खास है। कुछ साल पहले एक मराठी फिल्म क रीमेक में मैं सलमान सर के साथ काम करने वाली थी, जिसे महेश मांजरेकर निर्देशित कर रहे थे, लेकिन वह फिल्म कभी शुरू ही नहीं हो पाई। मुझे आज भी याद है, सलमान सर ने तब कहा था अगली बार साथ काम ज़रूर करेंगे और अब सालों बाद उन्होंने अपनी वही बात निभाई। जैसे वो कहते हैं एक बार मैंने कमिटमेंट कर दी, तो फिर मैं खुद की भी नहीं सुनता।

चित्रांगदा सिंह ने निर्देशक अपूर्व लाखिया की भी तारीफ की और कहा, वो चाहते तो किसी बड़े स्टार को भी कास्ट कर सकते थे, लेकिन उन्होंने मुझ पर भरोसा जताया। मैं उनकी इस आस्था की बहुत कद्र करती हूं और मुझे गर्व है कि मैं बैटल ऑफ गलवान जैसी अहम और दमदार कहानी का हिस्सा हूं। चित्रांगदा के लिए यह रोल बहुत खास है। उनके पिता सेना में कर्नल थे और अब रिटायर हो चुके हैं। वह बचपन से ही बहादुरी, देश के लिए कुर्बानी और देशभक्ति की कहानियां सुनते हुए बड़ी हुई हैं।

आवश्यकता है हॉलैंड की प्रसिद्ध कंपनी
साऊदी अरब के लिए आवश्यकता है
श्रम-वेतन-1000 साऊदी रियाल, आयु - 21 से 28 वर्ष, ड्यूटी - 10 घंटे, सप्ताह में 6 दिन
केवल मुस्लिम उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं
नि:शुल्क भर्ती, ट्रांसपोर्ट फ्री, रहना व खाना फ्री
इच्छुक उम्मीदवार पासपोर्ट, फोटोग्राफ लेकर निम्न पते पर मिलें
दिल्ली: अम्बे कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, ए-3 ब्लॉक सी कम्यूनिटी सेंटर नारायण बिहार नई दिल्ली 011-45661111, 9910043893
चंडीगढ :- अम्बे कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड एससीओ 15, सेक्टर 20डी (लेबर चौंक) चंडीगढ M:73558-48978

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस करें
एडमिशन के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
M.B.B.S ABROAD
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313, 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज). वीजा एक्सटेंशन. इंश्योरेंस. मेडिकल. ट्रांसपोर्टेशन. लॉन्डरी. एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)